# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 163 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




गिरिडीह में प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रभात फ़ेरी निकाली गई

## संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़ के दौरान फरार आकाश सिंह गिरफ्तार

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह स्थित टाटा स्टील के खाली पड़े क्वार्टर (के-2/74) में हुई मुठभेड़ के दौरान फरार आरोपी आकाश सिंह उर्फ लालू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सीतारामडेरा स्लैग रोड पर घेराबंदी कर टेल्को लक्ष्मीनगर निवासी आकाश को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने मुठभेड़ में घायल रवि महानंद उर्फ गोपला के साथ कई आपराधिक वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की। रवि महानंद एमजीएम अस्पताल में इलाजरत है।

### चलती बाइक पर पेड़ गिरा, चालक की मौत

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक चलती बाइक पर पेड़ की डाल गिरने से 32 वर्षीय चालक सुरेंद्र मेहता की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना कुकही गांव से जपला रेलवे स्टेशन जाते समय हुई। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र मेहता अपने पिता सुरेश मेहता और माता कमला देवी के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर जपला रेलवे स्टेशन जा रहे थे। उन्हें बरवाडीह-डिहरी पैसेंजर ट्रेन पकड़कर डिहरी ऑन-सोन जाना था।

### करंट की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के रूपायडीह गांव में गुरुवार सुबह एक बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई। मृतका 8 वर्षीय निधि कुमारी, संजय यादव की बेटी थी, जो घर की छत पर नहाने गई थी। निधि अपने घर की छत पर नहा रही थी। दीपावली और छठ पर्व के लिए घर को सजाने के लिए चाइनीज लाइटें लगाई गई थीं, जो उस समय जल रही थीं। नहाते समय पानी का संपर्क इन लाइट से हो गया जिससे निधि को जोरदार बिजली का झटका लगा और वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़ी। आनन-फानन में परिजन उसे सदर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दादी को बचाने में भाई-बहन की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के जमीरा पंचायत के महुआमिलान गांव के लोहसेमना टोला स्थित डेंगा तालाब में नहाने के दौरान दादी के साथ गए पोता-पोती की डूबने से मौत हो गई। जबकि दादी गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृत बच्चों की पहचान सुशांत प्रजापति (5) और छोटी कुमारी (8) के रूप में हुई है। दोनों धर्मपाल प्रजापति के बच्चे हैं। बच्चों की दादी तेतरी देवी (65) गंभीर रूप से घायल है। परिजनों ने बताया कि तीनों नहाने के लिए गांव के पास स्थित तालाब गए थे। नहाने के दौरान वृद्ध तेतरी देवी अचानक गहरे पानी में फिसलकर डूबने लगीं। दादी को बचाने के लिए दोनों बच्चे भी तालाब में कूद पड़े लेकिन पानी की गहराई अधिक होने के कारण दोनों बच्चे डूब गए।

# 2008 से बिना लाइसेंस चल रहा चाईबासा ब्लड बैंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा सदर अस्पताल से बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। यहां थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों में एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई है। घटना ने पूरे स्वास्थ्य महकमे को हिलाकर रख दिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि अस्पताल का ब्लड बैंक 2008 से या यूं कहे कि 17 सालों से बिना वैध लाइसेंस के ही संचालित हो रहा था, इस गंभीर खुलासे के बाद सरकार ने छह सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति गठित कर पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं इस मामले में प्रभारी सिविल सर्जन भारती मिंज ने बताया कि ब्लड बैंक के लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया चल रही है। गौरतलब हो कि चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने की घटना ने झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छह सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति को ब्लड बैंक और उससे जुड़े सभी संस्थानों में रक्त संग्रहण, परीक्षण, भंडारण और वितरण की प्रक्रिया की गहन जांच का जिम्मा सौंपा गया है। विशेष सचिव डॉ नेहा अरोड़ा के नेतृत्व में बनी छह सदस्यीय टीम बुधवार को




चाईबासा सदर अस्पताल पहुंची और ब्लड बैंक की पूरी प्रक्रिया, रिकॉर्ड और सुविधाओं की गहनता से जांच की। समिति को सात दिनों के भीतर राज्य सरकार को विस्तृत रिपोर्ट सौंपनी है। नियमों के अनुसार किसी भी ब्लड बैंक को संचालन के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति और ड्रग्स कंट्रोलर से अनुमोदन लेना अनिवार्य है लेकिन चाईबासा ब्लड बैंक का लाइसेंस 2008 के बाद से नवीनीकृत ही नहीं हुआ है। बावजूद इसके यहां नियमित रूप से रक्त संग्रहण और वितरण का कार्य चलता रहा। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि बिना लाइसेंस संचालित ब्लड बैंक, गंभीर जोखिम पैदा करते हैं और मरीजों के जीवन को खतरे में डालते हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि ब्लड बैंक के नियमों की अनदेखी केवल कानूनी अपराध नहीं बल्कि बच्चों और मरीजों की सुरक्षा के साथ घोर खिलवाड़ है। अब सबकी निगाहें जांच समिति की रिपोर्ट और सरकार द्वारा उठाए जाने वाले सख्त कदमों पर टिकी हैं। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को संक्रमित ब्लड चढ़ाने के गंभीर मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्रवाई करने का निर्देश दिए थे। इस मामले में पश्चिमी सिंहभूम के सिविल सर्जन सुशांतो कुमार मांझी समेत दूसरे संबंधित पदाधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश देते हुए पीड़ित बच्चों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने को कहा है।

### रांची में भीषण सड़क हादसा

# रैली में जा रहे लोगों से भरा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत, 23 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची-टाटा नेशनल हाईवे-33 पर यात्रियों से भरा सवारी वाहन पलट गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि लगभग 23 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना बुंडू थाना क्षेत्र के गोसाईंडीह के पास हुई। सभी लोग अड़की के बिरड़ीह गांव से बुंडू के ताऊ मैदान में आयोजित आदिवासी जनाक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे थे। एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने बताया कि चार लोगों की मौत हुई है। हादसे में 23 यात्री जख्मी हुए हैं। इनमें से 15 को रिम्स रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सवारी वाहन टाटा से रांची की ओर आ रही एक बस को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान अचानक सवारी वाहन का अगला टायर ब्लास्ट हो गया। तेज गति में होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर बस



को हल्की टक्कर मारते हुए सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। सूचना मिलने के बाद बुंडू एसडीपीओ ओमप्रकाश, एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा, थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा और दशम फॉल थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की सहायता से बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। वहीं गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। एसडीएम ने स्वीकार किया कि सवारी गाड़ी ओवर लोड थी। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि ओवरलोड वाली गाड़ियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए बुंडू ताऊ मैदान में आयोजित आदिवासी जनाक्रोश रैली को स्थगित कर दिया गया है। मृतकों की पहचान और घायलों की स्थिति की पुष्टि के लिए प्रशासन जांच में जुटा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सवारी वाहन में महिलाएं, पुरुष और युवा सभी शामिल थे, जो रैली में हिस्सा लेने जा रहे थे। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# तालाब में डूबने से एक ही परिवार की चार बच्चियों की मौत

**नवीन सिन्हा/नबिटा ब्यूरो**

**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखंड के शाहपुर पंचायत अंतर्गत झरदाग गांव में मंगलवार को हुई दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। एक ही परिवार की चार मासूम बच्चियां रिकी कुमारी (16), रिया कुमारी (14), साक्षी उर्फ आंचल कुमारी (16) और पूजा कुमारी (20) तालाब में डूबकर असमय इस दुनिया को अलविदा कह गईं। समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने घटना स्थल पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। मां उषा देवी की आंखों का दर्द और पीड़ा शब्दों में बयान करना मुश्किल है। यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदना का क्षण बन गया है। परिवार की चार बेटियों का एक साथ चले जाना पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो गया है। हर आंख नम है, हर दिल व्यथित। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। ईश्वर से प्रार्थना है कि चारों बच्चियों की आत्मा को शांति मिले और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान हो।

### दुकान का शटर काटकर 50 लाख का जेवरात उड़ाया

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी दुकान का शटर काटकर 50 लाख रुपये के आभूषण चोरी हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी जानकारियों की जांच कर रही है। मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जिले के पांडू थाना क्षेत्र के बाजार स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक ओम प्रकाश साहू ने पुलिस को बताया कि बुधवार शाम को वह हमेशा की तरह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। गुरुवार सुबह उन्होंने देखा कि उनकी दुकान का शटर टूटा हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर जब वह दुकान पर वापस लौटे तो देखा कि शटर के साथ-साथ तिजोरी भी टूटी हुई थी।

# दो वाहनों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के लोअर बाजार इलाके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है। एक बड़े ट्रक और एक छोटे वाहन में भरे प्रतिबंधित मांस को रांची पुलिस ने जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को भी गिरफ्तार किया है। रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र से 25 क्विंटल से ज्यादा प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है। रांची एसएसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांस एकत्र किया गया है जिसे एक बड़े ट्रक और एक छोटे वाहन में लोड कर राज्य से बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना पुख्ता होने पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें लोअर बाजार थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। जांच के दौरान रांची के खेलगांव के पास एक ट्रक पकड़ा गया जिसमें प्रतिबंधित मांस भरा हुआ था। मौके से दो लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों ने बताया कि प्रतिबंधित मांस रांची के लोअर बाजार से लाया जा रहा था। जिसके बाद पुलिस की टीम द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए लोअर बाजार इलाके में अचानक छापेमारी की गई तब मौके पर ही दो और लोगों को पकड़ा गया, जो प्रतिबंधित मांस को ट्रक पर लोड कर रहे थे। तलाशी के क्रम में वाहनों में भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है। चार आरोपियों के पकड़े जाने और प्रतिबंधित मांस को जब्त करने के बाद पुलिस के द्वारा वेटनरी डॉक्टरों को जांच के लिए मौके पर बुलाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों द्वारा प्रतिबंधित मांस होने की पुष्टि पाई गई। जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित मांस को रांची में ही इकट्ठा किया गया था। दोनों वाहनों के माध्यम से प्रतिबंधित मांस को राज्य से बाहर भेजा जाना था लेकिन उससे पहले ही पुलिस को ये जानकारी मिल गई।

# छठ घाट से अपहृत किशोर की हत्या मामले का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोची स्थित छठ घाट से 14 वर्षीय नाबालिग के अपहरण और हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। नाबालिग की हत्या उसके चचेरे बहनोई और चचेरे भाई ने मिलकर की थी। अपह1त पंकज कुमार यादव ने अपने चचेरे बहनोई को एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था जबकि उसके चचेरे भाई के साथ उसका जमीन विवाद चल रहा था। चचेरे बहनोई अमित यादव को डर था कि पंकज यादव पूरे गांव और ससुराल वालों को इस मामले के बारे में बता देगा जबकि चचेरा भाई संदीप यादव जमीन विवाद का बदला लेना चाहता था। इसके बाद अमित यादव ने नाबालिग पंकज यादव की हत्या की योजना बनाई। वहीं संदीप यादव के साथ मिलकर छठ घाट से अपहरण की योजना भी बनाई। अपहरण के बाद दोनों ने पंकज यादव की गला दबाकर हत्या



कर दी और शव को नहर में फेंक दिया। तकनीकी जांच और कई अन्य बिंदुओं पर पूछताछ के बाद पुलिस ने पलामू के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के तितलंगी निवासी अमित यादव और संदीप यादव को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर शव भी बरामद कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि अमित यादव का एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था और पंकज यादव ने उसे देख लिया था। उसका चचेरा भाई संदीप यादव जमीन विवाद का बदला लेना चाहता था। दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची। एसपी ने बताया कि पंकज यादव की गला घोंटकर हत्या की गई। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक और चार मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। मामले की जांच सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, उपनिरीक्षक ददन राम गोंड, सहायक उपनिरीक्षक सुबोध कुमार और सुधीर कुमार कर रहे थे।

### धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दस लोग हिरासत में

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ग्रामीण इलाके के भोले भाले लोगों को झांसा देकर धर्म परिवर्तन करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। रंका थाना पुलिस ने कुल 10 लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें 6 पुरूष और 4 महिलाएं शामिल हैं। इसमें पुलिस ने एक ऐसे शख्स को पकड़ा है, जो ओडिशा के रायगढ़ जिले का रहने वाला है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल पकड़ गए आरोपियों पर कई लोगों पर धर्मांतरण का आरोप है। जानकारी के मुताबिक रंका शहर से सटे सुकुडीह टोले में एक स्थानीय शख्स के घर पर उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। इसके बाद एक संगठन और स्थानीय लोगों ने इस बारे में पुलिस को जानकारी दी जिसके बाद रंका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाने में पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है। वहीं स्थानीय लोग पूरे मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पकड़े गए लोगों में एक शख्स ओडिशा के रायगढ़ का रहने वाला है।

# झारखंड में एसआइआर की तैयारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी इत्र्स्ट कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो चुकी है। सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर और हेल्प डेस्क मैनेजर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गहन पुनरीक्षण के क्रम में 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की 'पैतृक मैपिंग' का कार्य किया जाना है। इस दौरान मतदाताओं को कई सुविधाएं मुहैया कराने की तैयारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने तैयारियों की समीक्षा के दौरान कई निर्देश और सुझाव दिए हैं। सीईओ ने इस बात पर जोर दिया है कि गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को कम से कम दस्तावेज समर्पित करने पड़े, इसके लिए 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की 'पैतृक मैपिंग' का कार्य तेजी से करना है। इसको लेकर सीईओ के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर और हेल्प डेस्क मैनेजर के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मैपिंग के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने को कहा है। निर्देश दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पंचायत स्तर पर और शहरी क्षेत्रों में सभी वार्ड स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएं। इन कैंपों में संबंधित मतदान केंद्रों के सभी बूथ लेवल ऑफिसर यानी बीएलओ अनिवार्य रूप से शामिल हो। बीएलओ द्वारा 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं को श्रेणीवार अधिकतम भौतिक रूप से मैप किया जाना है। उन्होंने कहा कि भौतिक रूप से सत्यापित किए गए सभी श्रेणी के मतदाताओं का विवरण बीएलओ ऐप पर शत प्रतिशत दर्ज किया जाए और डिजिटल मैपिंग सुनिश्चित की जाए ताकि गहन पुनरीक्षण के कार्य के लिए त्रुटिरहित डेटा उपलब्ध हो सके।

# युवाओं के लिए खास होगा झारखंड का स्थापना दिवस

## आयोजित होंगे कई कार्यक्रम, बंटेंगे हजारों नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बिहार से अलग होकर 15 नवंबर 2000 को देश के 28वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया झारखंड अपने स्थापना का 25 साल पूरा करने जा रहा है। इस मौके को खास बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। राज्य सरकार स्थापना सप्ताह के जरिए कई कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राजकीय समारोह के रूप में 15-16 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत राज्य स्थापना दिवस और हेमंत सरकार के इस कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। नवंबर महीने में राज्य में नौकरियों की बहार होगी। राज्य स्थापना दिवस और वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। श्रम एवं नियोजन विभाग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित रोजगार मेला के माध्यम से जहां युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे, वहीं जेपीएससी-जेएसएससी के द्वारा चयनित करीब 10 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहायक आचार्य के साथ-साथ जेपीएससी द्वारा चयनित 342 सिविल सेवा के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस संबंध में श्रम विभाग के संयुक्त निदेशक निशिकांत मिश्र कहते हैं कि स्थापना दिवस को लेकर सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार कार्य किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा वैसे तो सालों भर रोजगार मेला और भर्ती कैंप आयोजित किए जाते हैं लेकिन खास मौके पर खास रूप से तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस साल राज्य में अब तक 170 रोजगार मेला/भर्ती कैंप लगाए गए हैं जिसमें लगभग 7000 युवाओं को रोजगार मिला है। बहरहाल रजत वर्ष में स्थापना दिवस को खास मनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। राज्य सरकार के आला अधिकारी लगातार विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।


बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com


C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### मंटून चौधरी हत्याकांड:शिवनंदनपुर में पत्नी की शिकायत पर 5 लोगों पर केस दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के शिवनंदनपुर में दो दिन पूर्व हुई मंटून चौधरी की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मृतक की पत्नी मीता देवी के आवेदन पर पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है, जिसमें मुख्य आरोपी राम जन्म सहनी को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने स्वर्गीय दयाराम साहनी के पुत्र राम जन्म सहनी को मुख्य अभियुक्त बनाया है। अन्य चार अभियुक्त भी गांव के ही निवासी हैं। पुलिस ने पांच नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतक की पत्नी मीता देवी ने अपने आवेदन में बताया है कि उनके पति बांध पर बैठे हुए थे। इसी दौरान एक बाइक और एक स्कूटी पर सवार होकर 5 से 6 अपराधी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब उनके पति ने इसका विरोध किया, तो राम जन्म सहनी ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में मंटून चौधरी को चार गोलियां लगीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने राम जन्म सहनी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। हालांकि, अन्य चार-पांच अपराधी फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। कल्याणपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पत्नी के आवेदन के आधार पर पांच नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है और फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत:भागलपुर-दुमका मार्ग दो घंटे जाम, ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग पर बुधवार दोपहर मखना के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बदलूचक हबीबपुर निवासी 50 वर्षीय बीवी शबनम की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दो घंटे तक हंगामा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बीवी शबनम अपने ससुराल बदलूचक हबीबपुर से मायके दोगंच्छी जा रही थीं। तभी सामने से आ रहे एक ओवरलोडेड सीमेंट ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने भागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग दो घंटे तक सड़क पर हंगामा और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर डीएसपी विधि व्यवस्था नवनीत कुमार, इंस्पेक्टर गोपाल कुमार सिंह, जगदीशपुर थानाध्यक्ष अभय शंकर, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार और राजस्व अधिकारी अमर शर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अभय शंकर ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश जारी है। मृतका बीवी शबनम अपने पीछे पांच बेटियां और दो बेटे छोड़ गई हैं। गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतका के परिजनों को मुआवजा देने और सड़क पर ट्रैक्टरों के अंधाधुंध संचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

### नहाने के दौरान 12 वर्षीय बालक डूबा, मौत, छपरा में छठ मनाने आया था ननिहाल

**छपरा, सारण, एजेंसी।** छपरा के सोनार पट्टी छठ घाट पर मंगलवार सुबह स्नान के दौरान 12 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। काफी खोजबीन के बाद उसका शव घटनास्थल से करीब 700 मीटर दूर गहरे पानी से बरामद किया गया। मृतक की पहचान गढ़खा थाना क्षेत्र के सरगट्टी गांव निवासी हरिचरण शाह के बेटे आयुष कुमार के रूप में हुई है। आयुष अपने ननिहाल साहिबगंज आया हुआ था और परिजनों के साथ छठ पूजा में शामिल होने घाट पर गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आयुष अपनी मां और अन्य रिश्तेदारों के साथ घाट पर स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह तेज धारा में बहते हुए अचानक गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया। घाट पर मौजूद महिलाओं और परिजनों ने उसे बचाने की कोशिश की। कुछ महिलाओं ने अपनी साड़ियां फेंककर उसे खींचने का प्रयास किया, लेकिन तेज धारा और डीजे की तेज आवाज के कारण समय पर कोई मदद नहीं पहुंच सकी।
बालक के डूबने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की। लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आयुष का शव घटनास्थल से करीब 700 मीटर दूर गहरे पानी में मिला। शव मिलते ही पूरे इलाके में मातम छा गया। छठ व्रत कर रही आयुष की मां अपने पुत्र की मौत की खबर सुनकर बेसुध हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से आयुष को तुरंत छपरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# 'छठ करने वालों को राहुल गांधी ने कहा नौटंकी',

## अमित शाह बोले- इटली तक पहुंचेगा ईवीएम का करंट



**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय में आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने छठ मइया का अपमान किया है और अब जनता उन्हें जवाब देगी। उन्होंने कहा, राहुल बाबा ने बिहार आकर कहा कि छठ करने वाले नौटंकी करते हैं। राहुल के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आप और आपकी मां कभी छठ के महत्व को समझ नहीं पाएंगी।

**मोदी जी का अपमान किया:** शाह ने कहा कि राहुल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी अपमान किया। जब भी बार कांग्रेस और इसके नेताओं ने मोदी जी का अपमान किया, कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

शाह ने व्यंग्य करते हुए कहा, आप यहां ईवीएम का बटन दबाएं, ताकि उसका करंट इटली तक पहुंचे। गृह मंत्री ने कहा कि लालू-सोनिया की सरकार आतंकवाद के प्रति नरम रवैया अपनाती थी, जबकि मोदी सरकार ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मारा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल विधायक नहीं, बल्कि विकसित बिहार के भविष्य के लिए वोट करें।

**नीतीश कुमार ने विकास की दिशा में कदम बढ़ाया :** अमित शाह ने कहा कि लखीसराय का सिंदूर माताओं-बहनों के भाग्य की निशानी है और प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्तर पर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने याद दिलाया कि 2005 से पहले बिहार जंगलराज में था, पर नीतीश कुमार ने विकास की दिशा में कदम बढ़ाया।

शाह ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वे घुसपैठिया बचाओ कार्यक्रम चला रहे हैं, जबकि भाजपा चुन-चुनकर घुसपैठिए को देश से बाहर करेगी। घुसपैठिये भारत का खाते हैं और देश विरोधी कृत्य में शामिल रहते हैं।

उन्होंने कहा, मोदी जी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनवाया, अब पुनौरा धाम में माता सीता का भव्य मंदिर भी बन रहा है। सीतामढ़ी से अयोध्या के लिए ट्रेन भी चलेगी।

# तेजस्वी बोले- मेरी परछाई भी गलत करेगी तो सजा मिलेगी



**समस्तीपुर, एजेंसी।** महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव मुकेश सहनी के साथ 11.45 बजे समस्तीपुर के सरायगंज पहुंचे। वहां उन्होंने कहा कि, अब ऊपर वाले का भी आशीर्वाद मिलने लगा है। बारिश होना शुभ संकेत है। 2020 में अरविंद सहनी जीत गए थे, बेईमानी से हरा दिया गया था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। सरायरंजन की जनता से ये कहने आया हूं कि, तेजस्वी यादव को आपलोग एक मौका दीजिए, ऐसा होगा तो नौकरी पक्का होगा, आपकी उम्मीदों को छक्का लगेगा। यहां के सांसद, विधायक एनडीए का, सरकार एनडीए की लेकिन सरायरंजन की जनता की बेरोजगारी खत्म नहीं हुई। कोई यूनिवर्सिटी, स्कूल, अस्पताल, इंडस्ट्री, फैक्ट्री नहीं खुला। पलायन और बेरोजगारी खत्म नहीं हुई। थाना ब्लॉक में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता है। ।

मेरी सरकार बनी तो हर हाथ को काम मिलेगा। अपराधियों को जेल के अंदर डाला जाएगा। तेजस्वी के स्वभाव को सब जानते हैं, अपराध कोई करे और जेल जाएगा। जिस परिवार के पास सरकारी नौकरी नहीं है, मेरी सरकार बनने के बाद मैं उस घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देगा।

तेजस्वी यादव हर हाथ रोजगार देगा, किसानों की आय को दोगुना करेगा, भ्रष्टाचार खत्म होगा, अफसरशाही खत्म होगा। अपराधियों को जेल होगी। चाहे अपना हो या फिर बाहर का हो, अपराधियों को जेल भेजा जाएगा। तेजस्वी की परछाई भी अपराध करेगा, तो उसे भी तेजस्वी यादव जेल भेज देगा। तेजस्वी सभी जात के लोगों को आगे बढ़ाएगा। भाजपा के लोग सिर्फ हिंदू मुसलमान करते रहते हैं।

तेजस्वी ने कहा कि, सरकार बनने पर जिसके घर सरकारी नौकरी नहीं है, उसके घर एक शख्स को सरकारी नौकरी दी जाएगी। तेजस्वी की उम्र भले कच्ची है, लेकिन इरादा पक्का है। उन्होंने कहा कि एनडीए हमारी योजनाओं का नकल करती है। 20 साल में पेंशन राशि को एक रुपए नहीं बढ़ाया, लेकिन मेरी नकल करके 400 रुपए बढ़ाकर 1100 कर दिया। मैंने 200 यूनिट बिजली फ्री करने की बात कही, तो इन्होंने 125 यूनिट बिजली फ्री कर दी।

मुकेश सहनी ने कहा कि, बिहार बदलाव के लिए तैयार है। बिहार में 20 साल से नीतीश सरकार चल रही है। वो अब स्वस्थ्य नहीं है। बिहार की सरकार दिल्ली से चल रही है। दिल्ली की सरकार चाहती है कि बिहार की युवा दूसरे प्रदेश में जाकर काम करें। बिहारी के लोगों को आगे बढ़ाइए, गुजराती को नहीं।

## शाहीन राइन को आजीवन कारावास : 2019 में हुई हत्या, कोर्ट ने जुर्माना लगाया



**कैमूर, एजेंसी।** कैमूर जिले के भभुआ शहर के चर्चित माधव सिंह हत्याकांड में बुधवार को विशेष न्यायाधीश उत्पादक कोर्ट-एक ने अपना अहम फैसला सुनाया। करीब पांच साल पुराने इस मामले में मुख्य आरोपी शाहीन राइन को आजीवन कारावास की सजा दी गई है। साथ ही विभिन्न धाराओं में कुल 50 हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है।


**अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों पर अदालत का भरोसा :** विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) उद्यम नारायण सिंह ने बताया कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर घटना पूरी तरह साबित हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने शाहीन राइन को दोषी करार देते हुए कठोर सजा सुनाई।

**न देने पर तीन महीने की अतिरिक्त सजा :** एसपीपी उधम नारायण सिंह ने बताया, अदालत ने शाहीन राइन को उम्रकैद की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यदि वह यह जुर्माना नहीं भरता है, तो उसे तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

कोर्ट ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मृतक माधव सिंह की पत्नी को 30 हजार रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।

गौरतलब है कि यह जघन्य हत्याकांड 2 अक्टूबर 2019 को हुआ था। भभुआ शहर के आज़ाद नगर स्थित शिव मंदिर के पास दिनदहाड़े माधव सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस जांच में इस हत्याकांड में शाहीन राइन और विष्णु शंकर तिवारी की संलिप्तता सामने आई थी। लंबे ट्रायल के बाद शाहीन राइन को अब सजा मिल गई है, जबकि विष्णु शंकर तिवारी का मामला अभी विचाराधीन है।

## भारत-नेपाल सीमा पर दक्षिण अमेरिकी नागरिक हिरासत में नेपाल घूमने आया ऑस्कर अगास्टो, स्थानीय युवक भी पकड़ा



**बेतिया, एजेंसी।** पश्चिम चंपारण जिले के मैनाटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनौली गांव के पास स्थित एसएसबी आउट पोस्ट के जवानों ने बुधवार दोपहर चेकिंग के दौरान एक विदेशी नागरिक को पकड़ा है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान साउथ अमेरिका के नागरिक आस्कर अगास्टो के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, एसएसबी जवानों ने बभनौली आउट पोस्ट पर चेकिंग के दौरान एक अपाची बाइक को रोका, जिस पर दो व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में एक युवक के विदेशी होने की पुष्टि हुई। एसएसबी जवानों ने तत्काल उसे हिरासत में लेकर जांच शुरू की।

एसआई (जीडी) राजकुमार ने बताया कि आवश्यक औपचारिकताओं के बाद आस्कर अगास्टो को वरीय अधिकारियों के पास भेजा जा रहा है ताकि मामले की गहन जांच की जा सके। कार्रवाई के दौरान जवानों ने उस व्यक्ति को भी पकड़ा जो विदेशी को नेपाल पहुंचाने की कोशिश कर रहा था। उसकी पहचान बस्ठा गांव निवासी मिस्टर मियां के रूप में हुई है। एसएसबी सूत्रों के अनुसार, आस्कर अगास्टो एक महीने के वीजा पर साउथ अमेरिका से नेपाल घूमने आया था। बुधवार सुबह वीरगंज में किसी व्यक्ति ने उसे 500 डॉलर के लालच में भारत की सीमा पार कर मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के बसंतपुर इलाके तक छोड़ दिया।

मैनाटांड़ क्षेत्र में घूमते हुए आस्कर की मुलाकात बस्ठा गांव के मिस्टर मियां से हुई। उसने मियां से कहा, प्लीज हेल्प मी, मुझे नेपाल पहुंचा दो, और इसके बदले 100 रुपये देने की बात कही। मियां ने अपने अपाची बाइक पर बैठाकर उसे नेपाल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन बभनौली एसएसबी आउट पोस्ट पर जवानों ने उन्हें रोक लिया।

एसएसबी ने आस्कर का पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों की जांच की। प्रारंभिक जांच के बाद एसआई राजकुमार ने मामले की सूचना वरीय अधिकारियों को दी, जिसके बाद विदेशी नागरिक को आगे की कार्रवाई के लिए मुख्यालय भेज दिया गया है। एसआई राजकुमार ने कहा, मामले की जांच वरीय अधिकारी कर रहे हैं, वही आगे की कार्रवाई का निर्णय लेंगे।

# मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने दो लड़कों को कुचला




**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र स्थित दिघरा नहर के पास एनएच-28 पर बुधवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगने के बाद एक युवक का शव करीब 20 मीटर तक सड़क पर घसीट गया, जबकि दूसरे युवक का शव ट्रक के पिछले पहिए में फंस गया। ट्रक कुछ दूरी तक घसीटते हुए रुका, लेकिन इस दौरान दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। घटना के बाद चालक और खलासी ट्रक को सड़क किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गए।

**गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम :** घटना की सूचना फैलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने एनएच-28 को जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। जाम के कारण एनएच पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

स्थिति तनावपूर्ण हो गई।सूचना मिलते ही सदर थानेदार अस्मित कुमार और अपर थानेदार राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और किसी तरह जाम हटवाया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर भेज दिया।

**ओवरटेक करने के चक्कर में हुई बड़ी दुर्घटना :** मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि यह हादसा ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ। बताया गया कि बाइक सवार युवक सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में संतुलन खो बैठे, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

**शव निकालने में करनी पड़ी भारी मशक्कत :** हादसे के बाद ट्रक के पिछले पहिए में फंसे एक युवक के शव को निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटनास्थल पर चारों ओर खून फैल गया था। हादसे के दृश्य को देखकर लोग सहम उठे। कई लोगों की आंखों से आंसू निकल आए।

**पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए शव, पहचान की प्रक्रिया जारी :** पुलिस ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया है। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने मौके से ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक-खलासी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सदर थानेदार अस्मित कुमार ने बताया, यह एक बेहद दर्दनाक हादसा है। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक-खलासी की तलाश की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## बगहा में बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत: खेत जाते समय हुआ हादसा, परिवार पर आर्थिक संकट

**बगहा, एजेंसी।** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत धनहा थाना क्षेत्र के देवीपुर बाजार गांव में बुधवार को हुए सड़क हादसे में 50 वर्षीय प्रभु चौधरी की मौत हो गई। हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार, प्रभु चौधरी सुबह अपने खेत की ओर जा रहे थे। देवीपुर गांव से करीब 50 मीटर आगे बढ़ने पर सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक पर प्रमोद राम और उसका साढ़ू मनोज राम सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रभु सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

इलाज के दौरान रास्ते में हुई मौत

घटना के बाद स्वजन आनन-फानन में प्रभु को इलाज के लिए यूपी के पडरौना अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में ही प्रभु ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने शव को गांव लाकर अंतिम दर्शन के लिए रखा, जिसके बाद पूरे देवीपुर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर धनहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**मजदूरी कर परिवार चलाते थे प्रभु चौधरी :** प्रभु की शादी खोतहवा पंचायत के समसेरवा गांव की राजवती देवी से हुई थी। वे अपने पीछे पत्नी, दो बेटे और तीन बेटियां छोड़ गए हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि चार बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। परिवार की आजीविका पूरी तरह प्रभु पर निर्भर थी। उनकी मौत से घर में आर्थिक संकट गहरा गया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि बाइक की टक्कर से प्रभु चौधरी की मौत हुई है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सीएम नीतीश कुमार ने बताया- कहां से कहां पहुंचा बिहार और कैसे?

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सीएम नीतीश कुमार काफी एक्टिव मोड में हैं। इस दौरान उन्होंने जनता को बताया कि बिहार में विकास कहां-कहां और कैसे पहुंचा है। सीएम नीतीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2005 से पहले बिहार हर क्षेत्र में पिछड़ गया था। विकास के कार्य पूरी तरह से ठप पड़ गए थे। आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए कोई काम नहीं होता था। नये भवनों का निर्माण तो दूर की बात थी, पहले से बने भवनों का रखरखाव और जीर्णोद्धार तक नहीं हो पाता था। उबड़-खाबड़ और टूटी-फूटी सड़कें बिहार के पिछड़ापन की पहचान बन गयी थीं। इतनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत वाला राज्य पूरी दुनिया में उपहास का पात्र बन गया था। राज्य के बाहर लोग अपनी पहचान छिपाते थे, क्योंकि उस वक्त बिहारी कहलाना अपमान का विषय हो गया था। देश के अन्य राज्यों के लोग बिहार को हेय दृष्टि से देखते थे। वर्ष 2005 में राज्य में नयी सरकार के गठन के बाद आधारभूत संरचनाओं के विकास के क्षेत्र में कई अभूतपूर्व कार्य किये गये। राज्य में नये भवनों के निर्माण के साथ-साथ ऐतिहासिक भवनों और पर्यटन स्थलों के विकास पर जोर दिया गया। राज्य में कई विश्वस्तरीय आधुनिक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया गया, जिसकी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना भी हुई। इन परियोजनाओं के निर्माण से राज्य के लोगों को काफी फायदा हुआ है तथा राज्य की छवि बेहतर हुई है।

उन्होंने बताया कि बीते 20 वर्षों में राज्य में कई विश्वस्तरीय पथों का निर्माण कराया गया, जबकि कई एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य जारी है। इसमें जे0पी0 गंगा पथ, अटल पथ, पाटलि पथ, बिहटा-सरमेरा पथ, मीठापुर-महुली पथ, लोहिया पथ चक्र, बख्तियारपुर-रजौली पथ, पटना-गया-डोभी पटना-मुजफ्फरपुर फोर लेन, पटना-बख्तियारपुर-मोकामा पथ तथा ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर प्रमुख हैं। वाराणसी कोलकाता



एक्सप्रेस-वे, आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे, पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे और रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेस-वे का कार्य निर्माणाधीन है, जिसे तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। इन एक्सप्रेस-वे और हाई स्पीड कॉरिडोर के बनने से राज्य में न सिर्फ आवागमन बेहद सुगम हो गया है बल्कि राज्य में आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आयी है। राज्य का तीव्र गति से विकास हो रहा है और लोगों की आमदनी बढ़ रही है।

इसके साथ ही हमारी सरकार ने राज्य में कई ऐतिहासिक भवनों का भी निर्माण कराया है। इनमें पटना का सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन, बापू सभागार तथा सभ्यता द्वार, बिहार संग्रहालय, अंजुमन इस्लामिया भवन, बापू टावर, सरदार पटेल भवन, बापू परीक्षा परिसर, हज भवन, पटना समाहरणालय, पटना सिटी का प्रकाश पुंज, ओपी शाह सामुदायिक भवन, गया का राज्य अतिथिगृह, महाबोधि कन्वेंशन केंद्र तथा बिपार्ड भवन, दरभंगा में तारामंडल, पश्चिम चंपारण में वाल्मीकि सभागार और दिल्ली में नया बिहार सदन प्रमुख है। ये सभी अत्याधुनिक भवन सिर्फ नई संरचनायें ही नहीं हैं बल्कि बदलते बिहार की पहचान हैं।

इसी तरह से पर्यटन और ईको टूरिज्म के क्षेत्र में भी हमारी सरकार लगातार शानदार कार्य कर रही है। इसमें मुख्य रूप से राजगीर में घोड़ा-कटोरा का विकास, जू-सफारी का निर्माण, राजगीर नेचर सफारी (ग्लास स्काई वॉक) का निर्माण, वेणुवन एवं पांडु पोखर का सौंदर्गीकरण, नवादा के ककोलत जल प्रपात में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास, राजगीर एवं मंदार में नये रोप-वे का निर्माण, पटना में बुद्ध स्मृति पार्क का निर्माण, मधुबनी में मिथिला हाट का निर्माण शामिल है। इन कार्यों ने बिहार पर्यटन को आज विश्व मानचित्र पर लाकर रख दिया है।

पटना के कंकड़बाग में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, राजगीर खेल अकादमी एवं खेल विश्वविद्यालय, पटना मेट्रो परियोजना, पटना में विश्वस्तरीय डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निर्माण, वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का निर्माण तथा गया में विष्णुपद मंदिर के पास रबर डैम का निर्माण कराया गया है। जबकि पटना में बिहार संग्रहालय एवं पटना संग्रहालय को भूमिगत टनल से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है।

पिछले दो दशकों में बिहार राज्य में हवाई सेवाओं की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुयी है। राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुये हवाई यातायात का विस्तार किया गया है। पटना में अत्याधुनिक नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनाया गया है। साथ ही दरभंगा एवं पूर्णिया में हवाई अड्डे भी संचालित हो चुके हैं। इसके साथ-साथ बिहटा, रक्सौल तथा वीरपुर हवाई अड्डों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है एवं वाल्मीकिनगर, मधुबनी, मुंगेर, सहरसा तथा मुजफ्फरपुर हवाई अड्डों को विकसित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है।

राज्य में आधारभूत संरचनाओं की मजबूती के लिए हमारी सरकार बजट का भी पूरा इंतजाम कर रही है। आप सबको पता है वर्ष 2004-05 में राज्य का बजट लगभग 24 हजार करोड़ रुपये था। आज बिहार का बजट 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये भी अधिक हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची में पकड़ा गया 25 क्विंटल प्रतिबंधित मांस, राज्य से बाहर ले जाने की थी तैयारी

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के लोअर बाजार इलाके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है. एक बड़े ट्रक और एक छोटे वाहन में भरे प्रतिबंधित मांस को रांची पुलिस ने जब्त किया है. इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को भी गिरफ्तार किया है. रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र से 25 क्विंटल से ज्यादा प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है. रांची एसएसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांस एकत्र किया गया है, जिसे एक बड़े ट्रक और एक छोटे वाहन में लोड कर राज्य से बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही है. सूचना पुख्ता होने पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें लोअर बाजार थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया. जांच के दौरान रांची के खेलगांव के पास एक ट्रक पकड़ा गया, जिसमें प्रतिबंधित मांस भरा हुआ था. मौके से दो लोगों को पकड़ा गया, पकड़े गए लोगों ने बताया कि प्रतिबंधित मांस रांची के लोअर बाजार से लाया जा रहा था. जिसके बाद पुलिस की टीम द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए लोअर बाजार इलाके में अचानक छापेमारी की गई. तब मौके पर ही दो और लोगों को पकड़ा गया, जो प्रतिबंधित मांस को ट्रक पर लोड कर रहे थे. तलाशी के क्रम में वाहनों में भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है. चार आरोपियों के पकड़े जाने और प्रतिबंधित मांस को जब्त करने के बाद पुलिस के द्वारा वेटनरी डॉक्टरों को जांच के लिए मौके पर बुलाया गया. जांच के दौरान डॉक्टरों द्वारा प्रतिबंधित मांस होने की पुष्टि पाई गई. जानकारी के अनुसार, प्रतिबंधित मांस को रांची में ही इकट्ठा किया गया था. दोनों वाहनों के माध्यम से प्रतिबंधित मांस को राज्य से बाहर भेजा जाना था लेकिन उससे पहले ही पुलिस को ये जानकारी मिल गई. गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि प्रतिबंधित मांस को कोलकाता ले जाया जाना था. इस काम में दर्जन भर लोग शामिल हैं. अब तक इस मामले में चार लोग गिरफ्तार हुए हैं. वहीं मौके से दो फरार होने में कामयाब हो गए. पूरे नेटवर्क के खुलासे के लिए पुलिस की टीम काम कर रही है.

### इस साल 18 नवंबर से गूंजेगी शहनाई, शादियों के सीजन से पहले नोट करें शुभ मुहूर्त



**रांची, एजेंसी।** श्री हरि विष्णु चार माह बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी यानी, एक नवंबर को योग निद्रा से जागृत होंगे। भगवान विष्णु के निद्रा से जागृत होने के बाद मांगलिक कार्य आरंभ होगा।16 नवंबर (रविवार) को सूर्य के तुला राशि से निकलकर वृश्चिक राशि में आने से शादी–ब्याह का दौर आरंभ हो जाएगा। शादी–विवाह के शुभ मुहूर्त चातुर्मास की समाप्ति के बाद 18 नवंबर से आरंभ होगा। छह दिसंबर के बाद शादी–ब्याह पर विराम लग जाएगा। पंडित रामदेव पांडेय ने पंचांगों के हवाले से बताया कि मिथिला पंचांग के अनुसार 10 तो बनारसी पंचांग के अनुसार 13 मुहूर्त है। बनारसी पंचांग के अनुसार नवंबर में नौ तथा दिसंबर में चार वैवाहिक लग्न है। मिथिला पंचांग के अनुसार नवंबर में सात एवं दिसंबर में तीन दिन शुभ विवाह मुहूर्त है। 11 दिसंबर गुरुवार को पूर्व दिशा में शुक्र ग्रह के अस्त होने तथा वृद्धत्व दोष के कारण 8 दिसंबर सोमवार से विवाहादि शुभ कार्य नहीं होगा। 2026 के पहले मास जनवरी में खरमास की समाप्ति के बाद एवं शुक्र ग्रह के अस्त होने से शादी–ब्याह नहीं होंगे। एक फरवरी की शाम छह बजे शुक्र के उदित होने के साथ शादी–ब्याह का सिलसिला आरंभ होगा। शादी–विवाह के लिए शुभ मुहूर्त का होना बड़ा महत्वपूर्ण होता है। वैवाहिक बंधन को सबसे पवित्र रिश्ता माना गया है। इसलिए इसमें शुभ मुहूर्त का होना जरूरी है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शादी के शुभ योग के लिए बृहस्पति, शुक्र और सूर्य का शुभ होना जरूरी है। रवि गुरु का संयोग सिद्धिदायक और शुभफलदायी होते हैं। इन तिथियों पर शादी–विवाह को बेहद शुभ माना गया है। शादी के शुभ लग्न व मुहूर्त निर्णय के लिए वृष, मिथुन, कन्या, तुला, धनु एवं मीन लग्न में से किन्ही एक का होना जरूरी है। वहीं नक्षत्रों में से अश्विनी, रेवती, रोहिणी, मृगशिरा, मूल, मघा, चित्रा, स्वाति, श्रवणा, हस्त, अनुराधा, उत्तरा फाल्गुन, उत्तरा भद्र व उत्तरा आषाढ़ में किन्ही एक का रहना जरूरी है। अति उत्तम मुहूर्त के लिए रोहिणी, मृगशिरा या हस्त नक्षत्र में से किन्ही एक की उपस्थिति रहने पर शुभ मुहूर्त बनता है। पंडित राकेश झा ने कहा कि यदि वर और कन्या दोनों का जन्म ज्येष्ठ मास में हुआ हो तो उनका विवाह ज्येष्ठ में नहीं होगा।तीन ज्येष्ठ होने पर विषम योग बनता है और ये वैवाहिक लग्न में निषिद्ध है। विवाह माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ एवं अगहन मास में हो तो अत्यंत शुभ होता है।

# टाटा मोटर्स के सर्वर में सेंध, 70 टीबी डेटा लीक, कंपनी ने मानी गलती

### सुरक्षा शोधकर्ता ईटन ज्वेरे के अनुसार, कंपनी के फ्लीट मैनेजमेंट प्लेटफार्म फ्लीटएज में भी ऐसी ही खामी मिली




**जमशेदपुर, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स के डिजिटल सुरक्षा तंत्र में एक बड़ी सेंधमारी का मामला सामने आया है, जिसमें 70 टेराबाइट (टीबी) से अधिक संवेदनशील डेटा उजागर हो गया। यह घटना कंपनी के कई डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर सुरक्षा में एक नहीं, बल्कि कई गंभीर खामियों का परिणाम थी।

इस लीक में लाखों ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी, कंपनी के आंतरिक वित्तीय रिकार्ड और डीलरों से संबंधित महत्वपूर्ण डेटा शामिल हैं। हालांकि, टाटा मोटर्स ने स्वीकार किया है कि ये कमजोरियां मौजूद थीं, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि 2023 के अंत तक इन सभी को पूरी तरह से ठीक कर दिया गया है। यह खुलासा सुरक्षा शोधकर्ता ईटन ज्वेरे ने किया, जिन्होंने 2023 में इन कमजोरियों का पता लगाकर कंपनी को सूचित किया था। इस व्यापक डेटा लीक का मूल कारण बेहद साधारण लेकिन खतरनाक गलतियां थीं, जिन्हें तकनीकी भाषा में खराब कुंजी प्रबंधन (की मैनेजमेंट) कहा जाता है। सबसे बड़ी गलती कंपनी के स्पेयर पार्ट्स बेचने वाले ई-कॉमर्स प्लेटफार्म ई-दुकान पर हुई। यहां वेबसाइट के पब्लिक सोर्स कोड में अमेजन वेब सर्विसेज की एक्सेस-की (सर्वर की एक तरह की डिजिटल चाबी) सादे टेक्स्ट में मौजूद थी। यह ऐसा था मानो किसी ने अपने डिजिटल खजाने की चाबी मुख्य दरवाजे पर ही लटका दी हो, जिसे कोई भी उठाकर इस्तेमाल कर सकता था।

इस एक गलती से ग्राहकों के लाखों चालान, जिनमें उनके नाम, पते और पैन नंबर जैसी निजी जानकारियां थीं, उजागर हो गए। इस चाबी का इस्तेमाल सिर्फ एक छोटी सी 4-किलोबाइट की फाइल डाउनलोड करने के लिए हो रहा था, जिसके लिए इतना बड़ा जोखिम लिया गया।

सुरक्षा शोधकर्ता ईटन ज्वेरे के अनुसार, कंपनी के फ्लीट मैनेजमेंट प्लेटफार्म फ्लीटएज में भी ऐसी ही खामी मिली। यहां भी सर्वर की चाबियां थीं, जो पहली नजर में एन्क्रिप्टेड (सुरक्षित कोड में बदली हुई) लग रही थीं, लेकिन यह सुरक्षा सिर्फ एक छलावा थी, क्योंकि इसे कोई भी सामान्य तकनीकी जानकारी रखने वाला व्यक्ति कुछ ही सेकंड में डिक्रिप्ट कर सकता था।

इस लापरवाही से 1996 तक का लगभग 70 टीबी का ऐतिहासिक फ्लीट इंटेलिजेंस डेटा उजागर हो गया, जिसमें वाहनों की लाइव ट्रैकिंग जानकारी भी शामिल थी।

ई-दुकान के कोड में एक और बड़ी खामी मिली, जिसने डेटा एनालिटिक्स टूल टेबलो के लिए एक तरह का पिछला दरवाजा खोल दिया। इससे बिना पासवर्ड के सिर्फ यूजरनेम का उपयोग करके सर्वर एडमिन के रूप में लॉग इन किया जा सकता था, जिससे कंपनी की सभी गोपनीय वित्तीय रिपोर्ट, डीलर स्कोरकार्ड और आठ हजार से अधिक आंतरिक उपयोगकर्ताओं का डेटा खतरे में पड़ गया था।

सुरक्षा शोधकर्ता ईटन ज्वेरे ने अगस्त 2023 में भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सर्ट-इन) के माध्यम से टाटा मोटर्स को इन कमजोरियों की सूचना दी थी। टाटा मोटर्स के कम्युनिकेशंस प्रमुख सुदीप भल्ला ने पुष्टि की कि कंपनी ने तुरंत कार्रवाई की और इन खामियों को दूर किया।

उन्होंने कहा, हम पुष्टि कर सकते हैं कि 2023 में पहचान के बाद रिपोर्ट की गई खामियों और कमजोरियों की पूरी तरह से समीक्षा की गई और उन्हें तुरंत ठीक किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी अब अपने सिस्टम की संदिग्ध गतिविधियों के लिए लगातार निगरानी करती है और नियमित रूप से थर्ड-पार्टी सुरक्षा आडिट भी कराती है।

07

### चतरा में राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

चतरा, एजेंसी।

चतरा पुलिस ने राहुल सिंह गिरोह के चार हथियारबंद अपराधियों को गिरफ्तार कर एनटीपीसी टंडवा फायरिंग कांड का खुलासा किया है। टंडवा एसडीपीओ सह एएसपी प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो मैदान से इन अपराधियों को पकड़ा।

पुलिस कप्तान सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि ये अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्ज) का गठन किया गया। टीम ने कारो मैदान के पास छापेमारी कर चारों सदस्यों को धर दबोचा।

चार हस्तलिखित पर्चे बरामद

गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 7.65 एमएम के दो पिस्टल, 7.65 एमएम की 10 जिंदा गोलियां, तीन एंड्रॉयड फोन और गिरोह के नाम से लिखे राहुल सिंह आज़ाद सरकार के चार हस्तलिखित पर्चे बरामद किए हैं। एसडीपीओ बरवार ने बताया कि इन गिरफ्तारियों से खलारी कोयलांचल और एनटीपीसी टंडवा क्षेत्र में हुई दो प्रमुख आपराधिक वारदातों का खुलासा हुआ है। इनमें राजधर रेलवे साइडिंग और टंडवा में फ्लाई ऐश की गाड़ियों पर की गई फायरिंग की घटनाएं शामिल हैं।

गिरोह का मुख्य उद्देश्य रंगदारी वसूलना

पुलिस के अनुसार, राहुल सिंह गिरोह कोयलांचल क्षेत्र में अपना आतंक कायम करना चाहता था। गिरोह का मुख्य उद्देश्य कोयला कारोबार से जुड़े लोगों, ट्रांसपोर्टरों और व्यापारियों के बीच दहशत फैलाकर मोटी

### सिदगोड़ा में पुलिस से मुठभेड़ में अपराधी घायल, हरेराम सिंह के घर पर चलायी थी गोली

**जमशेदपुर, एजेंसी।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बारीडीह हाईस्कूल के पास केटू कंडम क्वार्टर में सोमवार की देर रात पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हो गयी. जिसमें गोलमुरी गाढ़ाबासा निवासी रवि महानंद उर्फ गोपाल कुमार घायल हो गया. उसके दाहिने पैर में एक गोली लगी है. पुलिस ने गोपाल के पास से एक पिस्टल और गोली बरामद की है. घायल गोपाल का एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है. घटना रात 1~50 बजे की है. घायल गोपाल पिछले दिनों भुइयांडीह में कारोबारी हरेराम सिंह के घर पर गोली चलाने में शामिल था. घायल गोपाल गैंगस्टर प्रिंस खान और सुजीत सिन्हा के गिरोह से जुड़ा है. गोपाल पर गोलमुरी थाना में छिनतई का केस दर्ज है. पुलिस को काफी दिनों से गोपाल की तलाश थी. हरेराम सिंह के घर पर फायरिंग मामले में पुलिस ने पूर्व में टेल्को लक्ष्मीनगर निवासी आकाश सिंह को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आकाश के पास से पुलिस ने तीन पिस्तौल और भारी मात्रा में गोली बरामद की है. जानकारी के अनुसार पुलिस को भनक मिली लगी कि गोपाल बारीडीह हाइस्कूल के पास एक कंडम क्वार्टर में छुपा है. जिसके बाद डीएसपी भोला प्रसाद, सीतारामडेरा थाना प्रभारी निरंजन कुमार, सिदगोड़ा थाना प्रभारी बीरेंद्र कुमार दल-बल से क्वार्टर के पास पहुंचे और घेराबंदी कर दी. जिस वक्त पुलिस ने घेराबंदी की गोपाल शराब पी रहा था. पुलिस द्वारा घेरे जाने पर गोपाल ने कमरे के अंदर से ही पुलिस पर दो राउंड फायरिंग कर दी. जिसके बाद वह भागने के लिए जैसे ही उठा सीतारामडेरा थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने गोली चला दी. गोली गोपाल के दाहिने पैर में लगी, जिससे बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

## जमशेदपुर में मुठभेड़ के दौरान फरार आकाश सिंह गिरफ्तार



**जमशेदपुर, एजेंसी।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह स्थित टाटा स्टील के खाली पड़े क्वार्टर (के-2/74) में हुई मुठभेड़ के दौरान फरार आरोपी आकाश सिंह उर्फ लालू को पुलिस ने मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। सीतारामडेरा स्लैग रोड पर घेराबंदी कर टेल्को लक्ष्मीनगर निवासी आकाश को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने मुठभेड़ में घायल रवि महानंद उर्फ गोपला के साथ कई आपराधिक वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की। रवि महानंद एमजीएम अस्पताल में इलाजरत है।

**रंगदारी न देने पर हत्या की योजना बनाई गई थी :** सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि पूछताछ में आकाश ने हरेराम सहित शहर के एक दर्जन व्यवसायियों से रंगदारी वसूलने की साजिश का खुलासा किया। रंगदारी न देने पर फायरिंग व हत्या की योजना बनाई गई थी। गिरोह ने रांची से हथियार मंगाने के लिए सुजीत सिन्हा, उसकी पत्नी रिया सिन्हा व बबलू खान की मदद ली थी। हथियार आकाश ने ही गोपला को दिए थे, जिसने फायरिंग की।

**रंगदारी और फायरिंग की साजिश का खुलासा :** आकाश सिंह और उसके साथी दशरथ शुक्ला ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने 10 अक्टूबर को व्यवसायी हरेराम सिंह के घर फायरिंग की थी। इसके पीछे रंगदारी और बदले की भावना मुख्य कारण थी। दोनों पहले हरेराम सिंह और उनके बेटे हरीश सिंह के व्यवसाय से जुड़े थे और उन्हें हर महीने 10 हजार रुपए वेतन मिलता था।

छह महीने पहले सरकारी शराब दुकान का ठेका मिलने वाला था, तब हरीश सिंह ने उन्हें काम देने का वादा किया था। पर ठेका ग्वालियर निवासी प्रेम नारायण शिवहरे को मिलने से नाराज होकर दोनों ने कुख्यात सुजीत सिन्हा से संपर्क साधा और रंगदारी की योजना बनाई।

**दुबई से जुड़ा अंतरराज्यीय गैंग कनेक्शन :** सुजीत सिन्हा ने दुबई में रह रहे गैंगस्टर प्रिंस खान से संपर्क कर हरेराम सिंह परिवार को टारगेट करने की योजना बनाई। दुर्गापूजा की षष्ठी से ही हरेराम सिंह को रंगदारी के फोन आने लगे। घाघीडीह जेल से रिहा कुछ अपराधियों के मोबाइल नंबरों से कॉल और व्हाट्सऐप संदेशों के ज़रिए एक करोड़ रुपए की मांग की गई। पैसे न मिलने पर तीन अक्टूबर से रेकी शुरू की गई और 10 अक्टूबर की सुबह पौने पांच बजे हरेराम सिंह के घर फायरिंग की गई।

**अब तक की कार्रवाई :** 23 अक्टूबर को बुंडू पुलिस ने दशरथ शुक्ला को तीन पिस्तौल और कई गोलियों के साथ गिरफ्तार किया था। उसने कबूला था कि हरेराम के घर पर फायरिंग प्रिंस खान के इशारे पर हुई थी। इसके बाद आकाश सिंह और रवि महानंद उर्फ गोपला की गिरफ्तारी हुई। इन कार्रवाइयों से गिरोह की गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ा है और पुलिस की सतर्कता से अपराधियों की बड़ी साजिश नाकाम हो गई है।

## गिरिडीह में गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व : निकाली गई प्रभात फेरी



**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गुरुवार सुबह गिरिडीह में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में सिख संगत शामिल हुए। 30 अक्टूबर से शुरू हुए कार्यक्रमों की यह श्रृंखला 5 नवंबर तक चलेगी।

प्रभात फेरी पंजाबी मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा साहिब से शुरू हुई। यह मकतपुर चौक, जिला परिषद चौक और टावर चौक से होते हुए बक्सीडीह में एक सिख परिवार के आवास पर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में धन गुरु नानक प्यारे और कौन जाने गुण सतगुरु तेरे जैसे गुरबाणी कीर्तन की मधुर ध्वनि गूंजती रही, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

**विभिन्न जत्थे नगर भर में कर्तव्य एवं सेवा का प्रदर्शन करेंगे :** प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 4 नवंबर को एक भव्य शोभा यात्रा (नगर कीर्तन) निकाली जाएगी। इसमें गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई में पंज प्यारे, निशान साहिब और विभिन्न जत्थे नगर भर में कर्तव्य एवं सेवा का प्रदर्शन करेंगे। झांकियां, कीर्तन और संगतों की सहभागिता इस नगर कीर्तन को भव्यता प्रदान करेगी।

इसके बाद, 5 नवंबर को मुख्य कार्यक्रम के रूप में गुरु नानक जयंती मनाई जाएगी। इस दिन विशेष कीर्तन दरबार, शबद-संकीर्तन, अरदास और गुरु का लंगर आयोजित किया जाएगा।

**संगतों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया :** इन आयोजनों से गिरिडीह में सिख समुदाय सहित आम जनता में भी श्रद्धा और भक्ति का भाव देखा जा रहा है। प्रभात फेरी के समापन स्थल पर संगतों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान महिला संगतों द्वारा शब्द-कीर्तन और अरदास का आयोजन हुआ। आयोजकों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों, मानवता, एकता और सेवा के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए, जिन्होंने गुरु नानक देव जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## लातेहार में युवती का शव पेड़ से लटका मिला:हत्या की आशंका पर परिजनों ने तीन घंटे सड़क किया जाम



**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया गांव में 20 वर्षीय युवती सोनी कुमारी का शव पेड़ से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए बुधवार को बालूमाथ के शहीद चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर तीन घंटे तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। पोस्टमॉर्टम के बाद युवती के पिता सत्येंद्र राम, चाचा अरुण राम और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आवागमन कई घंटों तक बाधित रहा।

सूचना मिलने पर बीडीओ सोमा उरांव, इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ और थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा, परिवार की सुरक्षा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चला जाम हटाया गया। परिजनों के अनुसार, सोनी कुमारी मंगलवार सुबह बिना बताए घर से निकली थी। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान हरिजन टोला के पास जंगल में ग्रामीणों ने एक पेड़ पर युवती का शव लटका देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर बालूमाथ थाना के सब-इंस्पेक्टर अमित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि सोनी का किसी से कोई विवाद नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि युवती की हत्या कर उसे पेड़ पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का, यह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## गुमला-रांची एनएच में अंडरपास बनाए जाएं : आशा

**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने एनएचएआई के अफसरों को निर्देश दिया कि गुमला-रांची एनएच 43 में अंडरपास एवं कट बनाए जाएं। इसके नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। यह निर्देश उन्होंने आयोग की दिल्ली में हुई बैठक में दिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने की। बैठक में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव समेत संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के समक्ष झारखंड राज्य से संबंधित मुद्दों को रखा गया। आशा लकड़ा ने कहा कि गुमला-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-43) से जुड़े विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने एनसीएसटी के समक्ष अंडरपास नहीं होने की समस्या से हो रही परेशानी को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। बताया था कि गुमला-रांची एनएच-43 स्थित बेड़ो, जरिया टोली, सिघवा टोली, जरिया पीपर टोली, नहर टोली व पुराना जरिया टोली के समीप अंडरपास की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एनएच स्थित सभी टोल गेट के यात्री शेड के पास पीने का पानी की सुविधा उपलब्ध कराएं। बैठक में एनसीएसटी के सदस्य निरूपम चाकमा व जाटोतु हुसैन नायक, आयोग के सचिव प्रशांत कुमार सिंह आदि मौजूद थे। बैठक में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत गोला-राजरप्पा मार्ग पर अधिग्रहित जमीन के मुआवजे पर भी चर्चा की गई। डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि ग्रामीणों की जमीन का मुआवजा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को दो करोड़ 92 लाख 54 हजार रुपये दिया जा चुका है।

## प्रदेश में मोथा का प्रकोप जारी, कई जिलों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर लगातार जारी है। बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक शहर में रुक-रुककर भारी बारिश होती रही।

इस अचानक बदले मौसम ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया। बारिश के कारण कई जगहों पर सड़कों पर पानी भीर भर गया। इस दौरान ऑफिस व स्कूल जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से रूक-रूक कर हुई झमाझम बारिश के कारण कई यात्री सड़क किनारे फंसे नजर आए। यात्रियों को बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवाती तूफान मोंथा का असर 31 अक्टूबर तक राज्यभर में बना रहेगा। इस दौरान रांची, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़ और धनबाद समेत कई जिलों में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। हालांकि, 2 नवंबर से मौसम में सुधार की उम्मीद जताई गई है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि जैसे ही बादल छटेंगे, रांची समेत पूरे राज्य में तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की जाएगी। अगले कुछ दिनों में रांची का न्यूनतम तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है। यानी, बारिश थमते ही शहर में ठंड के मौसम की शुरुआत हो जाएगी।

हालांकि, अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन नवंबर के पहले हफ्ते से ठंड का असर महसूस किया जा सकेगा।

मौसम विभाग ने झारखंड के अधिकांश हिस्सों में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से लोगों को सावधानी बरतने की अपील की गई है। गुरुवार को राज्य के उत्तर-पश्चिमी और मध्य भागों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इसके अलावा, कई इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है।

2 नवंबर को रांची में कोहरा और धुंध छाने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सुबह के समय दृश्यता कम हो सकती है, जबकि दोपहर के बाद मौसम शुष्क रहेगा। इससे यात्रियों और वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

पिछले कुछ दिनों से झारखंड में मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। वहीं, दूसरी ओर अचानक बढ़ी ठंड ने सर्दी की आहट दे दी है। दुकानदारों ने गर्म कपड़ों की बिक्री शुरू कर दी है और सुबह-शाम लोगों ने हल्के ऊनी कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं।

मौसम विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि तेज हवाओं और बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचें और मौसम विभाग के नवीनतम अपडेट पर नजर रखें। चक्रवाती तूफान मोंथा के गुजरने के बाद जहां मौसम साफ होगा, वहीं ठंड की दस्तक भी महसूस की जाएगी। आने वाले दिनों में रांची की सुबहें कोहरे से ढकी और शामें ठंडी हवा से सिहराती नजर आएंगी। कुल मिलाकर, मोंथा के जाते-जाते झारखंड में सर्दी का मौसम अपने कदम रखता हुआ दिखाई दे रहा है।

# चुनाव प्रसार के दौरान जसुपा के कार्यकर्ता की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मोकामा विधानसभा क्षेत्र के बसावन चक गांव में गुरुवार की शाम जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार पीयूष प्रियदर्शी के प्रचार के दौरान कार्यकर्ता दुलारचंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता दुलारचंद यादव अपने समर्थकों के साथ गांव में प्रचार कर रहे थे, तभी पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगने के बाद हमलावरों ने उन्हें अपनी गाड़ी से कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी गाड़ी पर भी गोलियों के कई निशान मिले हैं।घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। भारी भीड़ जुटने के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलते ही पटना एएसपी, डीएसपी और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने परिस्थितियों को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। मृतक के स्वजनों ने इस हत्या के लिए जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में गाड़ी से कुचलने से मौत हुई है। पैर में गोली लगने के निशान भी मिले हैं। एसएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। आईजी जितेंद्र राणा ने बताया कि मौके पर एएसपी को भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि मोकामा विधानसभा सीट से अनंत सिंह जदयू की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

## मतदाता को रिझाने की बजाय पीटने लगे कार्यकर्ता

**सहरसा।** थाना क्षेत्र के सुहथ गांव में बुधवार की शाम वोट नहीं देने के विवाद में महिला को मारपीट कर जख्मी करने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट में जख्मी गांगो शर्मा की पत्नी द्रौपदी देवी ने पुलिस आवेदन देकर गुहार लगायी है।

दिए आवेदन में कहा कि मैं बहियार मजदूर का खाना लेकर जा रही थी, उसी दौरान सुहथ गांव के पांडव कुमार यादव, आशीष कुमार यादव, कृष्ण कुमार यादव, अमरेन्द्र कुमार यादव समेत अन्य लोगों ने घेरकर अभद्र जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि हम लोगों के कहने पर तुम लोग चुनाव में वोट नहीं देते हो। इस बार हमारे गठबंधन के प्रत्याशी को वोट नहीं दोगे तो अंजाम बुरा होगा। इस बात का विरोध करने पर मेरे साथ एवं मेरे पोते के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला के आवेदन पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तेज प्रताप पर अटैक, राजद समर्थकों पर लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र व जनशक्ति जनता दल के महुआ से उमीदवार तेजप्रताप यादव के सामने राजद समर्थकों ने महनार में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान समर्थकों ने लालटेन छाप जिंदाबाद के भी नारे लगाए। वहीं, जनशक्ति जनता दल महनार के प्रत्याशी जय सिंह राठौड़ ने राजद के समर्थकों पर काफिले पर ईंट पत्थर चलाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि जब हम लोगों ने जनसभा की, उस दौरान कोई दिक्कत नहीं हुई। सभा करके जब लौट रहे थे इसी दौरान राजद के चार पांच गुंडों ने हम लोगों की गाड़ी पर ईंट पत्थर चलाया और नारेबाजी की। जय सिंह राठौड़ ने राजद उम्मीदवार पर कई गंभीर रूप लगाए। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोटी रकम देकर टिकट लेकर आए हैं और चुनाव में पानी की तरह पैसा खर्च कर रहे हैं, फिर भी जीत तो होगी नहीं। अब इसी तरीके से हमला करके जंगलराज स्थापित करना चाह रहे हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होने वाला है।

उन्होंने आगे कहा कि अब जनता सब की जान चुकी है। हम प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हैं। गोरतलब है कि महनार विधानसभा अंतर्गत हीरानंद उच्च विद्यालय परिसर में जनशक्ति जनता दल के प्रत्याशी जयसिंह राठौड़ के लिए के समर्थन में तेजप्रताप यादव सभा को संबोधित करने के लिए गए थे।

# एमडीएम की जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**खूंटी।** समाहरणालय स्थित डीआरडीए कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य रूप से स्कूली बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, मध्याह्न भोजन एवं इससे संबंधित एसएमएस भेजने की स्थिति, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, रसोइयों और सहायिकाओं को मानदेय भुगतान समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि मध्याह्न भोजन में पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखते हुए अनिवार्य रूप से हरी सब्जी तथा अन्य पोषक आहार का समावेश किया जाए।

उप विकास आयुक्त ने निर्देशित किया कि बीईओ, बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी प्रत्येक माह अपने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर ऑनलाइन रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि विद्यालयों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन, मिड-डे मील की ससमय आपूर्ति, मेनू के अनुसार भोजन वितरण एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिया जाए। विद्यालयों की नियमित मोनिटरिंग एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित की जाए। शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, पूरी तत्परतापूर्वक बच्चों के पठन-पाठन के अलावा बच्चों को स्वच्छता, शिष्टाचार समेत अन्य जरूरी विषयों के प्रति उन्हें जागरूक करें, जिससे बच्चों का सवार्गीण विकास हो सके। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक, बीईओ, बीपीओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# तेलहन फसलों की खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## किसानों की जिज्ञासाओं को वैज्ञानिकों ने सुलझाया

**खूंटी।** नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ऑयल सीड्स योजना के अंतर्गत खूंटी जिले में तेलहन फसलों, विशेषकर सरसों की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 29 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के सौजन्य से आत्मा सभागार में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग कृषि विज्ञान केंद्र, खूंटी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह अध्यक्ष सहित तीन वैज्ञानिकों ने भाग लेकर कृषकों को बीज उपचार, फसल प्रबंधन, फसल कटाई एवं कटाई उपरांत बीज के रखरखाव से संबंधित विभिन्न वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जिला कृषि पदाधिकारी परियोजना निदेशक , कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकगण एवं आत्मा खूंटी के सभी कर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी सत्र में कृषकों ने तेलहन फसलों के साथ-साथ अन्य फसलों की खेती से जुड़ी जिज्ञासाएँ भी प्रस्तुत कीं, जिनका समाधान वैज्ञानिकों द्वारा विस्तारपूर्वक किया गया।

# उपायुक्त ने की क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, रामनिवास यादव ने झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशनल सोसाइटी जसलपीएस अंतर्गत क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं की बारी-बारी समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जेएसएलपीएस डीपीएम के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं तथा स्वयं सहायता समूह को उपलब्ध कराए जाने वाले क्रेडिट लिंकेज, फाइनेंसियल इंक्लूजन इंश्योरेंस व पेंशन, लाइवलीहुड प्रोग्रेस, फार्म व नन फार्म लाइवलीहुड, पलाश मार्ट सहित अन्य कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराए जा रहे ऋण की समीक्षा के क्रम में मुद्रा लोन के आवेदनों को तीव्र गति से आवेदनों को




निष्पादित करने का निर्देश दिया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों को जानकारी लेते हुए डीपीएम को निर्देश किया गया कि जिले में संचालित सभी पलाश मार्ट को एक्टिव अवस्था में रखा जाय। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी योजनाओं को तेजी से लागू कर अधिकतम लाभार्थियों तक पहुँच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने लोकोस पोर्टल पर डाटा एंट्री शीघ्र पूर्ण करने और प्रत्येक पंचायत में एक-एक उद्यम स्थापित करने की योजना बनाने को कहा। उन्होंने दीदी का ढाबा, दीदी की दुकान, दीदी बाड़ी, दीदी बगिया, बागवानी सखी, लखपति किसान और पशुपालन आधारित योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही एमके एसपी, वन धन विकास केंद्र, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान एवं डीडीयू जीकेवाई की जानकारी समुदाय तक पहुँचाने पर बल दिया। इसके अलावा जिले में अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूह गठित कर महिलाओं को आजीविका से जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसके अलावा सभी विभागों के सहयोग से जमीनी स्तर पर लखपति किसानों हेतु संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु भी निर्देश दिया गया और योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए भी संसूचित किया गया। बैठक में जेएसएलपीएस डीपीएम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 128वें गोपाल गौशाला मेला का भव्य शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पचंबा स्थित श्री गोपाल गौशाला परिसर में 128वां गोपाल गौशाला मेला का विधिवत उद्घाटन किया गया। दीप प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, सदर एसडीएम सह गौशाला समिति अध्यक्ष श्रीकांत यशवंत विस्पुते, मेले के संयोजक मुकेश साहू तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश केडिया ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मंत्री सोनू ने कहा कि गौशालाओं की स्थापना सरकार ने बहुत सोच-समझकर की है, ताकि बेजुबान पशुओं की देखभाल और सेवा समुचित रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने जानबूझकर एसडीएम स्तर के पदाधिकारी को गौशाला समिति का पदेन अध्यक्ष नियुक्त किया है। मेले के संयोजक मुकेश साहू ने बताया कि इस वर्ष का गौशाला मेला विशेष आकर्षणों से भरा हुआ है। बांके बिहारी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण समेत कई देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। प्रतिदिन झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके लिए बाहर से कलाकारों की टीम बुलाई गई है। समारोह मे एसपी डॉ बिमल कुमार एसडीओ सह संयोजक गोपाल बागेड़िया, अजय राय, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप डोकानिया, सचिव प्रवीन बागेड़िया, नीलू केडिया, संजय भूदौलिया, धुर्व सोंथालिया, मुकेश जालान, बांके बिहारी शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी गौतम सोनी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# प्रकाश पर्व पर निकाली गई प्रभात फेरी

## शबद-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विश्व समाज को मानवता और समाज सेवा का अमर संदेश देने वाले सिक्खों के प्रथम गुरु और सिक्ख समाज के संस्थापक धन धन श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के 556 वें प्रकाश पर्व अवसर पर सिक्ख परिवार द्वारा गुरुवार को प्रभात फेरी निकाली गई। जो पंजाबी मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा से निकल कर मकतपुर चौक होते हुए जिला परिषद चौक से टावर चौक होते हुए बक्सिडीह में एक सिक्ख परिवार के यहां पहुंची। समापन के मौके पर प्रभात फेरी में शामिल संगतों पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। फेरी में पूरे रास्ते भर सिख परिवार के संगतों ने धन गुरु नानक प्यारे एवं कौन जाने गुण सतगुरु तेरे गुरबाणी कीर्तन किया गया। प्रभात फेरी का माहौल भक्तिमय हुआ। प्रभात फेरी की संपूर्णता के बाद महिला



संगत के द्वारा शबद कीर्तन, अरदास एवं जलपान की सेवा की गई। प्रभात फेरी में गिरिडीह श्री गुरु सिंह सभा गिरिडीह के सचिव नरेंद्र सिंह शमी सरदार मंजीत सिंह सलूजा नरेंद्र सिंह जसविंदर कौर कलर परमजीत सिंह कालू सुधीर आनंद अमरजीत कौर गुरविंदर सरोज चरणजीत कौर सचिव नरेंद्र सिंह शम्मी,सरदार मंजीत सिंह सलूजा,नरेंद्र सिंह, जसविंदर कौर कालरा, परमजीत सिंह कालू, सुधीर आनन्द, अमरजीत कौर, गुरविंदर सलूजा, चरणजीत कौर सहित काफी संख्या में सिक्ख संगत शामिल हुए।

## रन फोर यूनिटी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है इस मौके पर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति संकल्प को सुदृढ़ करने हेतु रन फोर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है जिला प्रशासन गिरिडीह के तत्वावधान में यह दौड़ सुबह 7:00 बजे नवीन नये पुलिस केन्द्र, पपरवाटांड से बड़ा चौक तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का नेतृत्व उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक करेंगे। इस आयोजन में जिले के गणमान्य व्यक्ति और आम जनता को सहभागिता के लिए सादर आमंत्रित किया गया है।

# जिले में जारी ज्योति कलश रथ यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरिडीहत्र अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार मुख्यालय से आए हुए ज्योति कलश रथ यात्रा का भ्रमण जिले में जारी है। पूरे जिले का भ्रमण करते हुए ज्योति कलश रथ गिरिडीह शहर पहुंच चुकी है और पिछले दो दिनों से प्रखंड बेंगाबाद एवं प्रखंड गांडेय का भ्रमण कार्यक्रम चल रहा है।

ग्राम बेंगाबाद में फफूंदी, दुंधीटांड, दुर्गा मंडप बेंगाबाद सहित आसपास के ग्राम का भ्रमण कर दुर्गा मंडप परिसर बेंगाबाद में संध्याकालीन दीप महायज्ञ किया गया। आज प्रखंड में शिव मंदिर महेशमुंडा में ज्योति कलश का पूजन वंदन एवं आरती की गई जहां पर सैकड़ों लोगों ने गायत्री महामंत्र उपासना का संकल्प लिया और अपने-अपने घरों में देव स्थापना भी करवाया। इसके उपरांत गांडेय बाजार में ज्योति कलश रथ भ्रमण किया गया। इसके बाद गांडेय




स्थित दुर्गा मंडप में दीप महायज्ञ संपन्न हुआ। जहां सैकड़ों लोगों ने गायत्री महामंत्र जप का संकल्प लिया एवं अपने अपने घरों में देव स्थापना करवाया। इस शुभ अवसर पर जिला प्रमुख कामेश्वर सिंह ने कहा कि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने जन-जन को गायत्री महामंत्र उपासना से जोड़ने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना की। उन्होंने वर्ष 1926 में अखंड दीप प्रज्वलित कर सर्वप्रथम स्वयं 24 - 24 लाख के 24 महापुरश्चरण संपन्न किये। इसके उपरांत वर्ष 1953 में मथुरा में 1008 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित कर जन जन को गायत्री महामंत्र की दीक्षा प्रदान कर उन्हें गायत्री महामंत्र की उपासना हेतु संकल्पित करवाया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कामेश्वर सिंह ,बासुकीनाथ राय, पिन्टु कुमार पंडित, अशोक बाबा, भागीरथ प्रसाद सिंह , तुलसी पंडित, बलराम विश्वकर्मा, राजेश गुप्ता, बबलू गुप्ता, सुमन विश्वकर्मा, हीरालाल राम, विकास गुप्ता,रत्न गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, अनिल गुप्ता, मनोज भदानी, अरुण राम,बलराम गुप्ता, सरयू यादव सहित गायत्री परिवार के दर्जनों भाइयों एवं बहनों का सहयोग मिल रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 के अवसर पर आज जिला बाल संरक्षण इकाई एवं हेल्प ए चाइल्ड एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य रूप से डालसा खूँटी की सचिव अर्पणा हंस कुजूर, डीएसपी मुख्यालय अखिल कुजूर, जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो० अल्ताफ खान, डीपीएम मनीषा कुमारी, सीडब्ल्यूसी की पूर्व अध्यक्षा तनुश्री सरकार एवं सदस्य मो० अली इमरान, हेल्प ए चाइल्ड एनजीओ के निदेशक डॉ डीजे एडविन, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थीं।

इस अवसर पर बालिकाओं का उज्ज्वल भविष्य एवं सशक्तिकरण विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। डालसा खूँटी सहित उपस्थित अतिथियों ने एक एक कर अपने संबोधन में बालिकाओं को समान अवसर प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने, शिक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। अथितियों ने कहा कि बालिकाओं के सशक्त होने से हीं एक सशक्त समाज एवं राष्ट्र की परिकल्पना संभव है। मुख्य अतिथियों एवं हेल्प ए चाइल्ड एनजीओ के प्रतिनिधियों ने जेंडर इक्वलिटी, बालिका शिक्षा, सशक्तिकरण एवं अधिकार संरक्षण से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं।

कार्यक्रम में रानियां प्रखंड की बालिकाओं द्वारा बेटी है अनमोल गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसके माध्यम से बेटियों के महत्व एवं समाज में उनके सम्मान का संदेश दिया गया। इसके अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से बालिका सशक्तिकरण का संदेश प्रसारित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के संरक्षण हेतु ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल संरक्षण समिति को सक्रिय रखने पर बल दिया गया। समितियों की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने की बात कही गई ताकि ग्राम स्तर पर हीं बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा एवं सशक्तिकरण किया जा सके। साथ ही बाल विवाह जैसे समाज की कुरीतियों को रोकने एवं बाल तस्करी की घटनाओं के प्रति सतर्क रहने की अपील की गई। किसी भी प्रकार की बाल शोषण या सहायता की आवश्यकता होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क करने का आग्रह किया गया।

वहीं सरकार द्वारा बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने समेत चलाए जा रहे योजनाओं यथा मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना, कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रम एवं अन्य की भी विस्तार से जानकारी दी गई एवं योजना का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने एवं उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

## जरासंध जयंती एक नवंबर को

**गिरिडीह।** अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा गिरिडीह इकाई की ओर से अखिल भारतीय चन्द्रवंशी युवा संघ की एक संयुक्त बैठक जिला अध्यक्ष दुर्गाराम की अध्यक्षता में हुई। आयोजित बैठक में एक नवंबर को देव उठनी पूर्णिमा के दिन प्रथम सम्राट महाराज जरासंध की जयंती जयंती से शोभा का फैसला लिया गया।

# बिहार में एनडीए की हार तय : अशोक पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पूर्व विधायक राजकुमार यादव और पूर्व विधायक विनोद सिंह के नेतृत्व में दर्जनों जिला कमिटी के साथियों ने बिहार चुनाव के प्रचार बारी बारी से सामिल होने की बात कही गईं है दो चार दिनों में लगभग सभी जिला कमिटी के सदस्य और माले के लीडर राजगीर या अन्य जगहों पर प्रचार करेंगे बिहार चुनाव के पहले फेज के लिए माले की जिला कमिटी के दर्जनों लीडर,पहुंचे राजगीर, जिसमें पूर्व विधायक राजकुमार यादव,पूर्व विधायक विनोद सिंह जिला सचिव अशोक पासवान, कन्हाई पांडेय,रामेश्वर यादव,सहदेव यादव,नवादा से अजीत कुमार मेहता,महावीर मांझी, पावापुरी के कार्यसंचालक रामधारी दास,नरेंद्र सिंह पहले राजगीर माले ऑफिस गए फिर वहां से अलग अलग क्षेत्रों में चुनाव प्रचार ने निकल गए,पूर्व विधायक राजकुमार यादव और रामेश्वर यादव ने सिलाव नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किए राजकुमार यादव ने कहा कि बिहार बदलाव के मूड में है, एनडीए सरकार इस बार बैकफुट में है,पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि बिहार में उस बार राजद,कांग्रेस माले, सीपीई, सीपीआई एम, वीआईपी आदि पार्टियों का सामंजस्य के बल पर एनडीए को बड़ा झटका देने को तैयार है। माले के जिला सचिव अशोक पासवान, माले नेता राजेश सिन्हा, नेता कन्हाई पांडेय और नेता रामेश्वर यादव ने कहा कि वैसे तो पूरे भारत में भाजपा के वोट चोरी का चर्चा है,गरीबों का वोटर लिस्ट से नाम गायब की चर्चा है लेकिन अब गुजरात से दर्जनों आई ए एस अफसर को बिहार में ऑब्जर्बर बनाने की भी चर्चा जोर पकड़ लिया है। मतलब वोट के खातिर भाजपा इतना गिर जाएगा यह जनता को भी अब समझ आ गया है।

जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद राजगीर में संगठन को बेहतर करने में लगे है,प्रसाद गिरिडीह में पूर्व में जिला कमिटी के सचिव भी रहे है वह गिरिडीह के दर्जनों जिला कमिटी सदस्य जो आयेंगे राजगीर उनको जगह जगह पर कार्यभार देंगे।

पूर्व विधायक विनोद सिंह जो केंद्रीय कमिटी और पोलित ब्यूरो के सदस्य भी है उन्होंने कहा कि बिहार में पिछले बार माले को 19 सीट मिला था जिसने माले 12 विधायक जीत दर्ज किया था बाकी जगह बेहतर प्रदर्शन रहा,इस बार बीस सीट माले को मिला है,आशा है पहले से जीत का % बढ़ेगा सीटें भी बढ़ने का अनुमान है,इसी को लेकर गिरिडीह और झारखंड के लीडर तेजी से राजगीर और बिहार के अन्य क्षेत्रों में रुख कर रहे है।

## सफल खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**गिरिडीह।** सिरसिया स्थित बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल गिरिडीह मे आयोजित एक विशेष समारोह में विद्यालय के तीन खिलाड़ियों नितिन, सुमन राज और हर्ष सिंह राजपूत को ताइक्वाडो में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। डीएवी मैनेजिंग कमिटी की ओर से प्रत्येक सफल प्रतिभागी को 5100 का चेक भी प्रदान किया गया। विद्यालय आगमन पर खिलाड़ियों को गुलदस्ता भेंट कर बडे उत्साह एवं उमंग से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सचिन गर्ग ने खिलाड़ियों को अपने कर कमलों से 5100 का चेक प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के खिलाफ 3 नवंबर को धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** चाईबासा सदर अस्पताल में थैलीसीमिया से पीड़ित पांच आदिवासी बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की भयावह घटना के विरोध में भारतीय जनता पार्टी अब राज्यव्यापी आंदोलन की तैयारी में है। भाजपा ने घोषणा की है कि 3 नवंबर को पूरे झारखंड के सभी सिविल सर्जन कार्यालयों के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

**राज्य सरकार पर भाजपा का तीखा हमला**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने इस घटना को झारखंड सरकार की घोर लापरवाही बताया। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों से हेमंत सरकार आदिवासी समाज के हितों की अनदेखी कर रही है। "कहने को यह अबुआ सरकार है, लेकिन एक भी उदाहरण ऐसा नहीं मिलता जिससे साबित हो सके कि आदिवासी और मूलवासी समुदाय के हित में सार्थक काम किया गया हो," उन्होंने कहा। आरती कुजूर ने आरोप लगाया कि आदिवासी समाज लगातार प्रताड़ित हो रहा है और चाईबासा की यह घटना सरकारी संवेदनहीनता का चरम उदाहरण है।

**'इलाज के नाम पर मौत परोसने' का आरोप**

उन्होंने कहा कि 25 अक्टूबर को उजागर हुआ यह मामला दिल दहला देने वाला है। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ा देना यह दर्शाता है कि सरकार और स्वास्थ्य तंत्र आदिवासी परिवारों की सुरक्षा और उनके बच्चों के जीवन को लेकर कितने बेपरवाह हैं। उन्होंने कहा—"यह इलाज के नाम पर मौत परोसने जैसी हृदय विदारक और शर्मनाक घटना है।"

**निलंबन नहीं, जवाबदेही तय करने की मांग**

आरती कुजूर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि कुछ लोगों को निलंबित कर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री विपक्ष पर राजनीतिक टिप्पणी करते हुए अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री का मौन इस संवेदनहीनता को और बढ़ाता है। "सरकार आदिवासी समाज के प्रति अपने नजरिए को खुद उजागर कर रही है," उन्होंने कहा।

**पुरानी घटनाओं का भी किया उल्लेख**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में आदिवासी समाज के कई युवाओं की हत्या हुई है। इसमें सूर्या हांसदा की कथित फर्जी मुठभेड़ में मौत, सुभाष मुंडा और उमेश कच्छप की हत्या जैसी घटनाएं शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनवरी 2020 में चाईबासा में सात आदिवासी ग्रामीणों की नृशंस हत्या के बाद भी सरकार की भूमिका सवालों के घेरे में रही। वीर सिदो-कान्हू के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी अस्मिता और उनके संघर्ष की उपेक्षा कर रही है। भाजपा ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में कड़ी कार्रवाई और जवाबदेही तय नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



# झारखंड स्थापना दिवस होगा युवाओं के लिए खास, बंटेंगे हजारों नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बिहार से अलग होकर 15 नवंबर 2000 को देश के 28वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया झारखंड अपने स्थापना का 25 साल पूरा करने जा रहा है। इस मौके को खास बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। राज्य सरकार स्थापना सप्ताह के जरिए कई कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राजकीय समारोह के रूप में 15-16 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। वहीं इस मौके पर जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत राज्य स्थापना दिवस और हेमंत सरकार के इस कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

**निजी और सरकारी नौकरियों की बहार**

नवंबर महीने में राज्य में नौकरियों की बहार होगी। राज्य स्थापना दिवस और वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। श्रम एवं नियोजन विभाग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित रोजगार मेला के माध्यम से जहां युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे, वहीं जेपीएससी-जेएसएससी के द्वारा चयनित करीब 10 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहायक आचार्य के साथ-साथ जेपीएससी द्वारा चयनित 342 सिविल सेवा के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

**श्रम विभाग के अधिकारी ने दी जानकारी**

इस संबंध में श्रम विभाग के संयुक्त निदेशक निशिकांत मिश्र कहते हैं कि स्थापना दिवस को लेकर सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार कार्य किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा वैसे तो सालों भर रोजगार मेला और भर्ती कैंप आयोजित किए जाते हैं, लेकिन खास मौके पर खास रूप से तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस साल राज्य में अब तक 170 रोजगार मेला/भर्ती कैंप लगाए गए हैं। जिसमें लगभग 7000 युवाओं को रोजगार मिला है। बहरहाल, रजत वर्ष में स्थापना दिवस को खास मनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। राज्य सरकार के आला अधिकारी लगातार विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।



# देवघर में पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में जहां रोजाना आस्था उमड़ती है, वहीं शहर की अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए सिरदर्द बन चुकी है। हर दिन हजारों लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन शहर में सुचारु पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था न होने से जाम, विवाद और वाहनों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। धार्मिक नगरी की शांति और पवित्रता, कुव्यवस्था की मार से लगातार आहत हो रही है।

**श्रद्धालुओं की गाड़ियां बन रहीं निशाना**

शहर में प्रतिदिन भारी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है, लेकिन पार्किंग स्थल सीमित और अव्यवस्थित हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को मजबूरन स्थानीय लोगों के घरों के सामने वाहन खड़ा करना पड़ता है, जिससे विवाद की स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। कई मामलों में गाड़ियों का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ताजा घटना मुंगेर से आए श्रद्धालु फंटूश सिंह के साथ हुई। बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के बाद लौटने पर उन्होंने अपनी कार टूटी हुई पाई। फंटूश सिंह ने बताया कि वे भोजन के लिए गए हुए थे, तभी घर के बाहर पार्किंग से नाराज लोगों ने उनकी कार पर लाठियां बरसाकर नुकसान पहुंचाया। उन्होंने नगर निगम पर सवाल उठाते हुए कहा—"निगम वाहन का शुल्क तो वसूलता है, लेकिन सुरक्षा और पार्किंग की जिम्मेदारी कौन लेगा?"

**जनप्रतिनिधियों ने भी उठाई आवाज**

स्थानीय जनप्रतिनिधि और मेयर प्रत्याशी सूरज झा ने भी नगर निगम की व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि देवघर की पार्किंग समस्या अब शहर की "सबसे बड़ी बीमारी" बन चुकी है। उन्होंने बताया कि जलसार मोड़ के पास तालाबों के किनारे पार्किंग स्थल विकसित करने का सुझाव पहले दिया गया था, जिस पर डीसी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी, लेकिन आज तक कोई परिणाम नहीं निकला। सूरज झा ने कहा—"अगर शहर की जिम्मेदारी मुझे मिली, तो पार्किंग समस्या का समाधान मेरा पहला संकल्प होगा।" नगर आयुक्त ने सफाई देते हुए कहा कि नेहरू पार्क और शिवलोक जैसे स्थानों पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन तीर्थनगरी में आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए ये भी अपर्याप्त साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन वैकल्पिक पार्किंग स्थल खोज रहा है, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों के बीच टकराव की स्थिति न बने।

**धार्मिक पर्यटन नगरी की छवि दांव पर**

देवघर को वर्षों से धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजनाओं पर जोर दिया जाता रहा है, लेकिन पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधा अब भी अधूरी है। श्रद्धालु अपने मनोकामना पूजन और व्रत पूर्ण करने के भाव से यहां आते हैं, पर जब वे अपमान और विवाद का सामना करते हैं, तो शहर की छवि धूमिल होती है। देवघर की पहचान आस्था से है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता ने इस पावन नगरी को अव्यवस्था के बोझ तले दबा दिया है। गाड़ियां टूट रही हैं, भावनाएं आहत हो रही हैं, और प्रशासन अब भी "व्यवस्था सुधारने के प्रयास" भर की दुहाई दे रहा है।

# गढ़वा में धर्म परिवर्तन के आरोप में 10 लोग हिरासत में, पुलिस कर रही गहन पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के रंका थाना क्षेत्र में पुलिस ने धर्म परिवर्तन के संदेहास्पद मामले का खुलासा करते हुए कुल 10 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें 6 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए लोगों में एक व्यक्ति ओडिशा के रायगढ़ जिले का निवासी है। सभी से पूछताछ जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, सुकुडीह टोले में एक स्थानीय व्यक्ति के घर पर उसे कथित रूप से धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। इसी दौरान मामले की सूचना एक संगठन और स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रंका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। स्थानीय लोग पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जता रहे हैं और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाहरी व्यक्ति सहित कई लोग लंबे समय से ग्रामीणों को बहला–फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश में जुटे थे।


## पूर्व रेलवे

**सं. डब्ल्यू(2)623/16/बीआर-आईएनएसटी/एमएलडीटी/2025-26.दिनांक:29.10.2025,** मुख्य अभियंता, पूर्व रेलवे, 17, एन.एस.रोड, कोलकाता - 700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग हेतु निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. डब्ल्यू_2_623_बीआर-आईएनएसटी/एमएलडीटी; कार्य का नाम :** उपकरणों का उपयोग करके मौजूदा पुलों का मूल्यांकन और एक अवधि की स्थिति की निगरानी (i) हावड़ा मंडल के एसबीजी लूप में ब्रिज नं. 132 अप (1x7x18.30), (ii) मालदा मंडल के मालदा टाउन-न्यू फरक्का शाखा के बीच किमी 258/2-260/5 पर पुल सं. 46डी (109 x 18.3 मीटर) और (iii) आसनसोल मंडल के ए. एस. कॉर्ड शाखा में ब्रिज नंबर 42 अप; **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,73,07,807.75; **बयाना राशि:** रु. 2,36,500.00; पूर्णता अवधि: 12 (बारह) माह; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 20.11.2025 को 14:00 बजे। निविदा दस्तावेजों का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रस्तुत करें। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MISC-258/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# स्वच्छता अभियान तेज, गीला-सूखा कचरा अलग करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** शहर को स्वच्छ और बेहतर बनाने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। निगम ने साफ कहा है कि अब हर घर, अपार्टमेंट, कार्यालय और प्रतिष्ठान में गीले व सूखे कचरे का पृथक्करण अनिवार्य होगा। इसके लिए दो डस्टबिन रखने की अपील की गई है—हरे रंग का डस्टबिन गीले (जैविक) कचरे के लिए और नीले रंग का डस्टबिन सूखे (गैर-जैविक) कचरे के लिए।

नगर निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि कचरे को मिलाकर फेंकने वालों पर अब जुर्माना लगाया जाएगा। दो बार चेतावनी के बाद भी नियमों का पालन नहीं करने पर संबंधित घर या प्रतिष्ठान से कचरा उठाने की सेवा अस्थायी रूप से बंद की जा सकती है। निगम का कहना है कि स्रोत पर ही कचरा अलग होना स्वच्छता अभियान की सबसे अहम कड़ी है।

**कचरा पृथक्करण अब सबकी जिम्मेदारी**

निगम के अनुसार गीले कचरे में भोजन के अवशेष, सब्जियों के छिलके, पत्ते, बागवानी का कचरा और अन्य जैविक अपशिष्ट शामिल हैं। वहीं सूखे कचरे में प्लास्टिक, कागज, कांच, धातु और अन्य गैर-जैविक पदार्थ आते हैं। नए कूड़ा संग्रहण वाहनों में भी हरे और नीले रंग के अलग-अलग कम्पार्टमेंट बनाए गए हैं, जिससे कचरे का पृथक निपटान सुचारू रूप से हो सके।

**बड़े प्रतिष्ठानों पर निगरानी कड़ी**

बाजार, अस्पताल, होटल, अपार्टमेंट और अन्य बड़े प्रतिष्ठानों को निगम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने परिसर में कचरे का पृथक्करण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। इसके लिए विशेष निगरानी टीम बनाई गई है, जो नियमित रूप से इन प्रतिष्ठानों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि बड़े प्रतिष्ठान यदि नियमों का पालन करेंगे, तो आम लोगों में भी जागरूकता और अनुशासन की भावना बढ़ेगी।

# स्वास्थ्य मंत्री ने चाईबासा सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** झारखंड के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. इरफान अंसारी गुरुवार को पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा पहुंचे, जहां परिसदन में उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद मंत्री ने सदर अस्पताल का विस्तृत निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। मंत्री ने सबसे पहले ब्लड बैंक का निरीक्षण किया और रक्त जांच से संबंधित समूची प्रक्रिया की गहन समीक्षा की। उन्होंने दवा वितरण केंद्र, निबंधन काउंटर, कैंटीन और सभी प्रमुख वार्डों का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का आकलन किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर अस्पताल सेवाओं के बारे में जानकारी ली और जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बताया कि थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को हर 15 दिन में रक्त की आवश्यकता होती है। वर्ष 2023 से 2025 तक कुल 259 रक्तदाताओं से ब्लड संग्रहित किया गया, जिनमें से पहचान कर जांचे गए 44 डोनरों में 3 लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। इसके अलावा, कुछ परिवारों में भी एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि चाईबासा के 5 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों में प्राथमिक जांच में एचआईवी पॉजिटिव होने की आशंका है, जिसका अंतिम कन्फर्मेशन टेस्ट जारी है।



**"लापरवाही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं" : स्वास्थ्य मंत्री**

डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के सभी 24 जिलों में ब्लड बैंक केंद्रों की जांच की जा रही है, जिसकी शुरुआत चाईबासा से की गई है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. भारती मिंज, एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. शिवचरण हांसदा, एसडीपीओ बहामन टुटी सहित कई पदाधिकारी और चिकित्सक मौजूद रहे। चाईबासा सदर अस्पताल में हुई यह औचक कार्रवाई स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में राज्य सरकार की गंभीरता को दर्शाती है।


## पूर्व रेलवे

**सं.:एमसी/एसीएस-12/ओटी/पीवीसी/25/2397 दिनांक: 29.10.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा सूचना सं.: पीवीसी-25-26 दिनांक: 25.10.2025; कार्य का नाम तथा स्थान:** कंचरापारा के कैरिज कॉम्प्लेक्स में पीओएच के दौरान कन्वेंशनल, एलएचबी, एमईएमयू (ट्रेलर और मोटर) और डीईएमयू (ट्रेलर और मोटर) कोचों के फ्लोरिंग पर पीवीसी स्ट्रिपिंग, बिछाने और वेल्डिंग का कार्य खुली निविदा के आधार पर 01 (एक) साल की अवधि के लिए वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट के ज़रिए किया जाएगा; **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 63,22,815.40 (जीएसटी सहित); **निविदा दस्तावेज लागत (टीडीसी) :** शून्य; **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा :** रु. 1,26,500.00; **कार्य की पूर्णता अवधि :** 01 (एक) वर्ष; **विज्ञापन अवधि :** 25.10.2025 से 13.11.2025 को 11.00 बजे तक। **प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अवधि :** 17.11.2025 से 15 (पंद्रह) दिन पहले 11.00 बजे तक। **निविदा बंद करने की तिथि एवं समय :** 17.11.2025 को 11.00 बजे तक। **निविदा की वैधता :** 69 (उनसठ) दिन; **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 17.12.2025 को 12.00 बजे के बाद निविदा खूली जाएगी। **वेबसाइट जहां से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे:** निविदा दस्तावेज का पूरा सेट भारतीय रेलवे की ई-खरीद वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 25.10.2025 से 17.11.2025 को 11.00 बजे तक उपलब्ध है।

(MISC-256/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**सं.ओएएच/2/1/जनरल. दिनांक : 29.10 2025.** वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनमें सिंचाई / सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **एक्सईएन/ बीआरएल/एचडब्ल्यूएच के अधीन। 1) ई-निविदा सं.: 150_2025-26; कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल के मेन लाइन शाखा पर गंगपुर और बर्द्धमान स्टेशनों के बीच डीएन/एचबीसी और डीएन/मेन के ऊपर ब्रिज नंबर - 209 के गर्डरों का प्रतिस्थापन। **अनुमानित लागत:** रु. 13,48,34,432.00; **बयाना राशि:** रु. 8,24,200.00; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **2) ई-निविदा सं.: 160_2025-26; कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल के एसीसीएल शाखा में ब्रिज नंबर-17 डीएन/एसीसीएल के बीजीएमएल मानक गर्डरों का प्रतिस्थापन, जिसमें उप संरचना को आरसीसी जैकेटिंग से मज़बूत करना भी शामिल है। **अनुमानित लागत:** रु. 1,48,30,076.76; **बयाना राशि:** रु. 2,24,200.00; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 09 (नौ) महीने। **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :** 19.11.2025, 14.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि किसी भी कारण से अवकाश/बंद/ हड़ताल घोषित हो जाती है, तो ऑनलाइन निविदा बंद करने की तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद कोई प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदा अगली कार्य तिथि को खोली जाएगी। निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ई निविदा के संबंध में ईएमडी और टीडीसी का भुगतान, बयाना राशि जमा [ईएमडी] और निविदा दस्तावेज लागत [टीडीसी] का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-363/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सतर्कता अभियान सप्ताह के तहत नागरिकों को दिलाई गई सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन मे "सतर्कता अभियान सप्ताह" के तहत नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाहरणालय स्थित सभागार में पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सत्यनिष्ठा का शपथ दिलाया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव, निगरानी विभाग, बिहार के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता अभिचेतना सप्ताह का आयोजन सभी विभागों के साथ साथ जिला मुख्यालय के सभी कार्यालय, विभागों, अनुमंडल कार्यालय, सभी प्रखंड कार्यालय मे आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि लोक प्रशासन में भ्रष्टाचार जन-जीवन को आक्रान्त और कलुषित करता है और अंततः उसे संज्ञानहीन कर डालता है। एक स्वच्छ, सक्रिय और निष्ठावान प्रशासन-तंत्र ही राज्य में प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। गरीबी उन्मूलन की योजनाओं को सद्गति प्रदान कर सकता है एवं मानवाधिकार की रक्षा कर सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में पूरे जन-जीवन और प्रशासन-तंत्र में भ्रष्टाचार उन्मूलन की दिशा में अपेक्षित सतर्कता के प्रति अभिचेतना का संचार, प्रचार और प्रसार होगा। विदित हो कि राज्य सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" नीति को दृढ़तापूर्वक लागू कर सभी स्तरों पर भ्रष्टचार नियंत्रण हेतु ठोस प्रयास जारी है। भ्रष्टाचार के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु बिहार विशेष अधिनियम-2009 के अन्तर्गत भ्रष्ट लोक सेवकों की सम्पत्ति को राज्यसात करने की कार्रवाई को गति प्रदान की गई है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि मेरा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। उन्होंने यह भी कहा कि मेरा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए। इस कार्यक्रम मे जिला पदाधिकारी के साथ-साथ उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, अपर समाहर्ता, राजस्व अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम तेज नारायण राय सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, महाप्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **निविदा संख्या: बीआर-मुख्यालय-एडीए-आरएनसी-25-26-06; कार्य का विवरण:** "रांची आद्रा मंडल" - "100 किमी प्रति घंटे की गति से 25टी एक्सल वाले मालगाड़ियों के चलने के लिए पुलों का पुनःगर्डरिंग (ए) ओरगा-हाती खंड के पुल संख्या 489 (9x18.3 मीटर) और 574 (6x18.3 मीटर) (बी) ओरगा-हटिया खंड के पुल संख्या 520 (11x18.3 मीटर) (सी) मुरी-कोटशिला खंड के पुल संख्या 156 अप (9x18.3 मीटर) (डी) आद्रा - गोमो खंड के पुल संख्या 409 अप (5x12.2 मीटर + 5x30.5 मीटर) (ई) आद्रा - चांडिल खंड के पुल संख्या 414 डाउन (5x30.50 मीटर + 1x24.40 मीटर) (एफ) आद्रा- मिदनापुर खंड के पुल संख्या 284 (13x18.3 मीटर) (जी) बोकारो स्टील सिटी - तालगड़िया खंड के पुल संख्या 443 (1x18.3 मीटर) (एच) आद्रा - एन.सी.बी. गोमो खंड के पुल संख्या 412 डाउन (1x30.5 मीटर + 5x45.7 मीटर + 1x12.2 मीटर) (आई) केटीडी -यूआरए स्टेशन के पुल संख्या 392 अप (2x18.3 मीटर) और 394 अप (2x18.3 मीटर)।" **निविदा मूल्य:** ₹ 102,21,02,145.18; बयाना राशि: ₹ 52,60,500.00; **निविदा दस्तावेज लागत:** शून्य; **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 08.12.2025 को 11:30 बजे। **पूर्णता अवधि:** 18 (अठारह) महीने। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं का पूरा विवरण/जानकारी और इस निविदा की स्थिति जानने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं ताकि अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकें। इस कार्य के लिए भौतिक/मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

**(PR-781)**

## संपादकीय

# आत्महत्याएं - पढ़ाई का दबाव या व्यवस्था की नाकामी?

शिक्षण संस्थानों का वास्तविक अर्थ है, जहां ज्ञानार्जन के साथ-साथ विद्यार्थियों के भीतर व्यावहारिक कौशल और जीवन में चुनौतियों से मुकाबला करने की मानसिक शक्ति भी विकसित होती है। मगर जब कोई विद्यार्थी अपनी जिंदगी से हार मानने को मजबूर हो जाए, तो इन संस्थानों का महत्त्व क्या रह जाता है? क्या आज के शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य सिर्फ किताबी ज्ञान बांटना रह गया है?क्या संस्थानों के प्रबंधन का यह दायित्व नहीं है कि वे अपने परिसर में ऐसा माहौल तैयार करें कि कोई भी विद्यार्थी बिना किसी भेदभाव, परेशानी और तनाव के शिक्षा ग्रहण कर सके? इसी लापरवाही का नतीजा है कि देशभर में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामले साल-दर-साल बढ़ते जा रहे हैं। हालांकि सरकार की ओर से इस तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन उन्हें जमीन पर उतारने की गंभीरता कहीं नजर नहीं आती है।यही कारण है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन पर आठ सप्ताह के भीतर विस्तृत ब्योरा पेश करने को कहा है।राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की हाल की एक रपट भी इस बात की तस्दीक करती है कि देश में विद्यार्थियों की आत्महत्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 13,892 मामले सामने आए, जो वर्ष 2013 की तुलना में लगभग पैंसठ फीसद अधिक है। जबकि वर्ष 2019 की तुलना में यह वृद्धि चौंतीस फीसद दर्ज की गई है। समग्र तौर पर देखें, तो वर्ष 2023 में हुई कुल आत्महत्या में विद्यार्थियों की संख्या आठ फीसद से अधिक थी। यह स्थिति वास्तव में भयावह है। विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति बिगड़ने के कई कारण हो सकते हैं।मसलन, पढ़ाई का दबाव, शिक्षा संस्थानों में हिंसा और जातिगत भेदभाव या फिर घरेलू एवं आर्थिक परेशानियां। ये ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समय रहते समाधान किया जा सकता है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में 25 जुलाई के अपने फैसले में सरकार और शिक्षा संस्थानों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे।शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी बेहद संवेदनशील मसला है। सरकार और शिक्षा संस्थानों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संकट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने अपने पूर्व के फैसले में यह भी निर्देश दिया था कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश दो महीने के भीतर तमाम निजी कोचिंग केंद्रों के लिए पंजीकरण, छात्र सुरक्षा मानदंड और शिकायत निवारण तंत्र अनिवार्य करने वाले नियम अधिसूचित करें।

**मोक्ष प्राप्ति के उद्देश्य से मिले इस मानव जीवन को संवारने की दृष्टि से विद्वान संत महात्मा उपदेश देते हैं कि काम एवं अर्थ से सम्बंधित की जाने वाली गतिविधियों को धर्म आधारित होना चाहिए ताकि अंत में मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हो सके।हिंदू सनातन संस्कृति से सम्बंधित वेदों, पुराणों एवं धार्मिक ग्रंथों में यह वर्णन मिलता है कि मानव जीवन की प्राप्ति, 84 लाख योनियों के चक्र के पश्चात प्राप्त होती है। साथ ही, यह भी माना जाता है कि मानव जीवन की प्राप्ति पिछले जन्मों में किए गए कर्मों को भोगने, भविष्य का निर्माण करने एवं 84 लाख योनियों के चक्र से बाहर निकलकर मोक्ष की प्राप्ति करने के लक्ष्य को हासिल करने के अवसर के रूप में मिलती है। अब, यह इस मानव जीवन में किए गए कर्मों पर निर्भर करता है कि हमें मोक्ष की प्राप्ति होगी अथवा 84 लाख योनियों के चक्र में एक बार पुनः फंसे रहेंगे।**

# इस वर्ष नोबेल पुरस्कार प्राप्त सृजनात्मक विनाश के सिद्धांत की जड़ें हिंदू सनातन संस्कृति में हैं

(प्रह्लाद सबनानी)

यदि हम अपने कर्मों को लगातार धर्मानुसार करते हैं तो मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है। इसी आधार पर ही यह कहा भी जाता है कि मोक्ष प्राप्ति के उद्देश्य से ही देवता भी मानव जीवन को प्राप्त करने की कामना करते हैं। मोक्ष प्राप्ति के उद्देश्य से मिले इस मानव जीवन को संवारने की दृष्टि से विद्वान संत महात्मा उपदेश देते हैं कि काम एवं अर्थ से सम्बंधित की जाने वाली गतिविधियों को धर्म आधारित होना चाहिए ताकि अंत में मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हो सके। अतः काम एवं अर्थ को धर्म एवं मोक्ष के बीच स्थान दिया गया है। धर्म का आशय यहां प्रभु परमात्मा की भक्ति अथवा पंथ (रिलीजन) से कतई नहीं हैं बल्कि धर्म से आश्य यह है कि किसी भी प्रकार के कार्य को सम्पन्न करने में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि किए जाने वाले कार्य से किसी भी जीव जंतु अथवा मानव की हानि नहीं हो इसके ठीक विपरीत हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों से समाजजनों की भलाई हो। अर्थात, निर्धारित नियमों का अनुपलान करते हुए व्यक्तिगत एवं सामाजिक कार्यों को सम्पन्न करना ही हमारा धर्म है और यदि हम लगातार धर्म के अनुसार कार्य करते रहेंगे तो मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हो सकेगी। इस प्रकार, हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार पुनर्जन्म में विश्वास किया जाता है। किसी भी प्राणी का अहित करना तो दूर, बल्कि इसके बारे में कभी सोचा भी नहीं जाता है। समस्त जीवों में प्रभु परमात्मा का वास माना जाता है और सभी जीवों में एक ही आत्मा का निवास मानकर आपस में एकाकार माना जाता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की भावना का जन्म भी उक्त सिद्धांत के आधार पर ही हुआ है। प्रभु परमात्मा द्वारा निर्धारित की गई उम्र को प्राप्त करने के पश्चात इस जीव को अपना मानुष चोला त्यागकर, इस जीवन में किए गए कर्मों के आधार पर नयी योनि में जन्म लेना होता है और इसे ही सृजनात्मक विनाश की संज्ञा दी जा सकती है।



हाल ही में, वर्ष 2025 के लिए अर्थशास्त्र विषय में नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई है। इस वर्ष यह पुरस्कार जोएल मोक्यर, फिलिप एगियन और पीटर हाविट को 'सृजनात्मक विनाश (क्रीएटिव डेस्ट्रक्शन)' एवं 'नवाचार संचालित आर्थिक संवृद्धि की व्याख्या' विषय पर शोद्ध करने के लिए संयुक्त रूप से दिया गया है।

फिलिप एगियन और पीटर हाविट ने सृजनात्मक विनाश के माध्यम से सतत संवृद्धि के सिद्धांत साझा किए हैं। आपने सृजनात्मक विनाश की व्याख्या करने के लिए एक गणितीय मॉडल तैयार किया है। सृजनात्मक विनाश के अनुसार, जब बाजार में नए और बेहतर उत्पाद आते हैं, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कम्पनियां अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता खो देती हैं या बाजार से बाहर हो जाती है। इसे सृजनात्मक कहा जाता है, क्योंकि यह नवाचार पर आधरित है। यद्यपि यह विनाशकारी भी हैं, क्योंकि पुराने उत्पाद अप्रचलित हो जाते हैं और अपना वाणिज्यिक मूल्य खो देते हैं। इस प्रकार बाजार में नई इकाईयों का पदार्पण होता है एवं पुरानी इकाईयों का विनाश हो जाता है। इसे ही सृजनात्मक विनाश की संज्ञा दी गई है।

ऐसा आभास हो रहा है कि उक्त सिद्धांत की जड़ें हिंदू सनातन संस्कृति से ही निकलती हैं। जिस किसी जीव ने इस धरा पर जन्म लिया है उसे एक दिन तो अपने जीवन का परित्याग करना ही है। मानव जीवन की प्राप्ति भी कुछ उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए होती है, उन उद्देश्यों की प्राप्ति के पश्चात इस मानव जीवन को छोड़ना ही होता है। उसी प्रकार, सृजनात्मक विनाश के सिद्धांत में भी एक समय सीमा के पश्चात उत्पादों के विनिर्माण हेतु बाजार में जब नयी पीढ़ी की इकाईयों का पदार्पण होता है तो पुरानी पीढ़ी की विनिर्माण इकाईयों को बाजार से बाहर हो जाना होता है।

हिंदू सनातन संस्कृति का अध्ययन करने पर ध्यान में आता है कि स्व-सृजक प्रक्रिया एवं रचनात्मक विनाश का सिद्धांत तो भारतीय संस्कृति में पूर्व से ही अंतर्निहित है। भगवान शिव जब तांडव नृत्य करते हैं तो बुरे विचारों का नाश होकर नए विचार जन्म लेते हैं जो प्रकृति का सृजन कर प्रकृति को नई ऊंचाई पर ले जाने में सहायक होते हैं। भगवान शिव भी तांडव नृत्य इस सिद्धांत के आधार पर करते हैं ताकि पृथ्वी पर आवश्यक विनाश हो सके एवं नयी प्रकृति का पुनर्निर्माण हो सके। शिव तांडव के सृजनात्मक विनाश सम्बंधी सिद्धांत को ही अर्थशास्त्र में लागू करते हुए कहा गया है कि प्रत्येक उत्पादन इकाई की अपनी एक उम्र तय होती है और इस खंडकाल में सामान्यतः नवाचार होने के चलते पुरानी इकाईयां बंद हो जाती हैं और यहां यह कहा गया है कि इन पुरानी इकाईयों को नष्ट होने देना चाहिए ताकि नवाचार के साथ नई उत्पादन इकाईयों को स्थापित कराया जा सके। यह सिद्धांत शिव तांडव की तरह विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चलता रहता है।

जोएल मोक्यर ने तकनीकी प्रगति के माध्यम से सतत आर्थिक संवृद्धि के लिए आवश्यक पूर्व शर्तों की पहचान की है और उन्होंने उन तंत्रों का वर्णन किया है जो वैज्ञानिक सफलताओं और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को एक दूसरे को बढ़ाने तथा एक स्व-सृजक प्रक्रिया बनाने में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने सतत संवृद्धि के लिए आवश्यक कारकों की पहचान की हैं। इनमें शामिल हैं - उपयोगी ज्ञान का सतत प्रवाह - जिसमें (1) प्रस्तावात्मक ज्ञान (प्रोपोजीशनल नोलेज), जो दर्शाता है कि कोई व्यक्ति काम क्यों करता है, (2) निर्देशात्मक ज्ञान (प्रेसक्रिप्टिव नोलेज) जो वर्णित करता है कि किसी व्यक्ति द्वारा काम करने के लिए क्या आवश्यक है, शामिल है। इसी प्रकार वाणिज्यिक ज्ञान द्वारा विचारों को वाणिज्यिक उत्पादों में बदला जाता है और इस परिवर्तन के प्रति सामाजिक खुलापन होना चाहिए जो पुराने उत्पादों के स्थान पर नए उत्पादों को स्वीकार करने की इच्छा रखते हों।

इसी प्रकार स्व-सृजक प्रक्रिया के अंतर्गत यह कहा जा सकता है कि हिंदू सनातन संस्कृति में मनुष्य का इस धरा पर जन्म 84 लाख योनियों से अपने आप को मुक्त करने के उद्देश्य से होता है अतः उसे ज्ञान रहता है कि उसे किस प्रकार के कर्म इस मानुष जीवन में करना हैं और क्यों करना है। इन निर्धारित कर्मों को करते हुए मनुष्य मोक्ष को प्राप्त करने हेतु सदैव ही प्रयासरत रहता है। इस ही स्व-सृजक प्रक्रिया कहा जा सकता है। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# बड़े भाई तेज प्रताप यादव को बेचारा बनाकर तेजस्वी यादव का भला नहीं होगा

(रंगनाथ सिंह)

लालू यादव और राबड़ी देवी के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की जिन्दगी ग्रीक नाटकों के ट्रैजिक पात्रों की तरह होती जा रही है। 2015 में जब लालू यादव ने पुराने दोस्त और तत्कालिक विरोधी नीतीश कुमार से हाथ मिलाकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ा तो उनकी पार्टी की 10 साल बाद सत्ता में वापसी हुई थी। विजयी महागठबंधन के नेता के तौर पर जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने आए तो उनके दायें-बायें लालू यादव के दोनों बेटे तेज प्रताप और तेजस्वी ने भी शपथ ली। इसे लालू यादव के अन्ध-पुत्रमोह की तरह देखा गया मगर जनता तब ज्यादा चौंकी जब उम्र में छोटे तेजस्वी यादव को डिप्टी सीएम के रूप में तेज प्रताप से ऊपर का पद मिला। परम्परागत भारतीय परिवार में पिता की विरासत का जिम्मा बड़े बेटे के कन्धे पर आता है। लालू यादव ने उप-मुख्यमंत्री बनाकर अपनी राजनीतिक विरासत तेजस्वी को सौंपने की अनाधिकारिक घोषणा कर दी थी। उसके बाद साल दर साल यह साफ होता गया कि लालू जी के वारिस तेजस्वी यादव हैं। डिप्टी सीएम, नेता विपक्षी दल का पद सुशोभित कर चुके तेजस्वी यादव अब 2025 के चुनाव में महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जा चुके हैं। दूसरी तरफ नीतीश कुमार के बगल में खड़े होकर मंत्री पद की शपथ लेने वाले तेज प्रताप यादव को उनके पिता की पार्टी और परिवार से निकाला जा चुका है। जिस घटना के बाद तेज प्रताप को राजद और लालू परिवार से निकाले जाने की घोषणा की गयी, वह भी चौंकाने वाली थी।तेज प्रताप यादव के फेसबुक पर पब्लिश एक पोस्ट में दावा किया गया कि एक युवती से उनका 12 सालों से प्रेम सम्बन्ध है। तेज प्रताप यादव का उनकी पत्नी ऐश्वर्या से तलाक का केस चल रहा है। तेज प्रताप यादव ने पोस्ट को हैकिंग की उपज बता दिया मगर लालू परिवार की प्रतिक्रिया ने इस मामले को ज्यादा सुर्खियों में ला दिया वरना यह मामला भी लाखों सोशलमीडिया सनसनियों की तरह धीरे-धीरे विस्मृति की गर्त में चला जाता।अब यह स्थिति है कि तेज प्रताव यादव अपनी अलग पार्टी (जनशक्ति जनता दल) बनाकर बिहार चुनाव में अपना राजनीतिक अस्तित्व जिन्दा रखने का प्रयास कर रहे हैं। तेज प्रताप ने वैशाली जिले की महुआ विधान सभा सीट से नामांकन दाखिल किया है।

तेज प्रताप ने चुनाव की घोषणा से पहले ही बता दिया था कि वह महुआ से लड़ेंगे। 2015 विधान सभा चुनाव में वह महुआ से ही विधायक थे। 2020 में वह हसनपुर से विधायक थे। चुनाव की घोषणा के बाद राजद ने भी वर्तमान विधायक को महुआ से पार्टी का टिकट दे दिया है। यानी तेजस्वी यादव अपने भाई तेज प्रताप यादव को बिहार विधान सभा में नहीं देखना चाहते।तेजस्वी यादव नीत गठबंधन या तो राज्य में सबसे बड़ा दल बनेगा या दूसरा बड़ा दल। यानी सीएम या नेता विपक्षी दल में से एक पद तेजस्वी को मिलना पक्का है। मगर तेजस्वी ने तेज प्रताप यादव के लिए विधायक की सीट भी नहीं छोड़ी।

## क्या शादी के लिए कुंडली, मंत्रोच्चार और ज्योतिष की भूमिका अहम रहती है?

रामस्वरूप रावतसरे

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ज्योतिष विभाग के तीन प्रोफेसरों और दो शोधार्थियों ने शादियाँ टूटने एवं लव अफेयर, लिव-इन रिलेशनशिप और घरेलू हिंसा जैसे कारणों पर गहन रिसर्च किया है। उनके इस रिसर्च के निष्कर्ष में चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। रिसर्च में पाया गया कि 37 प्रतिशत शादियाँ सिर्फ इसलिए टूट रही हैं क्योंकि वर-वधु की कुंडली ठीक से मिलाई ही नहीं गई। ग्रह दोषों को नजरअंदाज कर शादियाँ कर ली जाती हैं जिसके बाद रिश्ते बिखर जाते हैं। कभी लव अफेयर में फँसकर एक-दूसरे का मर्डर करवा देते हैं तो कभी परिवार व साथी से संतुष्टि नहीं होने के कारण नया साथी तलाशने लगते हैं।

यह रिसर्च बीएचयू के ज्योतिष विभाग में आयोजित एक सेमिनार में पेश की गई। इस सेमिनार में भारत के 15 राज्यों से शोधार्थी पहुँचे थे। साथ ही नेपाल, सिंगापुर और दुबई से भी विशेषज्ञ शामिल हुए। इस सेमिनार में प्रोफेसर विनय पाण्डेय ने अपना शोधपत्र पढ़ा। प्रोफेसर विनय पाण्डेय के अनुसार लड़का-लड़की की कुंडली में 36 में से 32 गुण मिलने के बावजूद ग्रहों का मिलान जरूरी है, लेकिन आजकल लोग मॉडर्न दिखने के चक्कर में सनातन रस्में निभाते ही नहीं। शादी में फोटोशूट और सेल्फी में व्यस्त रहते हैं। मंत्रों का उच्चारण तक नहीं होता। नतीजा? शादियाँ टूट रही हैं, पति-पत्नी एक-दूसरे का खून कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में पति-पत्नी के बीच जघन्य हत्याओं के मामले बढ़े हैं। ज्यादातर केसों में एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर का हाथ होता है। प्रो. विनय ने कहा, जब कुंडली और ग्रह मिलान ठीक से होता है तो रिश्ता 100 प्रतिशत सही चलता है। ज्योतिष तो एक तरह की गणित है, वैज्ञानिक तथ्य है।

जानकारों के अनुसार रिसर्च की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि हिंदू धर्म में विवाह को अटूट बंधन माना जाता है लेकिन आधुनिकता के नाम पर परंपराओं को ठुकरा दिया जा रहा है। ज्योतिष विभाग के प्रमुख प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी के अनुसार लोग अधिक आधुनिक होने का ढोंग करते हैं। कुंडली मिलान को बकवास मानते हैं। नतीजे आपके सामने हैं- तलाक, हिंसा और हत्याएँ। रिसर्च टीम ने महसूस किया कि ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरों तक यही समस्या फैल रही है। लिव-इन और लव अफेयर को बढ़ावा मिल रहा है, लेकिन शादी के बाद रिश्ते संभाल नहीं पाते।

ये रिसर्च करीब डेढ़ साल से चल रही बताई जा रही है। आँकड़े आने के बाद उन पर रिसर्च में छह महीने लगे। इस टीम में प्रो. विनय पाण्डेय, प्रो. आशुतोष त्रिपाठी, प्रो. अमित कुमार मिश्रा, शोधार्थी गणेश प्रसाद और नेपाल की पीएचडी छात्रा रोदना घिनरे शामिल थे। डेटा इकट्ठा करने के लिए दो तरीके अपनाए गए। पहला बीएचयू ज्योतिष विभाग की ओपीडी से, यहाँ पूरे देश से लोग कुंडली दिखाने आते हैं।

दूसरे शोधार्थियों को यूपी के 12 जिलों में भेजा गया। वहां उन जोड़ों को चुना गया जिनकी शादी के तीन साल के अंदर तलाक हो गया था। कुल 250 केस इकट्ठे किए गए। इनके परिवारों से तीन सवाल पूछे गए। 1-शादी से पहले कुंडली मिलाई गई अथवा नहीं ? कितने गुण मिले? कोई ग्रह दोष तो नहीं था? 2-अगर दोष मिला तो शादी क्यों की? 3-शादी के दौरान सनातन रीति-रिवाज पूरी तरह अपनाए गए अथवा नहीं ? ये सवाल सरल थे, लेकिन जवाबों ने सच्चाई उजागर कर दी। प्रो. विनय कहते हैं, डेटा एनालिसिस में पाया कि 37 प्रतिशत केसों में शादी के एक-दो साल में ही बिखराव आ गया। कारण? कुंडली ठीक से नहीं मिलाई गई। लोग जल्दबाजी में रिश्ता पक्का कर लेते हैं।ज्बाकी 63 प्रतिशत मामलों में सनातन रीति-रिवाजों की अनदेखी हुई। मुहूर्त होटल बुकिंग के हिसाब से तय किया गया। मंत्रोच्चारण अधूरा रहा। उन्होंने कहा, शादी एक धार्मिक संस्कार है, लेकिन लोग इसे पार्टी बना देते हैं।

प्रो. विनय पांडेय के अनुसार जिन लोगों की कुंडलियाँ विवाह के समय नहीं मिलाई जाती, वो भी तो सफल या फिर असफल-दो ही श्रेणियों में आती हैं। ऐसे में सफल और असफल होने के पीछे भी ज्योतिष की गणनाओं को माना जाए? प्रो. विनय पाण्डेय ने कहा, 'सफल या असफल शादियों, चाहे वो किसी भी धर्म-देश की हों, उनकी भी ज्योतिषीय गणना निकाली जा सकती है। कुंडली न मिलाने का मतलब ये नहीं हुआ कि उनकी कुंडली मिल नहीं रही। पीछे से सबकुछ सही होने पर ही शादियाँ चलती हैं। उन्होंने कहा कि ज्योतिष को गणितीय नजर से देखेंगे तो फर्क समझ में आएगा। उन्होंने कहा कि प्रेम-विवाह करने वाली शादियाँ भी टूट रही हैं और वो चल भी रही हैं। अगर उनकी कुंडलियों का मिलान किया जाए, तो सबकुछ सामने आ जाएगा। गणित हर जगह मौजूद है, चाहे उसकी जानकारी किसी को हो या न हो। रिसर्च के मुख्य निष्कर्ष यही हैं कि कुंडली मिलान सिर्फ गुणों की गिनती नहीं बल्कि ग्रहों का गहरा विश्लेषण है। प्रो. विनय ने स्पष्ट किया, च्च्कुंडली मिलान दो तरह का होता है।

# एसआईआर की सार्थक पहल का विरोध नहीं, स्वागत हो

**मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की रीढ़ है। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में मतदाता सूची की सटीकता सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये एक निश्चित अन्तराल के बाद एसआईआर की प्रक्रिया होते रहना अपेक्षित है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत करने की घोषणा करके चुनाव विसंगतियों एवं कमियों को दूर करने का सराहनीय एवं साहसिक कार्य किया है। यह पहल न केवल तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया भर है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने की एक निर्णायक कोशिश है। लोकतंत्र की आत्मा उसके निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता में बसती है और चुनाव आयोग का यह कदम उसी दिशा में एक ठोस, सकारात्मक और आवश्यक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया से सबक लेते हुए इस बार आयोग ने प्रक्रिया के लिए अधिक समय दिया है, ताकि बिहार जैसी जल्दबाजी और अफरातफरी से बचा जा सके।**

(ललित गर्ग)

आधार कार्ड को एक सहायक दस्तावेज़ के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल बनेगी।निश्चित ही इस बार 12 राज्य संख्या में ज्यादा हैं तो चुनौती भी उसी हिसाब से ज्यादा बड़ी है। उम्मीद कर सकते हैं कि बिहार में पुनरीक्षण प्रक्रिया में आई दिक्कतें अब आयोग के लिए अनुभव का काम करेंगी और वहां जैसी परेशानी बाकी जगहों पर लोगों को नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के शिड्यूल का ऐलान करते हुए कहा कि प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य मतदाता लिस्ट में शामिल न हो। जिन राज्यों को दूसरे चरण में चुना गया है, उनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं, इनमें से केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी अगले ही साल विधानसभा चुनाव है, लेकिन उसे दूसरे चरण से बाहर रखा गया। आयोग ने इस बार आधार कार्ड को लेकर रुख पहले ही साफ कर दिया है कि यह जन्म, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा, लेकिन एसआईआर में इसे एक डॉक्युमेंट के रूप में पेश किया जा सकेगा। यह स्पष्टता इसलिए जरूरी थी, क्योंकि बिहार में पहले चरण के दौरान आधार कार्ड का मसला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था। दस्तावेज ऐसे होने चाहिए, जो अधिकतम आबादी की पहुंच में हों और आधार आज पहचान का सबसे सरल जरिया है। मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की रीढ़ है। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में मतदाता सूची की सटीकता सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये एक निश्चित अन्तराल के बाद एसआईआर की प्रक्रिया होते रहना अपेक्षित है। इसके पहले एसआईआर करीब दो दशक पहले किया गया था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर में इतना अंतराल न आने पाए, क्योंकि अब लाखों लोग नौकरी-पेशे के चलते अन्यत्र चले जाते हैं। इनमें से



अधिकांश वहीं बस जाते हैं। कई बार देखा गया है कि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहते हैं, वहीं नये पात्र नागरिकों के नाम दर्ज नहीं हो पाते। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक, इस विसंगति के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होता है और चुनावी परिणामों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। एसआईआर का मकसद किसी की नागरिकता तय करना या ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करना नहीं है। इसे इतना सरल होना चाहिए, जिससे लोग वोटर बनने के लिए प्रेरित हों और उनमें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए उत्साह जगे। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह पहल-इन खामियों को दूर करने की दिशा में एक संगठित और वैज्ञानिक लोकतांत्रिक प्रयास है। यदि यह कार्य धरातल पर ईमानदारी से लागू हुआ, तो यह मतदाता सूची की पवित्रता और लोकतंत्र की गरिमा दोनों को बढ़ाएगा। भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह बहुत जरूरी है, इसके लिये राजनीतिक दलों की भूमिका एवं सहयोग अपेक्षित है, वे इस प्रक्रिया को सकारात्मक दृष्टि से लें। इस सराहनीय एवं नितांत अपेक्षित उपक्रम के लिये विपक्षी दलों के द्वारा विरोध का वातावरण बनाना एवं आस्तीनें चढ़ाना उनकी विश्वसनीयता एवं जिम्मेदारी पर प्रश्न खड़ा करता है। अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव आयोग सुधारात्मक कदम उठाता है, तो विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। परंतु लोकतंत्र का स्वास्थ्य तब ही सुदृढ़ होगा जब सभी दल 'पारदर्शिता' को 'राजनीतिक लाभ-हानि' से ऊपर रखेंगे। विपक्ष को चाहिए कि वह इस पहल का विरोध करने की बजाय स्वागत करे और इसे सही दिशा में लागू कराने में सहयोग दे, न कि शंका और अविश्वास के चश्मे से देखे। बहरहाल, राजनीतिक पार्टियों की यह महती जिम्मेदारी है कि वे सिर्फ दोषारोपण करने तक सीमित न रहें, बल्कि इस पूरी प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। इसी तरह, नागरिक संगठनों के लिए भी यह सक्रिय होने का समय है। उनकी निगरानी बीएलए के काम को अधिक सरल व सटीक बना सकती है। कुल मिलाकर पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का सपना दिखाने वाले चुनाव आयोग के सामने अभी अपनी इस प्राथमिक जिम्मेदारी को ही निर्विवाद रूप से पूरा करने की चुनौती है। डिजिटल युग में चुनाव सुधार केवल मानव संसाधन या प्रशासनिक इच्छाशक्ति का नहीं, बल्कि तकनीकी पारदर्शिता का भी प्रश्न है। बायोमेट्रिक सत्यापन, ऑनलाइन नामांकन और डेटा क्रॉस-वेरिफिकेशन जैसे उपाय अब आवश्यक हो चुके हैं। विशेष ग्रहण पुनरीक्षण इस दिशा में आधारभूत कार्य करेगा यानी चुनावी डाटा की सफाई और पुनर्गठन। भारत की चुनावी प्रक्रिया विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यास के रूप में जानी जाती है। लेकिन यह गौरव तभी सार्थक होगा जब मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की निष्पक्षता और आचार संहिता के पालन में कोई संदेह न रहे। चुनाव आयोग की यह पहल उसी लक्ष्य की ओर एक ठोस कदम है। लोकतंत्र केवल मतों की गिनती नहीं, बल्कि विश्वास की गिनती है और यह विश्वास चुनाव आयोग की ईमानदारी, पारदर्शिता और सक्रियता पर टिका है। जन-प्रतिनिधित्व कानून, 1950 की धारा 21 चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और उनको संशोधित करने का अधिकार देती है। मगर उनकी दाल न सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गली और न ही बिहार की जनता के बीच तो इसीलिए कि वे कोरा दुष्प्रचार कर रहे थे। उसे इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि मतदाता सूचियों को ठीक करने की प्रक्रिया में किसी तरह की गलती न होने पाए, क्योंकि विपक्षी दल छोटी-छोटी बातों को तूल देकर इस संवैधानिक प्रक्रिया को श्रीहीन करने की चेष्टा कर सकते हैं।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# उपायुक्त की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक, योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आज ग्रामीण विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (BDO) एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं के अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में और गति लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभुकों तक समय पर पहुँचे, इसके लिए निरंतर निगरानी एवं फील्ड विजिट आवश्यक है। उन्होंने मनरेगा योजनाओं के अंतर्गत रोजगार सृजन दिवस बढ़ाने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कुआं एवं सोक पिट निर्माण जैसी परिसंपत्तियों के सृजन पर विशेष बल दिया। उपायुक्त ने बीडीओ को संचालित योजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की और सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त ने 'दीदी बाड़ी योजना' को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए अधिकाधिक लाभुकों को जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही, आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने को कहा।




बैठक में बिरसा हरित ग्राम योजना, जॉब कार्ड ई-केवाईसी, आवास योजना की किश्तों का समय पर हस्तांतरण, तथा बर्मी कंपोस्ट एवं नाडेप निर्माण जैसे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ऐसे कार्यों को मनरेगा योजनाओं से टेक-अप करते हुए अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। अंत में, उपायुक्त ने सभी प्रखंडों को निर्देश दिया तथा मनरेगा योजना के तहत दिए गए लक्ष्यों का निष्पादन कर आगामी समीक्षा बैठक में कार्य संपादन की प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस, डीआरडीए निदेशक मौजूद थे।

## बाइक की टक्कर से एक बालक की मौत

**हसनगंज/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र मे बाइक की टक्कर लगने से एक 16 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने घंटों सड़क अवरुद्ध कर बाइक चालक पर कारवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार देर शाम श्रवण कुमार, साहुल कुमार और मनीष कुमार सरदाही चौक से वापस अपने घर आ रहा था। इसी क्रम में तेज रफ्तार बाइक ने इन्हें टक्कर मार दी। जिससे सरदाही, केलाबाड़ी निवासी 16 वर्षीय साहुल कुमार पिता छंगोरी यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को घंटों हसनगंज कटिहार जाने वाली मार्ग को सरदाही चौक के करीब अवरुद्ध कर बाइक चालक पर कारवाई करने की मांग करने लगे। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल घटना स्थल पहुंच कर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

### झोला छाप डॉक्टर की लापरवाही से गई एक और जान

## प्रशासन ने लक्ष्मी नर्सिंग होम किया सील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़, हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड के गोमिया रोड स्थित लक्ष्मी नरसिंग होम में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान गोविंदपुर निवासी 32 वर्षीय पावन सिंह के रूप में की गई है।

परिजनों के अनुसार, पावन सिंह को मामूली दस्त की शिकायत थी, जिसके उपचार के लिए वे उक्त नर्सिंग होम पहुंचे थे। वहां मौजूद झोला छाप डॉक्टर ने कथित रूप से सलाइन में गलत दवा मिला दी, जिसके कुछ ही देर बाद मरीज की तबीयत अचानक बिगड़ गई और तड़पते हुए उसकी मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी इसी नर्सिंग होम में गलत ऑपरेशन के कारण एक महिला की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में भारी आक्रोश है। मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से प्रशासन को आवेदन देकर ऐसे गैर-पंजीकृत नर्सिंग होमों की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लक्ष्मी नरसिंह होम को सील कर दिया तथा संचालक नारायण प्रसाद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से अपील की है कि क्षेत्र में संचालित सभी प्राइवेट क्लीनिकों और नर्सिंग होमों की जांच कर ऐसे लापरवाह चिकित्सकों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक संपन्न

## पात्र लाभुकों के पारदर्शी चयन का निर्देश

■ उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह बोले– 'कोई भी योग्य लाभुक योजना से वंचित न रहे'



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग समाहरणालय सभागार में गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना की जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से प्राप्त सुकर पालन, बकरा पालन, बतख पालन, कुक्कुट पालन और डेयरी से संबंधित आवेदनों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र लाभुकों को योजना में शामिल किया जाए तथा चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने आवेदनों और अब तक छूटे हुए इलाकों के पात्र लाभुकों को प्राथमिकता दी जाए ताकि किसी भी योग्य व्यक्ति को योजना का लाभ मिलने से वंचित न रहना पड़े। श्री सिंह ने आगे कहा 'योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और पशुधन आधारित आजीविका को बढ़ावा देना है। चयन प्रक्रिया में त्वरित कार्रवाई और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए ताकि लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुँचे।' उन्होंने निर्देश दिया कि 'सरकार आपके द्वार' अभियान के दौरान भी पात्र लाभुकों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ा जाए। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला पशुपालन पदाधिकारी, गव्य विकास पदाधिकारी, समिति के सदस्यगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन से न केवल ग्रामीण आजीविका में सुधार होगा, बल्कि आत्मनिर्भर झारखंड की दिशा में एक और ठोस कदम साबित होगा।

## केरेडारी सीएचसी में कुव्यवस्था के खिलाफ भाजपा का एकदिवसीय धरना संपन्न, फूटा आक्रोश

■ सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर बीजेपी कार्यकताओं ने दिया धरना, कहा तत्काल सुधरे व्यवस्था अन्यथा होगा जनांदोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त कुव्यवस्था और चिकित्सा में लापरवाही के खिलाफ गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा के बैनर तले हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा तथा बड़कागांव विधानसभा की सांसद प्रतिनिधि पूनम साव के नेतृत्व में आयोजित किया गया।



धरना केरेडारी प्रखंड कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ। जिसका संचालन स्थानीय भाजपा नेता महेंद्र सिंह ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय ग्रामीण और आमजन शामिल हुए। वक्ताओं ने स्वास्थ्य केंद्र में फैली कुव्यवस्था, डॉक्टरों की अनुपस्थिति और इलाज में हो रही लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। भाजपा नेताओं और सांसद प्रतिनिधियों ने कहा कि हाल ही में 26 अक्टूबर को कराली पंचायत के बेला टोला गांव में महापर्व छठ पूजा के दौरान स्नान के समय तालाब में डूबे दो बच्चियों को कैरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, लेकिन उचित चिकित्सा सुविधा, डॉक्टर की अनुपस्थिति और अव्यवस्था के कारण इलाज नहीं मिल सका। बड़कागांव ले जाने के क्रम में दोनों बच्चियों की मौत हो गई। अगर समय पर इलाज मिलता, तो उनकी जान बचाई जा सकती थी। धरना में भाजपा नेताओं ने मांग की कि संबंधित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्था सुधारने के ठोस कदम उठाए जाएं। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। अंत में ज्ञापन अंचलाधिकारी की अनुपस्थिति में केरेडारी सीआई के माध्यम से उपायुक्त हजारीबाग को सौंपा गया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला सचिव जय नारायण प्रसाद, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, तीर्थ दर्शन यात्रा संयोजक जुगनू सिंह ,विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, प्रीतम साहू ,बैजनाथ तिवारी, असेश्वर यादव वासुदेव पासवान, राजू साव, प्रमोद साव, अमित गुप्ता, बद्रीनारायण सिंह, नारायण यादव, शेर सिंह, रंजीत मेहता, भीखन महतो, सुमन गिरी, शिबू मेहता, नरेश महतो ,प्रकाश गुप्ता, अवधेश सिंह, नकुल साहब तेजो साहब सुनील ठाकुर, विनोद गोस्वामी, समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

**पीड़ित परिवार से मिलकर सांसद से करवाया बात**

धरना के बाद सांसद प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार संतु तिवारी एवं रवि तिवारी से मिलकर दूरभाष पर बात करवाया जहां सांसद मनीष जायसवाल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया ।

### पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने किया गौपूजन, बोले–

## 'गौसेवा भारतीय जीवन का संस्कार है, केवल परंपरा नहीं'



नवीन सिन्हा

■ कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी के गौपाष्टमी उत्सव में भक्ति, सेवा और करुणा का संगम

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी के प्रांगण में गुरुवार को गौपाष्टमी उत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और पूरे उत्सव में सेवा, करुणा और आध्यात्मिक भाव से सहभाग किया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने श्री सिंह का गमछा ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर गौमाता की पूजा-अर्चना की और इसे अपने लिए आस्था, गर्व और संस्कार से जुड़ा क्षण बताया।

संस्थान की ओर से उन्हें पौधा, सॉल और श्रीमद्भागवत गीता भेंटस्वरूप प्रदान की गई, जिसे उन्होंने जीवन, परंपरा और अध्यात्म का प्रतीक मानते हुए संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

अपने उद्बोधन में श्री सिंह ने कहा 'गौसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार है। जब हम सेवा को करुणा के साथ जोड़ते हैं, तभी उसका वास्तविक अर्थ प्रकट होता है।'

उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में जब समाज में संवेदनाएँ कमजोर पड़ रही हैं, तब पिंजरापोल सोसाइटी जैसे संस्थान हमें मानवता, सह-अस्तित्व और करुणा की राह पर लौटने की प्रेरणा देते हैं 'गौमाता की सेवा के माध्यम से हम केवल पशु की रक्षा नहीं करते, बल्कि अपने भीतर के मानव धर्म को भी जागृत करते हैं,' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौभक्तों, सामाजिक कार्यकताओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गौशाला परिसर में भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ पूरा वातावरण भक्ति और शांति से सराबोर रहा।

श्री सिंह ने सोसाइटी के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका यह प्रयास समाज में सद्भाव, सहयोग और संवेदना के बीज बो रहा है। आपकी यह सेवा परंपरा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने — यही मेरी हार्दिक शुभकामना है।

### चौपारण डेली मार्केट में असामाजिक तत्वों की करतूत

## मिठाई की दुकान में लगाई आग हजारों का सामान जलकर खाक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ स्थानीय लोगों में आक्रोश, प्रशासन से गश्ती बढ़ाने की मांग

**चौपारण हजारीबाग।** चौपारण प्रखंड के डेली मार्केट में गुरुवार की देर रात असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। घटना में एक मिठाई एवं भुजा दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौपारण निवासी संतोष गुप्ता प्रतिदिन डेली मार्केट में सूखी मिठाई और भुजा बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रात में वे अपना ठेला और सामान पास की एक गुमटी में सुरक्षित रख देते थे। बताया गया कि बीती रात करीब 11:30 बजे कुछ शरारती तत्वों ने जानबूझकर गुमटी में आग लगा दी, जिससे हजारों रुपये मूल्य का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग की लपटें देख स्थानीय लोग मौके पर जुटे और संतोष गुप्ता की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। संतोष गुप्ता ने बताया 'अगर थोड़ी देर और हो जाती तो आसपास की दुकानों में भी आग फैल जाती और नुकसान कई गुना ज्यादा होता।' घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मुखिया शौकत उर्फ भुट्टू खान मौके पर पहुँचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया और प्रशासन से दोषियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि ताजपुर पंचायत भवन के आसपास देर रात नशे के आदी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जिससे इस तरह की घटनाएँ बढ़ रही हैं।

## पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला की कांग्रेस में घर वापसी से उत्तरी छोटानागपुर में कांग्रेस को मिला नया संबल

नवीन सिन्हा

**चौपारण/बरही।** झारखंड की सियासत में गुरुवार को बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में पुनः घर वापसी की। राँची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में पूरे परिसर को बधाई संदेशों, बैनरों और झंडों से सजाया गया था।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वरिष्ठ नेता शहजादा अनवर, जयशंकर पाठक, और एससी मोर्चा अध्यक्ष केदार पासवान ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान 'उमाशंकर अकेला जिंदाबाद', 'राहुल गांधी जिंदाबाद' और 'कांग्रेस पार्टी अमर रहे' के नारों से पूरा हॉल गूंज उठा। केशव महतो कमलेश ने कहा 'उमाशंकर अकेला जी के आने से कांग्रेस को उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में नई ऊर्जा और मजबूती मिली है। जिस तरह राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे 'वोट छोड़ो, गद्दी छोड़ो' आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं, उसी दिशा में झारखंड कांग्रेस भी जनता के बीच नई ताकत के साथ उतर रही है।' कार्यक्रम स्थल पर उमाशंकर अकेला के समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।



■ समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया ऐतिहासिक स्वागत

ढोल-नगाड़ों की थाप और फूलों की वर्षा के बीच उन्होंने कहा 'मैंने हमेशा जनता की सेवा को ही राजनीति का धर्म माना है। कांग्रेस परिवार ही मेरा घर है, और मैं उसी घर में लौटा हूँ जहाँ से बरही और उत्तर छोटानागपुर की आवाज दिल्ली तक पहुँची थी।' ज्ञात हो कि उमाशंकर अकेला ने 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में बरही सीट जीती थी और क्षेत्र में पार्टी को नई पहचान दी थी। 2024 में टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने अस्थायी तौर पर सपा का दामन थामा था, लेकिन अब दोबारा कांग्रेस में लौटकर उन्होंने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा फिर से प्रदर्शित की है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी वापसी से कांग्रेस को उत्तर छोटानागपुर क्षेत्र में नई मजबूती मिलेगी, वहीं कार्यकताओं में नया उत्साह और विश्वास भी जागा है।

## हजारीबाग गौशाला में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ गोपाष्टमी मेला

नवीन सिन्हा

■ रिमझिम बारिश के बीच गौसेवा में लीन रहे भक्त, भक्ति और करुणा से सराबोर रहा वातावरण

**हजारीबाग।** हजारीबाग गौशाला परिसर में गोपाष्टमी पर्व का आयोजन इस वर्ष धूमधाम और आध्यात्मिक उल्लास के साथ किया गया। रिमझिम बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में गौभक्तों ने उपस्थित होकर गौमाता की पूजा और सेवा की। पूरे परिसर में 'जय गौमाता' और 'गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो' के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।

गौमाता की विशेष सजावट की गई थी। भक्तों ने दूध, हल्दी, अक्षत और पुष्पों से गौपूजन किया तथा आरती उतारकर समाज में गौसेवा और करुणा के संदेश का प्रसार किया।



कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता करण जायसवाल ने कहा 'गोपाष्टमी हमारी संस्कृति, आस्था और सेवा भाव का जीवंत प्रतीक है। गौमाता की सेवा से ही समाज में करुणा, सद्भाव और समर्पण की भावना प्रबल होती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में गौसेवा का संकल्प लेना चाहिए।'

इस अवसर पर गौशाला परिसर में भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण, और गौआरती का आयोजन किया गया। महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गौशाला समिति के सदस्यों ने बताया कि यह मेला न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि गौसंरक्षण और जनजागरण का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि गौसेवा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का भाव फैलता है। कार्यक्रम के अंत में गौशाला प्रबंधन की ओर से सभी श्रद्धालुओं को गौमाता के आशीर्वाद स्वरूप तिलक और प्रसाद प्रदान किया गया।

## वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का क्षेत्र भ्रमण, जल संरक्षण को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेरा स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का संस्था के पदाधिकारियों, मुखिया प्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली, उसकी क्षमता एवं रखरखाव की व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए किस प्रकार नियमित देखरेख और तकनीकी प्रबंधन किया जाता है। टीम ने ग्राम पंचायत चनारो, टोला परबाद, तीतही आदि क्षेत्रों का भी भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों से जल संरक्षण के विषय में राय ली गई और आने वाले समय में जल संरक्षण को प्रभावी बनाने हेतु सामूहिक प्रयासों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कविन मालिनी (टाटा ट्रस्ट), कासी सर (टाटा ट्रस्ट), अभिजीत जाना (प्रोग्राम मैनेजर, सपोर्ट), सूरज शेखर मुर्मू (सीनी), संदीप डुंग (सीनी), बहेरा पंचायत की मुखिया देवकी महतो, ग्राम पंचायत चनारो के मुखिया बृज बिहारी महतो, चुरचू उप प्रमुख चोलेश्वर महतो सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा सुमित्रा दी, लालमुनि जी, बिना जी, नगमा जलसहिया, सुलोचना जलसहिया, वीणा देवी, अर्चना देवी, प्रदीप लकड़ा, जितेंद्र राय, लाल जी, मणिकांत, रवि मुंडा, मालती देवी, अशोक महतो, बासुदेव सोरेन, सुखन लाल सोरेन, संतोष बास्के, विश्वरूप पांडे, शहजादा उस्मान एवं समस्त सपोर्ट टीम सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करना एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की कार्य प्रणाली की समझ विकसित करना रहा।





# करण जौहर की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है।

## वामिका गब्बी होंगी लीड एक्ट्रेस



चर्चाओं की मानें तो भुवन धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनने वाली करण शर्मा द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म कुकू की कुंडली से डेब्यू कर सकते हैं। इसमें उनके साथ अभिनेत्री वामिका गब्बी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। भुवन इससे पहले वेब सीरीज 'ताजा खबर' में काम कर चुके हैं।

## भुवन ने शेयर की पोस्ट

भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया और कहा कि वे सच होते हैं। भुवन ने लिखा, 'सपने देखो दोस्तों, पूरे हो जाते हैं।' इसके साथ ही उन्होंने लाल दिल और हाथ जोड़े वाले इमोजी का भी इस्तेमाल किया है।

## सेलेब्स ने दी शुभकामनाएं


भुवन की इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने भी कमेंट करके उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इनमें अभिनेता राजकुमार राव, अभिनेत्री प्रतिभा रांटा और तन्मय भट्ट जैसे सेलेब्स शामिल हैं। राजकुमार राव ने कमेंट किया, 'बहुत बहुत मुबारक मेरे भाई। अंकल आंटी का आशीर्वाद और आपकी मेहनत रंग ला रही है।' प्रतिभा रांटा ने लिखा, 'बधाई हो'। वहीं तन्मय भट्ट ने गॉड ब्लेस यू बेबी लिखा है।



# आनंद एल राय की अगली फिल्म नई नवेली का हिस्सा बनीं यामी

अपनी फिल्मों और अभिनय से इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई है। अब यामी के पास पांच फिल्मों का एक लाइनअप है, जिनमें से एक जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस जानकारी का खुलासा खुद यामी ने किया। यामी ने कहा... मैंने पांच फिल्में लॉक की हैं और उनमें से एक बहुत जल्द रिलीज के लिए तैयार है। आप इसके बारे में जल्द ही सुनेंगे। कंटेंट-ड्रिवेन सिनेमा की समर्थक यामी की आने वाली फिल्में विविध और दिलचस्प हैं। इनमें शामिल है तामसुर, जो शाह बानो की जिंदगी पर बेस्ड एक बायोपिक है और यह दिसंबर 2025 में रिलीज होगी। इसके अलावा यामी अब आनंद एल राय की अगली फिल्म नई नवेली में भी मुख्य भूमिका निभाएंगी। यह फिल्म हॉरर-कॉमेडी शैली की होगी और प्री-प्रोडक्शन के एडवांस स्टेज में है। वहीं हक में यामी के साथ इमरान हाशमी नजर आएंगे। इसके अलावा यामी चोर निकल के पार्ट 2 में भी वापसी कर रही हैं।





# रोमांटिक ड्रामा में दिखाई दे सकते हैं राघव और सई

फेमस डांसर और एक्टर राघव जुयाल ने हाल ही में आर्यन खान की वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में परवेज का किरदार निभाकर बहुत सुर्खिया बटोर ली हैं। राघव को उनके जॉली नेचर के लिए जाना जाता है और इस सीरीज में भी उनका वही अंदाज निखरकर सामने आया। ऑडियंस ने उनकी परफॉर्मेंस को खूब सराहा। अब खबर है कि राघव के हाथ एक नई फिल्म लग गई है। हाल ही में उन्होंने एक्ट्रेस सई मांजरेकर की फोटो पर कमेंट किया, जिसमें उन्होंने उन्हें शूटिंग पर ब्यूटी प्रोडक्ट्स लाने के लिए चिढ़ाया। राघव ने लिखा... शूट पर ले आना ये सब, जिससे यह अनुमान लगाया जाने लगा कि दोनों जल्द ही परदे पर साथ नजर आने वाले हैं।

खबरों के मुताबिक राघव और सई एक रोमांटिक फिल्म में एक फ्रेश जोड़ी के रूप में दिखाई देंगे। दोनों की केमिस्ट्री बेहद शानदार होगी और फिल्म में रोमांस के साथ-साथ सस्पेंस का एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके अलावा राघव ने हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने वायरल सीन पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि इमरान हाशमी के साथ सीन करने का अनुभव बेहद खास था। उन्होंने कहा... बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला। मैंने और आर्यन ने इसकी उम्मीद की थी। मैंने खुद पर कड़ी मेहनत की और कुछ नया बनाया। सीन में इमरान सर आए और इतना भावनात्मक सीन बन गया कि मैं रोने भी लग गया।

# हॉलीवुड एक्टर इलिया वोलोक संग फरार में दिखेंगे नवाजुद्दीन



अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही एक नई फिल्म फरार में नजर आने वाले हैं, जिसमें वे फिजिक्स प्रोफेसर की भूमिका निभाएंगे। सूत्रों के अनुसार... यह रोल उनके अब तक के किरदारों से बिल्कुल अलग होगा और उनके अभिनय की नई झलक दिखाएगा। खास बात यह है कि इस फिल्म में हॉलीवुड अभिनेता इलिया वोलोक भी नजर आएंगे, जिन्हें मिशन इम्पॉसिबल, जी.आई. जो और इंडियाना जोन्स जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वे इस फिल्म में खलनायक का किरदार निभाएंगे। फिल्म का निर्देशन कुशाग्र शर्मा कर रहे हैं, जिन्होंने बताया कि यह फिल्म सिनेमा में विलेन के किरदारों को नए अंदाज में पेश करेगी। इसके अलावा डब्बा कार्टेल से चर्चित अदाकारा निमिषा साजयन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है।



# करण जौहर की नई रोमांटिक फिल्म में दिखेंगी आलिया

फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर एक बार फिर रोमांस की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। खबर है कि वह अपनी अगली फिल्म में आलिया भट्ट को मुख्य किरदार के रूप में कास्ट करने वाले हैं। यह फिल्म करण के निर्देशन में बनने जा रही है, जिससे वह रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के बाद दोबारा डायरेक्टर की चेयर पर लौटेंगे, इसी के साथ वे आलिया को तीसरी बार डायरेक्ट करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक... इस फिल्म को लेकर करण ने हाल ही में रणबीर कपूर और विकी कौशल से बातचीत की है। हालांकि अभी तक किसी भी एक्टर का नाम आधिकारिक रूप से तय नहीं हुआ है। अगर रणबीर इस फिल्म के लिए हामी भरते हैं, तो यह तीसरी बार होगा जब दर्शक उन्हें आलिया के साथ परदे पर देखेंगे। फिलहाल, आलिया, रणबीर और विकी तीनों संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में बिजी हैं। फिलहाल आलिया, भंसाली की लव एंड वॉर की शूटिंग में बिजी हैं।



# तेरे नाम 2 में फिर दिख सकते हैं सलमान, स्क्रिप्ट पर चल रहा काम

बालीवुड के गलियारों में इस समय सबसे बड़ी खबर सुपरस्टार सलमान खान की कल्ट क्लासिक फिल्म तेरे नाम (2003) के सीक्वल को लेकर है। लगभग दो दशक बाद राधे और उसकी दर्द भरी प्रेम कहानी को फिर से बड़े परदे पर जीवंत करने की तैयारी चल रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार... निर्माता साजिद नाडियाडवाला इस फ्रेंचाइज को वापस लाने के लिए गंभीर रूप से विचार कर रहे हैं और सबसे रोमांचक बात यह है कि वह इस बार भी सलमान खान को ही मुख्य भूमिका में देखना चाहते हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ नई एक्ट्रेस को कास्ट किया जाएगा

## साजिद राइट्स के लिए मेकर्स से कर रहे हैं बातचीत

ट्रेड सर्कल्स से मिली जानकारी के मुताबिक...साजिद नाडियाडवाला ओरिजनल फिल्म के निर्माताओं सुनील मनचंदा और मुकेश तालरेजा से फ्रेंचाइज राइट्स हासिल करने के लिए बातचीत के उन्नत चरण में हैं। नाडियाडवाला का मुख्य उद्देश्य इस IP (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी) का पूर्ण स्वामित्व हासिल करना है, ताकि उन्हें फिल्म को अपनी रचनात्मक दृष्टि के अनुसार ढालने की पूरी आजादी मिल सके। साजिद नाडियाडवाला की तरफ से सलमान खान को वापस लाने की पूरी उम्मीद है, लेकिन सुपरस्टार ने अभी तक कोई औपचारिक हामी नहीं भरी है। एक करीबी सूत्र ने बताया... सलमान ने इस प्रोजेक्ट के बारे में सुना है, लेकिन वह किसी भी बड़े प्रोजेक्ट के लिए तब तक कमिटमेंट नहीं देते, जब तक कि उन्हें कार्यकारी स्क्रिप्ट, फिल्म का बजट और राइट्स के बंटवारे पर पूरी तरह से स्पष्टता न मिल जाए।


## नए अवतार में नजर आएगी फिल्म की कहानी

सूत्रों के अनुसार...सीक्वल में एक नई लीड जोड़ी दिखाई देगी, यानी तेरे नाम की नायिका के लिए एक नया चेहरा हो सकता है। यह भी देखना दिलचस्प होगा कि सलमान खान 2003 के राधे की कहानी को आगे बढ़ाएंगे या एक पूरी तरह से नए अवतार में दिखेंगे। कानूनी और वित्तीय प्रक्रियाएं पूरी होते ही सलमान को अंतिम रूप दिया जाएगा, और उसके बाद ही निर्देशक की घोषणा होगी। फिलहाल, एक टेंटेटिव स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। तेरे नाम 2 की खबरों के बीच, सलमान खान का आने वाला शेड्यूल पहले से ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स से भरा हुआ है। उनका अगला कुछ समय बेहद व्यस्त रहने वाला है, जिसमें एक्शन, ड्रामा और कमर्शियल एंटरटेनमेंट का पूरा मिश्रण है। मेकर्स जल्द ही इस बारे में ज्यादा जानकारी शेयर करेंगे।

## सलमान इन दिनों गलवान की शूटिंग में बिजी हैं

साजिद नाडियाडवाला और सलमान खान की सफल जोड़ी 2014 की ब्लॉकबस्टर फिल्म किक के सीक्वल पर भी काम कर रही है। स्क्रिप्टिंग का काम चल रहा है। सलमान इन दिनों अपनी ड्रामा फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग में बिजी हैं। सितंबर में लद्दाख में फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद अब यूनिट ने मुंबई में अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के अगले चरण का काम शुरू कर दिया है।

# मैं पूरी कहानी कभी नहीं सुनता, सिर्फ किरदार का सार समझता हूं



सिनेमाई पर्दे के दिग्गज अभिनेता पंकज त्रिपाठी अब अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ पहली बार ऑन स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में हंसी, प्यार और नोंकझोंक का शानदार मिश्रण दिखने वाला है, जिसमें लखनऊ की तहजीब और संस्कृति की महक भी दिखेगी। आइए जानते हैं किस फिल्म में साथ दिखेंगे पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी। पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी अभिनीत इस आगामी फिल्म का नाम पारिवारिक मनोरंजन है। यह फिल्म रोमांस, संस्कृति, भाषा और खान-पान के शहर लखनऊ की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, जिसमें कॉमेडी का शानदार मिश्रण दिखेगा। पारिवारिक मनोरंजन की शूटिंग हाल ही में पूरी हो चुकी है। पंकज ने बातचीत में अपनी भूमिका के बारे में बताया।

### इस फिल्म में आपके किरदार और कहानी के बारे में बताइए?

यह फिल्म लखनऊ की पृष्ठभूमि पर बेस्ड है और इसमें एक मानवीय कहानी दिखाई गई है, जो आधुनिक फिल्मों में कम मिलती है। मेरे किरदार की सबसे बड़ी परेशानी अकेलापन है, लेकिन वह इसे दुख नहीं, बल्कि एन्जॉय करता है। फिल्म के लेखक बृजेंद्र काला जी हैं। यह फिल्म ऋषिकेश मुखर्जी की छोटी, ईमानदार और दिल को छू लेने वाली कहानियों की याद दिलाती है।

### अभिनय को आप किस रूप में सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण मानते हैं?

अभिनय इसलिए चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि एक कलाकार को अक्सर अपने निजी अनुभवों और भावनाओं के ठीक उलट भावनाएं भी जीनी पड़ती हैं। कई बार जो भाव कलाकार के जीवन में कभी आए ही नहीं, उन्हें भी कैमरे के सामने उसी सच्चाई और गहराई के साथ निभाना होता है। और जैसे ही निर्देशक कट बोलता है, कलाकार को तुरंत अपनी वास्तविक जिंदगी में लौट आना पड़ता है। यह लगातार भावनाओं के इस आने-जाने का सिलसिला मानसिक रूप से बेहद गहन एकाग्रता की मांग करता है।

### आप पूरी कहानी के बजाय केवल किरदार की जानकारी क्यों लेते हैं?

मैं अपने किरदार का सार जानना पसंद करता हूं, पूरी कहानी नहीं। पूरी कहानी की जानकारी प्रोडक्शन टीम, डायरेक्टर, राइटर और एडिटर को जरूरी होती है ताकि कंटिन्यूटी और लॉजिस्टिक्स सही रहे। एक अभिनेता के लिए उतना ही जानना जरूरी है जितना उसका किरदार जानता है। यह तरीका मुझे किरदार में पूरी तरह डूबने में मदद करता है।

### अब स्त्री 3 को लेकर क्या डेवलपमेंट है?

अभी स्त्री 3 के बारे में कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। अक्सर हम मान लेते हैं कि केवल गंभीर और इंटेंस कहानियां ही असली सिनेमा हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। सिनेमा आपके जीवन के छोटे खालीपन को भरने के लिए भी होता है हंसी, गर्माहट या शांत पल देने के लिए। स्त्री, मेट्रो इन दिनों या पारिवारिक मनोरंजन जैसी फिल्में यही करती हैं। ये स्लाइस-ऑफ-लाइफ फिल्में बार-बार देखी जा सकती हैं।

### स्त्री ने हॉरर जॉनर को मेनस्ट्रीम में कैसे लाया?

यह इंडस्ट्री का एक ट्रेंड है। जब दर्शकों को किसी जोनर की फिल्में पसंद आती हैं और वे हिट होती हैं, तो अन्य निर्माता भी उसी दिशा में फिल्में बनाने लगते हैं। स्त्री ने हॉरर में नया रास्ता खोला और एक कल्ट फिल्म बनकर इस जॉनर को लोकप्रिय बनाया। जब लोग देखते हैं कि यह चलन में है, तो वे भी उसी ट्रेंड को फॉलो करते हैं।

### फिल्मों की समीक्षा और समीक्षाओं को आप कैसे देखते हैं?

समीक्षाएं खाने के स्वाद की तरह होती हैं हर किसी की पसंद अलग होती है। किसी भी फिल्म की समीक्षा पढ़ें चार समीक्षक उसकी तारीफ करेंगे और चार उसे कमजोर कह देंगे। इसलिए समीक्षा हमेशा विषयगत होती है और हर फिल्म अलग और खास होती है। उदहारण के लिए वेब सीरीज मिर्जापुर और क्रिमिनल जस्टिस एक बार देखते हैं, उन पर चर्चा करते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। वे रोमांचक हैं लेकिन आपको बार-बार वापस नहीं बुलातीं।



पेरिस मास्टर्स

# जैनिक सिनर की शानदार जीत




**पेरिस, एजेंसी।** इटली के स्टार जैनिक सिनर ने बुधवार को जिजो बर्ग्स के खिलाफ 6-4, 6-2 से शानदार जीत के साथ पेरिस मास्टर्स खिताब की अपनी दावेदारी पेश की है। यह मुकाबला 88 मिनट तक चला। अब सिनर तीसरे दौर के मुकाबले में अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से भिड़ेंगे, जिन्होंने अपने पिछले मुकाबले में मिओमिर केकमानोविच को 7-5, 1-6, 7-6 (4) से शिकस्त दी थी। वियना में एटीपी 500 का खिताब जीतने के ठीक चार दिन बाद जैनिक सिनर ने अपने बेल्जियम के प्रतिद्वंदी को एटीपी के पहले मुकाबले में शिकस्त देकर इनडोर हार्ड कोर्ट पर अपने टूर-स्तरीय जीत के सिलसिले को 22 मैचों तक बढ़ाया। इस मुकाबले में जैनिक सिनर ने आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन किया। बर्ग्स ने ला डिफेंस एरिना में अपने अभियान की शुरुआत चार ब्रेक प्वाइंट रोककर की, लेकिन इसके बाद 12 मिनट के शुरुआती गेम में सिनर को सर्विस ब्रेक करने से नहीं रोक पाए। यह इतालवी खिलाड़ी को पहले सेट में आगे बढ़ाने के लिए काफी था। दूसरे सेट के पहले गेम में एक और ब्रेक भी निर्णायक साबित हुआ। सिनर इस पूरे मैच में अपनी सर्विस पर दबदबा बनाए रहे। इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, उन्हें ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने अपनी पहली ही डिलीवरी के बाद 77 प्रतिशत (24/31) अंक हासिल किए। जैनिक सिनर ने इस जीत पर खुशी जताते हुए कहा, ÷मुझे लगा इस मुकाबले में मेरा मूवमेंट अच्छा था। यहां का कोर्ट बहुत अनोखा है। आमतौर पर मुझे यहां थोड़ी मुश्किल होती है, इसलिए पहला मैच जीतना मेरे लिए खुशी की बात है। मैं इस मुकाबले में अपनी सर्विस से बहुत खुश हूं। मैंने शुरुआत में ही एक ब्रेक हासिल किया, जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। इस प्रदर्शन से मैं बेहद संतुष्ट हूं। बर्ग्स के खिलाफ इस जीत के साथ यानिक सिनर ने वर्ल्ड नंबर 1 बनने की उम्मीदें बरकरार रखी हैं। कार्लोस अल्काराज की पेरिस में शुरुआती हार के बाद अब इतालवी खिलाड़ी के पास मौका है।

टी20 इंटरनेशनल में

# सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज



## रोहित के साथ सूर्यकुमार यादव भी हुए शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 क्रिकेट में आज के समय में सबसे ज्यादा पॉपुलर फॉर्मेट में से एक है. टी20 क्रिकेट में चौके-छक्के की बारिश देखने को मिलती है, इसके साथ ही खिलाड़ी के आउट होने के चांस भी ज्यादा बन जाते हैं, जिससे ये खेल पलक झपकते ही कभी भी पलट सकता है. टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजों के बल्ले से छक्के लगने का भी रिकॉर्ड बनता है. भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच में 150 छक्के पूरे किए हैं. वहीं रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल में वर्ल्ड क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर हैं.

## टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की टॉप 5 लिस्ट में दो भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव का नाम शामिल है. इस लिस्ट में संयुक्त अरब अमीरात के कप्तान मोहम्मद वसीम का नाम भी है. इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज भी टॉप 5 लिस्ट में हैं.

**रोहित शर्मा**– भारत की टी20 टीम के पूर्व कप्तान और बल्लेबाज रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं. रोहित ने 159 मैचों में खेली 151 पारियों में 4,231 रन बनाए हैं, जिनमें हिटमैन के बल्ले से 205 छक्के लगे हैं. रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बतौर कप्तान टीम को जीत दिलाने के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था.

**मोहम्मद वसीम** – यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है. वसीम टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 91 मैचों में 187 छक्के लगा चुके हैं. वसीम अभी भी इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं. मोहम्मद वसीम आने वाले समय में रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं.

**मार्टिन गुप्टिल** – न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल भी टी20 क्रिकेट में शानदार छक्के लगाने के लिए जाने जाते हैं. गुप्टिल ने 122 मैचों की 118 पारियों में 173 छक्के जड़े हैं. न्यूजीलैंड का ये खिलाड़ी जनवरी 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुका है.

- **जोस बटलर**– इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है. बटलर टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में चौथे नंबर पर हैं. बटलर के नाम 144 मैचों की 132 पारियों में 172 छक्के लगाने का रिकॉर्ड है.

### सूर्यकुमार यादव

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में जगह बना ली है. सूर्यकुमार इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर आ गए हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले सूर्या के 148 छक्के थे, वे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी निकोलस पूरन से एक छक्के से पीछे चल रहे थे. वहीं सूर्यकुमार यादव ने पहले टी20 मैच में 39 रनों की नाबाद पारी में 2 छक्के जड़कर टी20 इंटरनेशनल में 150 छक्के पूरे किए.

# 2026 फीफा विश्व कप को लेकर आश्वस्त नहीं लियोनेल मेसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूरी दुनिया के फुटबॉल फैंस चाहते हैं कि अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी फीफा विश्व कप 2026 खेलें। लेकिन मेसी खुद विश्व कप में खेलने को लेकर स्पष्ट नहीं हैं। लियोनेल मेसी का मानना है कि फीफा विश्व कप में उनका खेलना इस बात पर निर्भर है कि अगले साल इंटर मियामी की प्री-सीजन में उनकी तैयारियां कैसी रहती हैं। विश्व कप की टीम में होना हमेशा एक शानदार अनुभव होता है। इस बार यह विशेष है, क्योंकि हमें खिताब का



बचाव करना है। मैं विश्व कप को लेकर उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि ईश्वर मुझे एक बार फिर मौका देगा। 37 साल के मेसी प्रोफेशनल फुटबॉल के लिए अमेरिका में एमएलएस में चले गए हैं। एमएलएस में फुटबॉल का स्तर यूरोप की टक्कर का नहीं है। इसका असर निश्चित रूप से खिलाड़ी पर भी पड़ना तय है। मेसी पूरी तरह फिट हैं और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बावजूद विश्व कप में खेलने का आखिरी निर्णय वे अपनी फिटनेस और तैयारियों के मुताबिक लेंगे। मेसी ने अपनी कप्तानी में अर्जेंटीना को 2022 में विश्व विजेता बनाया था। अर्जेंटीना फ्रांस को हराकर चैंपियन बनी थी। कतर में खेले गए पिछले विश्व कप में मेसी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। हर नॉकआउट मैच में उनका प्रदर्शन असाधारण रहा था। फाइनल में दबाव वाली स्थिति से निकालकर उन्होंने अपनी टीम को चैंपियन बनाया था। मेसी को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का गोल्डन बॉल पुरस्कार दिया गया था। अर्जेंटीना निश्चित रूप से चाहेगी कि उसका यह महानतम खिलाड़ी आखिरी बार अपने देश के लिए विश्व कप की जर्सी पहने। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 195 मैचों में 114 गोल किए हैं। सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रोनाल्डो के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

लीग्स कप



# पैलेस ने लिवरपूल को हराया

## क्वार्टर फाइनल में आर्सेनल समेत ये टीमें

**लंदन, एजेंसी।** क्रिस्टल पैलेस ने लीग्स कप में लिवरपूल को 3-0 से शिकस्त दी। इस हार ने रेड्स को काराबाओ कप से बाहर कर दिया है। यह इस सीजन में लिवरपूल की 7 मैचों में छठी हार थी। साल 1953 के बाद पहली बार ऐसा हुआ, जब रेड्स को लगातार 5 घरेलू मुकाबलों में शिकस्त झेलनी पड़ी। इस टीम को एकमात्र हालिया जीत यूईएफए चैंपियंस लीग में आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट के खिलाफ मिली थी। 27 सितंबर के बाद से, यूरोप की 5 बड़ी लीगों में लिवरपूल से ज्यादा मैच किसी भी टीम ने नहीं गंवाए हैं। ऐसा 80 दिनों में तीसरी बार है, जब लिवरपूल को क्रिस्टल पैलेस ने मात दी। इससे पहले, अगस्त में एफए कम्युनिटी शील्ड में पेनाल्टी शूटआउट में शिकस्त और सेलहर्स्ट पार्क में 2-1 से प्रीमियर लीग में हार के बाद यह सिलसिला शुरू हुआ था। यह हेड कोच आर्ने स्लॉट के मार्गदर्शन में लिवरपूल की सबसे बड़ी हार थी। अब उनकी कोशिश शनिवार को एस्टन विला के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए इस हार के सिलसिले को खत्म करने को होगी। एक अन्य मुकाबले में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल ने लगातार 8वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ टीम ईएफएल कप में अपने सूखे को खत्म करने के करीब पहुंच गई है। क्वार्टर-फाइनल में आर्सेनल का सामना क्रिस्टल पैलेस से होगा। इस बीच, ईएफएल चैंपियनशिप में मैनचेस्टर सिटी ने स्वानसी के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मैनचेस्टर सिटी नौवीं लीग कप ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है। सिर्फ लिवरपूल ही इकलौती ऐसी टीम है, जिसने 8 से ज्यादा ट्रॉफियां जीती हैं। 15 दिसंबर से शुरू होने वाले काराबाओ कप के क्वार्टर फाइनल में उनका सामना ब्रेंटफोर्ड से होगा। यह मैच एतिहाद स्टेडियम में खेला जाएगा। चेल्सी ने काराबाओ कप क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दिसंबर में होने वाले क्वार्टर फाइनल में उसका सामना कार्डिफ सिटी से होगा।

कनाडियन स्क्वैश ओपन

# सेमीफाइनल में हारीं अनाहत सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अनाहत सिंह को कनाडियन स्क्वैश ओपन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। टोरंटो में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड की नंबर-1 खिलाड़ी जीना केनेडी ने उन्हें सीधे गेमों में 11-5, 11-8, 12-10 से हराया। यह मैच केवल 30 मिनट तक चला।



टूर्नामेंट की इनामी राशि 96,250 अमेरिकी डॉलर (लगभग 80 लाख रुपये) है। इंग्लैंड की नंबर-1 खिलाड़ी जीना केनेडी ने अनाहत सिंह को सेमीफाइनल में सीधे गेमों में 11-5, 11-8, 12-10 से हराया। इंग्लैंड की नंबर-1 खिलाड़ी जीना केनेडी ने अनाहत सिंह को सेमीफाइनल में सीधे गेमों में 11-5, 11-8, 12-10 से हराया।

## वर्ल्ड नंबर-7 को हरा कर सेमीफाइनल में पहुंची थी

दिल्ली की 17 साल की अनाहत सिंह नेशनल चैंपियन हैं। उनकी वर्ल्ड रैंकिंग 43 है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड की नंबर 7 खिलाड़ी और बेल्जियम की दूसरी वरीयता प्राप्त टिने गिलिस को सीधे गेमों में 12-10, 11-9, 11-9 से हराया। यह मैच सिर्फ 36 मिनट में खत्म हो गया।

महिला विश्व कप

# पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका

## इंग्लैंड को 125 रन से हराकर

**गुवाहाटी, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 125 रन के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका पहली बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। दक्षिण अफ्रीका से मिले 320 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने अपने शुरुआती 2 विकेट 0 पर और तीसरा विकेट 3 के स्कोर पर गंवा दिया। इसके बाद चौथे विकेट के लिए कप्तान नट सेवियर ब्रंट और एलिस कैप्सी के बीच 105 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने इंग्लैंड की वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन एलिस कैप्सी के 50 के स्कोर पर आउट होने के बाद टीम एक बार फिर बिखर गई। कप्तान नट सेवियर ब्रंट 64 और डेनी व्याट 34 रन बनाकर आउट हुईं। दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी लिंसे स्मिथ 27 रन बनाकर आउट हुईं। इंग्लैंड 42.3 ओवर में 194 रन पर सिमट गई और 125 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए मारिजेन कैप ने 7 ओवर में 20 रन देकर 5 विकेट लिए। अयाबोंगा खाका, एन मल्बा, और सुन लूस ने 1-1 और नाडिन डे क्लार्क ने 2 विकेट लिए।



टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट की बेहतरीन और यादगार शतकीय पारी के दम पर 7 विकेट पर 319 रन बनाए थे। लौरा वोल्वार्ड्ट ने वन मैन आर्मी की तरह बल्लेबाजी करते हुए 143 गेंद पर 20 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 169 रनों की बड़ी पारी खेली। सेमीफाइनल में खेली गई लौरा वोल्वार्ड्ट की इस पारी को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। वोल्वार्ड्ट जब आउट होकर जा रही थीं, तो इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने भी उनकी मैराथन पारी के लिए उन्हें शाबाशी दी थी। इसके अलावा, दक्षिण अफ्रीका के लिए तजमिन ब्रिट्स ने 45, मारिजेन कैप ने 42, और क्लो ट्रायोन ने 33 रन बनाए।



# सिर में गेंद लगने से ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर की मौत, खेल जगत में छाया मातम

**मेलबर्न, एजेंसी।** कभी-कभी एक गेंद खेल को नहीं, ज़िंदगी को बदल देती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न से आई एक ऐसी ही खबर ने पूरे क्रिकेट जगत को गहरे सदमे में डाल दिया है। महज़ 17 साल का युवा खिलाड़ी बेन ऑस्टिन, जो अपने सपनों की उड़ान भरने ही वाला था, अब इस दुनिया में नहीं रहा। नेट सेशन के दौरान सिर और गर्दन पर गेंद लगने से उसकी जान चली गई।

**प्रैक्टिस के दौरान हुआ हादसा**– घटना मंगलवार दोपहर की है, जब बेन मेलबर्न के फर्नट्री गली स्थित वैली ट्यू रिज़र्व मैदान पर अभ्यास कर रहा था। नेट में एक स्वचालित बॉलिंग मशीन से गेंदबाज़ी हो रही थी। उसी दौरान एक गेंद सीधे उसके सिर और गर्दन के बीच जाकर लगी। बेन हेलमेट पहने हुए था, लेकिन चोट इतनी गंभीर थी कि साथियों ने उसे तुरंत मोनाश मेडिकल सेंटर पहुंचाया। डॉक्टरों ने पूरा प्रयास किया,



मगर बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई।

**क्रिकेट क्लब ने जताया शोक**– फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने गुरुवार सुबह एक भावनात्मक पोस्ट जारी कर बेन के निधन की पुष्टि की। क्लब ने लिखा- हम अपने प्यारे साथी बेन ऑस्टिन के निधन से गहराई से दुखी हैं। वह न केवल एक उत्कृष्ट खिलाड़ी थे बल्कि मैदान के भीतर और बाहर दोनों जगह एक प्रेरक व्यक्तित्व थे। उनकी मुस्कान और नेतृत्व को हम हमेशा याद रखेंगे।÷ क्लब ने बेन के परिवार - जेस, ट्रेसी, कूपर और जैक – के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह क्षति पूरे क्रिकेट समुदाय को हिला गई है।

**एक उभरता सितारा जो अब कभी नहीं चमकेगा**– बेन न सिर्फ अपने क्लब का उभरता हुआ खिलाड़ी था, बल्कि उसने मुलग्रेव और एल्डन पार्क क्रिकेट क्लब के लिए भी खेला था। इसके अलावा वह वेवर्ली पार्क हॉक्स की जूनियर फुटबॉल टीम का हिस्सा भी था।



**संक्षिप्त समाचार**

## उर्दू दुनिया की सबसे 'खूबसूरत' भाषा, प्रगति के लिए हिंदू-मुस्लिम सद्भाव अहम: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को उर्दू को दुनिया की सबसे खूबसूरत भाषा बताया और कहा कि देश की प्रगति और एकता के लिए हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सद्भाव जरूरी है. ये बात उन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया के 105वें स्थापना दिवस समारोह में कही. उन्होंने भारत की संस्कृति और लोकतांत्रिक भावना को प्रतिबिंबित करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रशंसा की. उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय का आदर्श वाक्य हमारे राष्ट्र के मूल्यों को खूबसूरती से दर्शाता है. मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि महात्मा गांधी और सरोजिनी नायडू जैसी महान हस्तियों ने इस विश्वविद्यालय की स्थापना के समय इसका समर्थन किया था. विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के कार्यान्वयन की सराहना करते हुए रिजिजू ने कहा कि वह इसके शैक्षणिक रिकॉर्ड और राष्ट्रीय रैंकिंग से बहुत प्रभावित हैं. लोकतंत्र में खुली बहस के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, हमारे लोकतंत्र में लोग अपने विचार आक्रामक तरीके से व्यक्त करते हैं, जिससे कभी-कभी ध्रुवीकरण पैदा होता है. लेकिन यह तब तक बुरा नहीं है जब तक कि इससे देश को नुकसान न पहुंचे. हालांकि संसद में अक्सर शोरगुल वाली बहस होती है, लेकिन यह विविध विचारों को व्यक्त करने के लिए सबसे अच्छा मंच बना हुआ है. उन्होंने आगे कहा, संसदीय कार्य मंत्री के रूप में, कभी-कभी सदन को चलाना कठिन होता है; लेकिन संसद में अराजकता एक जीवंत लोकतंत्र का संकेत है. व्यवधानों के बावजूद, महत्वपूर्ण विधेयक अंततः राष्ट्र के हित में पारित हो ही जाते हैं. संविधान की वजह से हम सुरक्षित रहेंगे, क्योंकि यह समस्या के हर पहलू को कवर करता है और उसका समाधान प्रदान करता है. केंद्रीय मंत्री ने भारत की संवैधानिक शक्ति और विविधता पर भी जोर दिया. किरेन रिजिजू ने कहा कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है. छह मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यकों में से लगभग 80 प्रतिशत मुसलमान हैं. सद्भाव सुनिश्चित करना बड़े समुदायों - हिंदू और मुसलमान - की जिम्मेदारी है. अगर वे शांति से रहेंगे, तो बाकी सभी छोटे समुदाय भी देश के विकास में योगदान देते रहेंगे. जामिया मिलिया इस्लामिया एक बेहतरीन प्रतीक है जहां से ऐसा संदेश दिया जा सकता है.

## सीबीआईसी का पूर्व अधिकारी 27 करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार, क्रिप्टो में दुबई भेजी जाती थी रकम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसके तार दुबई और थाईलैंड से जुड़ी हैं. सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि इस नेटवर्क का मास्टरमाइंड कोई साधारण अपराधी नहीं, बल्कि सीबीआईसी से बर्खास्त अधिकारी रोहित कुमार शर्मा है. पुलिस ने उसे 21.5 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 27 करोड़ रुपये बताई जा रही है. अपराध शाखा के अधिकारियों ने बताया कि रोहित को जनकपुरी स्थित जनक सिनेमा के पास से पकड़ा गया है. वह ड्रग्स की खेप सौंपने की तैयारी में जुटा था. तलाशी में उसके पास से 44 लाख रुपये नकद, एक कार व एक स्कूटी भी बरामद हुई है. पूछताछ में पता चला है कि यह खेप थाईलैंड से मंगाई गई थी और दिल्ली, मुंबई समेत देश के कई बड़े शहरों में इसकी सप्लाई की जा रही थी. दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार हाइड्रोपोनिक मारिजुआना कोई साधारण भांग नहीं होती है. इसे नियंत्रित तापमान और तकनीकी साधनों से उगाया जाता है, जिससे इसकी नशे की क्षमता सामान्य मारिजुआना से करीब 10 गुना अधिक होती है. यह हाई-प्रोफाइल पार्टी सर्किल्स, रेव पार्टियों व ऑनलाइन नेटवर्क के जरिए धनी वर्ग तक पहुंचाई जा रही थी. पुलिस के मुताबिक रोहित ने 2015 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग (ष्टक्चढ्ढष्ट) में अधिकारी के रूप में जॉइन किया था. लेकिन 2019 में केरल के कन्नूर एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी के मामले में वह पकड़ा गया था. इसके बाद विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर वर्ष 2023 में उसे बर्खास्त कर दिया गया. बर्खास्तगी के बाद वह दुबई चला गया, जहां उसकी मुलाकात बिहार के एक तस्कर अभिषेक से हुई. दोनों ने मिलकर थाईलैंड से ड्रग्स मंगाकर भारत में बेचने की योजना बनाई.

### वैज्ञानिक सोच विकसित करने की जरूरत- जस्टिस ओका

# धर्म के नाम पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना आदत बन गई है : पूर्व जज जस्टिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पटाखों और प्रदूषण को लेकर छिड़ी बहस के बीच भारत के सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस अभय एस ओका ने बड़ी बात कही है। जस्टिस ओका ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा है कि पटाखे फोड़ना, लाखों लोगों का नदियों में स्नान करना, मूर्ति विसर्जन और धार्मिक उत्सवों में लाउडस्पीकर का उपयोग करना जैसी चीजें संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत जरूरी धार्मिक प्रथाओं का हिस्सा नहीं है। जस्टिस ओका ने इस दौरान यह भी कहा है कि कोई भी धर्म हमें पर्यावरण को बर्बाद करने की इजाजत या प्रोत्साहन नहीं देता। उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म हमें पर्यावरण की रक्षा करना और जीवों के प्रति दया दिखाना सिखाता है।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्वच्छ वायु, जलवायु न्याय और हम - एक सतत भविष्य के लिए एक साथ' कार्यक्रम में बोल रहे थे।



उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'दुर्भाग्य से धर्म के नाम पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की आदत हो गई है। अगर हम भारत के सभी धर्मों के सिद्धांतों का गहन अध्ययन करें तो हम पाएंगे कि पर्यावरण की रक्षा और जीवों के प्रति दया का संदेश हर धर्म के सिद्धांतों में निहित है।'

जानवरों पर क्रूरता करने की अनुमति नहीं देता धर्म जस्टिस ओका ने आगे कहा, 'कोई भी धर्म हमें पर्यावरण को नष्ट करने की अनुमति नहीं देता। धर्म हमें पर्यावरण की रक्षा करना और जीवों और जानवरों के प्रति दया दिखाना सिखाता है। कोई भी धर्म हमें त्योहार मनाते समय जानवरों पर क्रूरता करने की अनुमति नहीं देता।' पर्यावरण संरक्षण की जरूरत पर बात करते हुए जस्टिस ओका ने आगे कहा कि प्रदूषण को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन माना जाना चाहिए। इसमें मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'मेरा दृढ़ विश्वास है कि जब तक आपके पास अच्छा वातावरण नहीं होगा, मानवीय गरिमा के साथ जीना असंभव है।' जस्टिस ओका ने कहा कि इसके उलट अगर हम पर्यावरण को तबाह करने की इजाजत देते हैं, तो हम संविधान की प्रस्तावना में निहित सामाजिक न्याय से खुद को वंचित कर रहे हैं। पर्यावरण के गंभीर प्रभावों पर और जोर देते हुए, जस्टिस ओका ने कहा कि इसके दूरगामी प्रभाव हैं और यह गरीबों और हाशिए पर रहने वालों पर गंभीर रूप से प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा, जल प्रदूषण से पीड़ित किसानों और मछुआरों से लेकर वायु प्रदूषण से प्रभावित दिल्ली के रेहड़ी-पटरी वालों तक पर्यावरण के नुकसान से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब और हाशिए पर रहने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा, 'पर्यावरण का दोहन गरीबों और हाशिए पर रहने वालों की आजीविका को प्रभावित करता है। दिल्ली में प्रदूषण की बात करें तो इस हॉल में बैठे हम सभी के घरों और दफ्तरों में एयर प्यूरीफायर लगे हैं। लेकिन दिल्ली की अधिकांश आबादी इन मशीनों का खर्च नहीं उठा सकती।'पूर्व न्यायाधीश ने कहा है कि वैज्ञानिक सोच विकसित करते हुए पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है।

## मोदी सरकार की लेबर पॉलिसी के ड्राफ्ट में मनुस्मृति के जिक्र पर बवाल, कांग्रेस बोली- आरएसएस यही चाहता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अकसर राजनीतिक बहस का कारण बनने वाली मनुस्मृति एक बार फिर से चर्चा में है। इसकी वजह यह है कि केंद्र सरकार की ओर से तैयार की गई लेबर पॉलिसी, 2025 के ड्राफ्ट में इसका जिक्र किया गया है। इस ड्राफ्ट में बताया गया है कि मनुस्मृति में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि कैसे मजदूरी तय होनी चाहिए और कैसे श्रमिकों के हितों की रक्षा होनी चाहिए। ड्राफ्ट में कई ग्रंथों का जिक्र किया गया है, लेकिन मनुस्मृति को लेकर जिस तरह का विवाद रहा है, उससे आशंका है कि इस पर चर्चा छिड़ सकती है।

ड्राफ्ट में लिखा गया है कि श्रम के बारे में भारत की समझ इसके आर्थिक आयाम से कहीं आगे तक जाती है। यह एक पवित्र और नैतिक कर्तव्य का प्रतीक है जो सामाजिक सद्भाव, आर्थिक कल्याण और सामूहिक समृद्धि को बनाए रखता है। भारतीय विश्वदृष्टि में काम केवल आजीविका का साधन नहीं है बल्कि धार्मिक कर्तव्य के रूप में इसकी व्याख्या की गई है। इसके माध्यम से धर्म की व्यापक व्यवस्था में योगदान की बात भी कही गई है। यह दृष्टिकोण प्रत्येक श्रमिक को सामाजिक सृजन के चक्र में एक अनिवार्य भागीदार के रूप में मान्यता देता है। चाहे वह कारीगर हो, किसान हो, शिक्षक हो या औद्योगिक मजदूर हो, सभी को व्यवस्था के अंग के रूप में स्वीकार किया गया है।

इसके आगे ग्रंथों का जिक्र करते हुए लिखा गया है, मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति, नारदस्मृति, शुक्रनीति और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों ने राजधर्म की अवधारणा के माध्यम से श्रम की परिभाषा तय की है। इनमें न्याय, उचित मजदूरी और श्रमिकों को शोषण से बचाने के लिए कर्तव्यों पर जोर दिया गया है। इन प्रारंभिक सूत्रों ने आधुनिक श्रम कानून के उदय से सदियों पहले भारत के सभ्यतागत ताने-बाने में श्रम शासन के नैतिक आधार को अंतर्निहित कर दिया था। इस ड्राफ्ट में कहा गया है कि हमारे ग्रंथों में शुल्क न्याय की बात थी। इसमें बताया गया था कि कैसे किसी मजदूर को समय पर उसका वेतन मिलना जरूरी है और यह एक न्याय है। ऐसा ना किया जाना अन्याय की श्रेणी में रखा गया था। इसके अलावा शुक्रनीति का उल्लेख करते हुए लिखा गया है।

## आप विधायक पर किडनैपिंग का केस दर्ज, एफआईआर में बेटों का नाम भी शामिल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी के शुतराणा से विधायक कुलवंत सिंह बाजीगर के खिलाफ अपहरण और जानबूझकर चोट पहुंचाने का केस दर्ज हुआ है। खबर है कि स्नढ्ढक्र में विधायक के बेटों और सहयोगियों के नाम भी शामिल हैं। करीमनगर के रहने वाले गुरचरण सिंह काला की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने भी इसकी पुष्टि कर दी है और जांच शुरू कर दी है।

करीमनगर के रहने वाले काला ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि मंगलवार को कुछ लोगों ने उसे कैथल के खरकन गांव से एक कार में जबरन बैठाकर उसका अपहरण कर लिया और वे लोग बंदूक और लोहे की छड़ लिए हुए थे। उसने कहा, वो मुझे बांधकर नरवाना नहर के पास ले गए और विधायक और उनके बेटों को वीडियो कॉल किया। उन लोगों ने मुझपर समझौता करने के लिए दबाव बनाया।

ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, काला का कहना है कि उसने गांव के सरपंच का विरोध किया था, जो विधायक का भाई है। आरोप



लगाए हैं कि विधायक और उनके बेटों ने अपहरणकर्ताओं से उसकी हत्या करने के लिए कहा था। काला ने कहा, मुझपर रॉड से हमला किया गया और बुरी तरह से घायल कर दिया। अगर पास के खेत पर मौजूद किसान बचाने नहीं आते, तो मैं नहीं बच पाता। उन्होंने मुझे अस्पताल में भर्ती कराया। रिपोर्ट के अनुसार, कैथल एसपी उपासना ने पुष्टि की है कि काला के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर स्नढ्ढक्र दर्ज की जा चुकी है।

इधर, विधायक बाजीगर का कहना है, मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ अपने इस्तीफे के 100 दिनों से पूरी तरह से चुप हैं : जयराम रमेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कांग्रेस ने एक बार फिर से पूर्व उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे का मुद्दा उठाया और मांग की कि वे एक कम से कम फेयरवेल के हकदार हैं। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि धनखड़ अपने इस्तीफे के 100 दिनों से पूरी तरह से चुप हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय राजनीतिक इतिहास में एक ऐसी घटना को ठीक 100 दिन हो गए हैं, जो पहले कभी नहीं हुई। रमेश ने एक्स पर कहा, अचानक और चौंकाने वाली बात यह है कि 21 जुलाई की देर रात, भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया। यह साफ था कि उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया था - भले



ही वह दिन-रात पीएम की तारीफ करते थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि 100 दिनों से, पूर्व वाइस प्रेसिडेंट जो रोजाना सुर्खियों में रहते थे, पूरी तरह चुप - अनदेखे और अनसुने हैं। रमेश ने आगे कहा कि पूर्व वाइस प्रेसिडेंट, राज्यसभा के चेयरमैन के तौर पर, विपक्ष के अच्छे दोस्त नहीं थे। कांग्रेस महासचिव ने आगे कहा, वह लगातार और गलत तरीके से विपक्ष की खिंचाई करते थे। फिर भी, डेमोक्रेटिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए, विपक्ष कह रहा है कि वह कम से कम एक फेयरवेल फंक्शन के हकदार हैं, जैसा कि उनके पहले के सभी नेताओं के साथ हुआ था। ऐसा नहीं हुआ है। धनखड़ के इस्तीफे के बाद, कांग्रेस ने दावा किया था कि उपराष्ट्रपति पद से उनके इस्तीफे के पीछे के कारण उनके द्वारा बताई गई हेल्थ प्रॉब्लम से कहीं ज्यादा गहरे है। विपक्षी पार्टी ने सरकार से धनखड़ के इस्तीफे पर सफाई देने के लिए भी कहा था।

बता दें कि अचानक से बड़ा कदम उठाते हुए धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा और कहा कि वह तुरंत पद छोड़ रहे हैं। 74 साल के धनखड़ ने अगस्त 2022 में पद संभाला था और उनका कार्यकाल 2027 तक था।

## 33 साल बाद परमाणु हथियारों के परीक्षण को तैयार अमेरिका, ट्रंप बोले- रूस-चीन कर लेंगे बराबरी, इसलिए जरूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने देश के डिपार्टमेंट ऑफ वॉर (पहले इसे डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस के नाम से जाना था) को परमाणु हथियारों के परीक्षण शुरू करने का आदेश दिया है। ट्रंप का यह फैसला रूस और अन्य देशों की तरफ से हाल में किए गए परमाणु परीक्षणों के बाद आया है।

**पहले कार्यकाल में पूरी तरह अपडेट किए थे हथियार:** ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके पहले राष्ट्रपति कार्यकाल में अमेरिका के सभी परमाणु हथियारों का पूरा अपडेट और नवीनीकरण किया गया था। उन्होंने लिखा, संयुक्त राज्य अमेरिका के पास किसी भी देश से अधिक परमाणु हथियार हैं। यह उपलब्धि मेरे पहले कार्यकाल में हासिल की गई थी। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उन्हें इन हथियारों की भारी



विनाशकारी शक्ति के कारण परीक्षण करने से घृणा है, लेकिन उन्होंने दावा किया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा।

**रूस दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर:** डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि रूस परमाणु शक्ति के मामले में दूसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि चीन अभी काफी पीछे है। उन्होंने लिखा, रूस दूसरा है, और चीन दूर तीसरे स्थान पर है, लेकिन अगले पांच वर्षों में वह बराबरी पर आ जाएगा। ट्रंप के अनुसार, जब अन्य देश अपने परमाणु कार्यक्रमों का परीक्षण कर रहे हैं, तो अमेरिका को भी बराबरी के आधार पर अपने हथियारों का परीक्षण शुरू करना चाहिए। इसी कारण उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ वॉर को तुरंत प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

**30 साल बाद बड़ा बदलाव संभव:** राष्ट्रपति ट्रंप का यह बयान वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा सकता है, क्योंकि अमेरिका ने 1992 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। अमेरिका कॉम्प्रिहेंसिव न्यूक्लियर-टेस्ट-बैन ट्रीटी का हिस्सा है, जो सभी परमाणु विस्फोटक परीक्षणों पर रोक लगाता है, हालांकि इस संधि को अमेरिका ने औपचारिक रूप से कभी मंजूर नहीं किया। वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2023 में एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस ने सीटीबीटी संधि से अपनी मंजूरी वापस ले ली थी, ताकि वह अमेरिका के समान स्थिति में रह सके।

## अमेरिकी सीनेट में कनाडा पर टैरिफ लगाने के खिलाफ प्रस्ताव पास

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी सीनेट में बुधवार को कनाडा पर टैरिफ लगाने के खिलाफ प्रस्ताव पास हुआ। इसका मकसद ट्रम्प की कनाडा पर टैरिफ लगाने के अधिकार को खत्म करना था। यह कदम हाल ही में कनाडा में 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के फैसले के बाद लिया गया।



द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव 50-46 वोटों से पास हुआ। चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी प्रस्ताव का समर्थन करते हुए टैरिफ खत्म करने के पक्ष में मतदान किया। सीनेट इससे पहले भी 2 अप्रैल को यह प्रस्ताव पास कर चुकी थी, लेकिन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने इसे आगे नहीं बढ़ाया, जिससे प्रक्रिया रुक गई थी। अब डेमोक्रेट सांसद टिम केन ने इसे फिर से पेश किया। उनका कहना है कि कनाडा पर ट्रम्प के टैरिफ लगाने का कोई कानूनी औचित्य नहीं है, क्योंकि इसे आपातकाल अधिनियम के तहत नहीं ठहराया जा सकता। ट्रम्प और कनाडा के बीच विवाद तब बढ़ गया जब कनाडा के ओंटारियो प्रांत ने वर्ल्ड सीरीज के दौरान टीवी पर एक विज्ञापन चलाया था। इसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने टैरिफ का विरोध किया था। ट्रम्प ने इसे शत्रुतापूर्ण कदम बताते हुए कनाडाई सामान पर 10% अतिरिक्त टैरिफ बढ़ा दिया।

## हिमपात में फंसे विदेशी पर्यटकों को लेने पहुंचा हेलीकॉप्टर फिसला

### पायलट सुरक्षित; एवरेस्ट पर्वतारोहण बंद

**काठमांडू, एजेंसी।**
माउंट एवरेस्ट (सगरमाथा) बेस कैंप के नजदीक स्थित लोबुचे क्षेत्र में अल्टिट्यूड एयर का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह लुक्ला में फंसे विदेशी पर्यटकों को लेने के लिए रवाना हुआ, जो लोबुचे हेलीषड पर उतरने के दौरान बर्फ में फिसल गया। जिला पुलिस प्रमुख डीएसपी मनोजित कुंवर ने कहा, हेलीकॉप्टर में सिर्फ पायलट कैप्टन विवेक खड़का ही सवार थे, जो सुरक्षित हैं।

पुलिस ने कहा हेलीकॉप्टर में आग नहीं लगी थी, वह पलटा हुआ पाया गया। उधर, खुम्बु क्षेत्र में घने हिमपात के कारण पहले ही पर्यटकों को बाहर न निकलने व सावधानी की हिदायतें दी गई। हेलीकॉप्टर यहीं फंसे पर्यटकों को बचाने के मिशन पर था।

नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के एवरेस्ट (सगरमाथा) क्षेत्र में मंगलवार सुबह से लगातार भारी हिमपात हो रहा है। सगरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष लामाकाजी



शेर्पा ने बताया डिडबोचे से ऊपर घना हिमपात हो रहा है, नीचे बारिश पड़ रही है। सभी पर्यटक होटल के अंदर हैं, बाहर निकलना मुश्किल है। वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब तीन हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों की उपस्थिति है। सोमवार को ही लगभग 800 विदेशी पर्यटक काठमांडू से लुक्ला पहुंचे थे। हिमपात के कारण रास्ते ढक गए हैं और दृश्यता बेहद कम है, जिससे पर्यटकों के रास्ता भटकने का खतरा बढ़ गया है। इसी कारण सोलुखुम्बु जिला प्रशासन कार्यालय ने पर्यटकों से यात्रा स्थगित कर सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। झुंफंग पीक को बंद कर दिया है। यहां भारी बर्फबारी और बर्फीली परिस्थितियों के कारण हालात काफी विषम हैं। अक्तूबर में, चीन के राष्ट्रीय अवकाश के दौरान आए भारी बर्फीले तूफान के बाद सैकड़ों पर्वतारोही कई दिनों तक एवरेस्ट पर फंसे हैं।

## प्रशांत महासागर में अमेरिका ने फिर बनाया नौका को निशाना, मादक पदार्थ की तस्करी का लगाया आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेना ने प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से में एक और नाव पर हमला किया है। हेगसेथ ने आरोप लगाया कि इस नौका पर नशीले पदार्थ ले जाए जा रहे थे। इस हमले में नाव पर सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। हेगसेथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि खुफिया विभाग ने पाया कि यह नाव एक पहचाने हुए मादक पदार्थ तस्करी मार्ग पर चल रही थी और उसमें ड्रग्स मौजूद थे। उन्होंने बताया कि अमेरिका की तरफ से हमला अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में किया गया और किसी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं हुआ। हेगसेथ ने घटना का जो वीडियो साझा किया है, उसमें नाव को विस्फोट के साथ आग की लपटों में घिरते देखा जा सकता है। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन बीते दो महीनों से दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चला रहा है और वहां अमेरिकी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। इन कार्रवाइयों से यह अटकलें तेज हुई हैं कि अमेरिका का असली मकसद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाना है। अमेरिका उन पर लंबे समय से मादक पदार्थों के जरिए आतंकवाद (नार्को-टेररिज्म) फैलाने का आरोप लगाता आया है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन अब तक यह साबित नहीं कर पाया है कि जिन नावों पर हमले किए गए, वे वास्तव में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल थीं या नहीं। साथ ही अमेरिका ने मारे गए लोगों की पहचान भी उजागर नहीं की है। ये हमले सितंबर की शुरुआत से जारी हैं।

# झारखंड के 25वें स्थापना दिवस को ऐतिहासिक रूप देने का संकल्प

## रन फॉर झारखंड से होगी शुरूआत - युवाओं और जनता के उत्साह को मिलेगा नया आयाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन बोकारो द्वारा श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ गोपनीय कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में कहा कि यह स्थापना दिवस झारखंडी अस्मिता, एकता और गौरव का प्रतीक बने - यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रमों को जन भागीदारी आधारित बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन आयोजनों से जुड़ें। स्थापना दिवस की शुरूआत 11 नवंबर को रन फॉर झारखंड कार्यक्रम से होगी। इसके साथ ही स्ट्रीट डांस, साइकिल रैली और वाल पेंटिंग अभियान के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक ऊर्जा को प्रदर्शित किया जाएगा। सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर वर्ष 2026 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा, जिसमें विकास की प्राथमिकताओं पर स्थानीय स्तर पर चर्चा होगी।

कार्यक्रमों की एक प्रमुख झलक होगी - जनजातीय परिधानों में आयोजित भव्य जात्रा। यह आयोजन राज्य व जिले की लोक संस्कृति, परंपराओं और समुदायों की विविधता को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। उपायुक्त ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस उत्सव के हर रंग में झारखंड की आत्मा झलके।जिले के सभी पंचायतों में आगामी 18 से 28 नवंबर तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि में विभिन्न विभागों की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाया जाएगा और स्थल पर ही समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया चलाई जाएगी। इस बार का फोकस आम लोगों को आय झ जाति, आवासीय, दिव्यांगता, जन्म - मृत्यु आदि प्रमाण पत्र दिलाना है। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आम जनों को अच्छादित करना है। उपायुक्त ने कहा कि, सरकार की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचे, यह इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में आगामी 15 नवंबर से सीएम राम रूद्र उत्कृष्ट विद्यालय चास परिसर में दिवा-रात्रि पुस्तकालय का शुभारंभ होगा। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, जिले के 109 पंचायतों में गुरुजी पंचायत पुस्तकालय भी शुरू होंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार होगा और विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन सुविधा प्राप्त होगी। इस बाबत पंचायती राज पदाधिकारी, डीईओ आदि का जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को यादगार बनाने के लिए सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध लेखन, गीत-संगीत और पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस अवसर पर बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा जाएगा।

जविप्र (जिला आपूर्ति विभाग) से जुड़े दुकानदारों के माध्यम से राशन कार्डधारियों के बीच योजनाओं के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। केंद्रों से दिए जाने वाले फोर्टिफाइड राइस के संबंध में जागरूक किया जाएगा। यह प्रयास जनता को उनके अधिकारों और सरकारी लाभों से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक कदम होगा।

अगली बैठक से पूर्व सभी विभाग दें अपना सुझाव - सोशल मीडिया पर बढ़ाएं अभियान की पहुंच उपायुक्त ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अगली बैठक से पूर्व सभी विभाग अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत करें ताकि जिला स्तर पर तैयारियों को और मजबूत किया जा सके।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की तैयारी शुरू

## बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, रांची, के निदेर्शानुसार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2026 की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,चास - जया कुमारी एवं सत्यवाला सिन्हा द्वारा सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आगामी पुनरीक्षण कार्य को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता का विवरण अद्यतन किया जाएगा। इसके लिए मतदाताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है।अधिकारियों ने बताया कि सभी मतदाता अपने वोटर कार्ड का वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान करें और अपने बूथ नंबर व क्रम संख्या की जानकारी अपने संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं अथवा उनके माता-पिता के नाम से अंकित था, वे भी अपना बूथ नंबर और क्रम संख्या बीएलओ को दें।

वहीं, जिन मतदाताओं का विवाह इस विधानसभा क्षेत्र में हुआ है, उनसे अनुरोध किया गया है कि वे अपने मायके क्षेत्र की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से प्राप्तबूथ नंबर और क्रम संख्या की जानकारी संबंधित बीएलओ को शीघ्र उपलब्ध कराएं। अधिकारियों ने बताया कि यह जानकारी समय पर उपलब्ध कराने से निर्वाचन सूची के अद्यतन कार्य में सुविधा होगी और कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित नहीं रहेगा।

सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाने में सहयोग करें।

# पीएनबी बोकारो मंडल में मनाया जा रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** पंजाब नैशनल बैंक, बोकारो मंडल द्वारा पूरे मंडल में 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2025 मनाया जा रहा है। भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी के प्रति लोगों को सतर्क और जागरुक किया जा रहा है।

इस उपलक्ष्य में मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव की अगुवाई में 30 अक्टूबर को पीएनबी आवासीय बैंक कॉलोनी, सेक्टर 5, बोकारो में के एम मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के अधिकारी और कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

# मोंथा चक्रवात को लेकर प्रशासन सतर्क

## अस्पतालों और स्वास्थ्य कर्मियों को किया अलर्ट-दवाओं और एम्बुलेंस की व्यवस्था पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बोकारो। बंगाल की खाड़ी में तेजी से विकसित हो रहे मोंथा चक्रवात को लेकर बोकारो जिला प्रशासन सतर्क है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। कहा है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी स्तरों पर पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, झारखंड, रांची से प्राप्त पत्र के आधार पर प्रशासन ने व्यापक समीक्षा की है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि मोंथा आने वाले दिनों में गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है।

उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक बोकारो को निर्देश दिया है कि सभी आवश्यक सुरक्षा बल, बचाव दल और वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। प्रशासन द्वारा संभावित आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नियंत्रण कक्ष को भी सक्रिय कर दिया गया है।

सिविल सर्जन बोकारो को निर्देश दिया गया है कि सभी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाएं, एम्बुलेंस,



चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी पूर्ण रूप से तैयार रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने की भी योजना बनाई जा रही है ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। नगर निगम चास एवं नगर परिषद फुसरो के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई, जल जमाव की रोकथाम, तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाए। इसी प्रकार नगर सेवाएं, बोकारो इस्पात संयंत्र को भी अपने क्षेत्रों में स्वच्छता और संक्रमण-निरोधी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यपालक अभियंता (विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चास/तेनुघाट) को संभावित तूफान से पहले विद्युत उपकरणों की मरम्मत और आपूर्ति बनाए रखने को कहा गया है।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निर्देश मिला है कि क्षतिग्रस्त संयंत्रों की मरम्मत कर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवश्यक खाद्यान्न एवं राहत सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखने का आदेश दिया गया है।

प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) और अंचल अधिकारियों (सीओ) को अपने क्षेत्रों का सघन दौरा कर संभावित प्रभावित क्षेत्रों की पहचान करने तथा जरूरतमंदों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए कहा गया है।

उपायुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और केवल जिला प्रशासन या मौसम विभाग की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। आपात स्थिति में नागरिक जिला नियंत्रण कक्ष या नजदीकी थाना/ब्लॉक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# सांसद ढुल्लू महतो ने की अक्षय नवमी की पूजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने गुरुवार को अक्षय नवमी के अवसर पर भाजपा नेता मुकेश पांडेय के आवास पर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। सांसद ने पूजा कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद स्वरूप खिचड़ी ग्रहण की। इस दौरान सांसद महतो ने कहा कि अक्षय नवमी एक पवित्र और अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। मैं हर वर्ष इसी दिन मुकेश पांडेय के आवास पर आकर पूजा करता हूं। ईश्वर की कृपा और जनता के आशीर्वाद से आज धनबाद के सांसद के रूप में सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद भी उन्होंने इस परंपरा को बरकरार रखा है और इस बार भी श्रद्धाभाव से पूजा में शामिल हुए हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। वहीं, भाजपा नेता मुकेश पांडेय ने बताया कि अक्षयनवमी के अवसर पर हर वर्ष यह पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है,

# बीएसएल की स्क्रैप प्रबंधन एवं स्वच्छता के क्षेत्र में अनुकरणीय पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट का मेटेरियल रिकवरी विभाग (एमआरडी) संयंत्र में संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग तथा इस्पात उत्पादन के लिए आवश्यक स्क्रैप की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। मेटेरियल रिकवरी विभाग संयंत्र के विभिन्न विभागों से स्क्रैप एकत्र कर उसका प्रसंस्करण करता है तथा उसे स्टील मेल्टिंग शॉप्स (एस.एम.एस.) को आपूर्ति करता है जहाँ यह स्टील उत्पादन की प्रक्रिया में उपयोग होता है। इस प्रकार एमआरडी विभाग न केवल उत्पादन प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने में सहायक है, बल्कि संसाधनों के कुशल एवं पुनर्नवीनीकरण उपयोग को भी प्रोत्साहित कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में स्क्रैप की उपलब्धता इस्पात उद्योग के लिए एक प्रमुख चुनौती के रूप में उभरी है। ऐसे समय में, बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के मार्गदर्शन में आरंभ की गई एक नवाचारपूर्ण पहल के अंतर्गत विभिन्न विभागों से स्क्रैप एकत्रीकरण एवं उसका उचित निपटान किया जा रहा है. इस पहल से न केवल संयंत्र के विभिन्न विभागों में स्वच्छता एवं हाउसकीपिंग के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, बल्कि स्क्रैप प्रबंधन प्रक्रिया भी अधिक संगठित एवं पारदर्शी बनी है।

इस प्रयास के फलस्वरूप, स्टील मेल्टिंग शॉप्स हेतु स्क्रैप की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे उत्पादन प्रक्रिया और अधिक संतुलित बनी है। साथ ही, संयंत्र परिसर की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। यह पहल रखरखाव कार्यों के दौरान उत्पन्न स्क्रैप की व्यवस्थित पहचान और संग्रहण को प्रोत्साहित करते हुए स्क्रैप की कमी को दूर करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। यह पहल न केवल स्क्रैप की कमी की चुनौती का समाधान प्रस्तुत कर रही है, बल्कि वेस्ट टू वेल्थ के सिद्धांत को भी सशक्त बना रही है, जहाँ प्रत्येक अवशिष्ट सामग्री को एक मूल्यवान संसाधन के रूप में पुनः उपयोग में लाया जा रहा है।

बोकारो स्टील प्लांट की यह पहल संचालन दक्षता, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित कर रहा है, जो विकसित भारत के निर्माण में बीएसएल के योगदान को और अधिक सशक्त बना रहा है।

# डीवीसी में शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने ली सतर्कता जागरूकता की शपथ




**चंद्रपुरा (बोकारो)।** दामोदर घाटी निगम चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन व सतर्कता विभाग द्वारा मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत डीवीसी के जमा 2 विद्यालय में शिक्षकों और छात्रों ने सतर्कता जागरूकता की शपथ ली और छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में प्राचार्य मूल्य सिंह सरदार, अर्चना कुमारी, सुप्रिया रानी, निशि प्रिया, रंजीत कुमार निराला, पंकज कुमार, भुनेश्वर महतो, नेमधारी महतो, अमर कुंडू, विकास उरांव आदि शिक्षकों एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

मौके पर डीवीसी जमा दो उच्च विद्यालय, डी वी सी प्रथम मिडिल स्कूल और डी वी सी द्वितीय मिडिल स्कूल के इच्छुक छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भी भाग लिया है। इस अवसर पर चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन के सतर्कता विभाग द्वारा 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य तथा मासिक धर्म स्वच्छता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कसमार (बोकारो)। कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत अंतर्गत भवानीपुर गांव में सहयोगिनी संस्था द्वारा महिलाओं और किशोरियों के लिए यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य तथा मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की शारदा कुमारी ने प्रतिभागियों को प्रजनन स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व तथा मासिक धर्म स्वच्छता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का पालन न करने से संक्रमण और कई स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, इसलिए सही जानकारी और जागरूकता आवश्यक है।

इस दौरान किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलाव, संक्रमण से बचाव, स्वच्छता उत्पादों के उपयोग और प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित सामान्य समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने बेझिझक प्रश्न पूछे और अपने अनुभव साझा किए।संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था द्वारा कसमार प्रखंड के दुगार्पुर, बगदा, खैराचातर और टांगटोना पंचायतों के 19 गाँवों में किशोरी एवं युवा महिला समूह बनाकर उनकी नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन समूहों के माध्यम से महिलाओं और किशोरियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा रहा है। संस्था की एनिमेटर संगीता देवी ने बताया कि संस्था बगदा पंचायत में किशोरी और महिला समूहों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समूहों के माध्यम से किशोरियों के जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता को विकसित किया जा रहा है, ताकि वे हिंसा और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठा सकें और अपने अधिकारों के प्रति सजग बन सकें। उन्होंने बताया कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। बाल विवाह के कारण लड़कियों को गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं, शिक्षा और कौशल विकास से वंचित होना पड़ता है। इसलिए समाज में सभी को मिलकर इस कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलानी आवश्यक है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और किशोरियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण ने उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं।

# यातायात पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए धनबाद पुलिस ने गुरुवार को जिले भर में ट्रैफिक नियमों को सख्ती से पालन करने के लिए विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में सिटी सेंटर चौक और सरायडेला मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों वाहन चालकों का चालान काटा गया। कई दोपहिया चालकों को बिना हेलमेट चलने, वाहन कागजात अधूरे होने और अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर दंडित किया गया। डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि लोगों से लगातार अपील की जा रही है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें। ऐसा करने से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि अपनी और दूसरों की भी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के सितम्बर माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आर एम पी बिभाग के नरेंद्र कुमार, ब्लास्ट फर्नेस के सपन कुमार, एस एम एस- सी सी एस के संगम कुमार, हॉट स्ट्रिप मिल के शैलेंद्र सिंह गंगवार, सी आर एम-के मुक्तेश्वर रजक, सीईडी के कुमार अनुपम, हैवी मेंटेनन्स-मैकेनिकल के राजेश चौधरी तथा सीएसआर विभाग के संतोष कुमार के साथ कुल आठ (08) कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में अधिशासी निदेशक(मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरन के साथ संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक,




विभागाध्यक्ष सहित मानव संसाधन के वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों के अलावा नित नई चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा जुनून के साथ काम काम करते हुए विकास की गति को बनाये रखना चाहिए।

अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनका योगदान अति सराहनीय है तथा प्रत्येक चुनौतिपूर्ण काम को करने के समय यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि सुरक्षा सर्वोपरि है। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग के सहायक प्रबंधक प्रगति के द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन सीबिल सिंह, सहायक प्रबंधक ने किया।

# बंद घर से लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** चिराचास थाना क्षेत्र में बंद घर से चोरों ने लगभग 60 लाख रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। आधा दर्जन चोर घटना शामिल थे। चोरों की करतूत सीसीटीवी में कैद हुई है। चोरों ने एक बार फिर से बंद घर को निशाना बनाया है। घर में रखें लगभग 60 लाख के जेवरात और नकदी की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना चिराचास थाना क्षेत्र के वास्तु विहार फेस 4 की है। छठ मनाने बिहार गए सुशील कुमार के घर को आधा दर्जन चोरों ने निशान बनाते हुए घर के गेट का ताला तोड़कर अंदर में घुसे। चोर घंटो घर के अंदर रहे। अलमीरा में रखे लगभग 700 से 800 ग्राम सोना, 2 ढाई किलो चांदी और 2 लाख रुपये नकदी की चोरी कर ली। घटना की जानकारी पड़ोसी ने कल सुशील कुमार को दी उस समय वे बिहार के मुंगेर से बोकारो लौट रहे थे। सुशील कुमार देर रात अपने घर पहुंचे और आज थाने में जाकर इसकी लिखित शिकायत की। थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर जायज भी लिया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि छठ के दौरान लगभग आधा दर्जन घरों का ताला चोरों ने तोड़ने का काम किया है। चोरों की हरकत सीसीटीवी में भी कैद हुई है।

## डिजिटल बिजली मीटर बना सिरदर्द

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के एल.एच. कॉलोनी में बिजली उपभोक्ताओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है। यहां लगाए गए डिजिटल बिजली मीटर अब लोगों के लिए सरदर्द बन गए हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मीटर बदलने के बाद बिजली बिल अत्यधिक बढ़ गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल
फोन नंबर: 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com